kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-256 ❒ रविवार, 19 अक्टूबर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



मूल्यों के रक्षण की जरूरत हम सबके सामने है। चारित्रिक पतन भोगवाद की तरफ ले जा रहा है। हमें प्रयास करना होगा कि सही दिशा में उत्थान के मार्ग पर चलें, इसके लिए ऊर्ज़ा और संतों के आशीर्वाद दोनों की आवश्यकता होगी।

भैयाजी जोशी

नाराज झामुमो ने की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा 11

मुख्यमंत्री धामी ने किया भाजपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन 12

# अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में : राजनाथ

## रक्षामंत्री और योगी ने ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस को 'भारत की बढ़ती स्वदेशी ताकत का प्रतीक' बताते हुए पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अब उसकी एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है।

लखनऊ में शनिवार को राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस की स्थानीय इकाई से निर्मित सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों के प्रथम बैच को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि धनतेरस के शुभ अवसर पर चार मिसाइलों की डिलीवरी के साथ भारत की रक्षा क्षमता और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाला यह कदम न केवल सैन्य सफलता का, बल्कि आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन का भी प्रतीक है।

उन्होंने कहा यह मेरे लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि आज लखनऊ में ब्रह्मोस की स्टेट-ऑफ-द-आर्ट बूस्टर बिल्डिंग का लोकार्पण हो रहा है। अभी थोड़ी ही देर पहले इसी प्रांगण में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण करने का भी मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ। रुद्राक्ष को तो हम रूद्र, यानी भगवान महादेव का अंश मानते हैं। मेरी महादेव से यही प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद इस अत्याधुनिक सुविधा पर और हम सभी देशवासियों पर सदा बना रहे। ङ्क

श्री सिंह ने लखनऊ की जनता को बधाई देते हुए कहा ल्ल लखनऊ मेरे लिए केवल संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि मेरी आत्मा में बसने वाला शहर है। राज्य और राजधानी के तीव्र विकास को देखकर जो संतोष और गर्व की अनुभूति होती है, वह आज इस रक्षा क्षेत्र से जुड़ी उपलब्धि के कारण और भी गहरी हो गई है। राजनाथ सिंह ने कहा 11 मई 2025 को इस आधुनिक सुविधा का उद्घाटन हुआ था और मात्र पांच महीनों में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप तैयार होकर डिलीवर हो रही है। मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि जिस गति और दक्षता से यह कार्य पूरा हुआ है, वह केवल रिकॉर्ड ही नहीं, बल्कि लखनऊ और उत्तर प्रदेश की विश्वसनीयता का भी प्रमाण है। आज ब्रह्मोस की विश्वसनीयता के साथ-साथ लखनऊ की पहचान भी और अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए हर संभव सहयोग और समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा करीब 200 एकड़ में फैली हुई है और लगभग 380 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है। पीक टाइम पर सैकड़ों लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि अनुमान है कि यहां से प्रतिवर्ष लगभग 100 मिसाइल सिस्टम थलसेना, वायुसेना और नौसेना को उपलब्ध कराए जाएंगे। अगले वित्तीय वर्ष में इस इकाई का टर्नओवर 3,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा, जो 500 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व उत्पन्न करेगा।

रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस की क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्रह्मोस सिर्फ एक मिसाइल नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती स्वदेशी ताकत का प्रतीक है। यह परंपरागत वॉरहेड, उन्नत गाइडेड सिस्टम और सुपरसोनिक गति के साथ लंबी दूरी तक सटीक प्रहार करने में सक्षम है। गति, सटीकता और शक्ति का यह अनूठा संयोजन ब्रह्मोस को विश्व की सर्वश्रेष्ठ मिसाइल प्रणालियों में शुमार करता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि ब्रह्मोस आज भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना की रीढ़ बन चुका है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आज का अवसर केवल एक लॉन्चिंग इवेंट नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देने वाला क्षण है कि भारत अपने सपनों को ● शेष पेज 11 पर



## आत्मनिर्भर भारत अब केवल एक विचार नहीं, बल्कि साकार होती हकीकत: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अब केवल एक विचार नहीं, बल्कि साकार होती हकीकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत अब अपने रक्षा उत्पादन में दुनिया के सामने आत्मविश्वास से खड़ा है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ब्रह्मोस एयरोस्पेस परिसर में पीटीसी इंडस्ट्रीज का सिंबोलिक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ऑफ सिस्टम इंटीग्रेशन फैसिलिटी कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में अद्भुत प्रगति की है। आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। रक्षा क्षेत्र में भी जो सपना प्रधानमंत्री ने 11 वर्ष पहले देखा था, वह आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में साकार होता दिख रहा है।

उन्होने कहा कि भारत, जो कभी अपनी रक्षा जरूरतों के लिए अन्य देशों पर निर्भर था, अब न केवल अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है बल्कि मित्र देशों की भी रक्षा आपूर्ति में सहयोगी बन चुका है। यह आत्मनिर्भरता का प्रतीक ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजन का भी बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि पीटीसी इंडस्ट्रीज ने जिस समर्पण और तकनीकी कौशल के साथ लखनऊ नोड पर स्ट्रैटेजिक मैटेरियल टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स स्थापित किया है, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत अब रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में निजी क्षेत्र के सहयोग से भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां स्ट्रैटेजिक मैटेरियल के उत्पादन से लेकर रेडी-टू-फिट क्रिटिकल कंपोनेंट तक, संपूर्ण सप्लाई चेन की क्षमता विकसित हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में ब्रह्मोस के साथ-साथ पीटीसी इंडस्ट्रीज ने 50 एकड़ में 1000 करोड़ रुपये का निवेश कर अपने संकल्प को धरातल पर उतारा है। यह केवल रक्षा आपूर्ति का केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और देश के ब्रेन ड्रेन को रोकने का माध्यम भी बना है। उन्होंने कहा कि डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के सभी छह नोड्स लखनऊ, कानपुर, आगरा, झांसी, अलीगढ़ और चित्रकूट पूरी क्षमता के साथ कार्यरत हैं। हमारे पास पर्याप्त भूमि बैंक है, तकनीकी सहयोग के लिए आईआईटी और एकेटीयू जैसे संस्थान हमारे साथ हैं। योगी ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस की प्रगति को भारत के शताब्दी संकल्प से जोड़ते हुए कहा कि यह वही आत्मविश्वास है जो प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत' के विजन के तहत दिखाया था। आज भारत अपने एयरो इंजनों और एडवांस प्रोपेल सिस्टम का निर्माण खुद करने की दिशा में अग्रसर है। यह सिर्फ ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पुलिस मुठभेड में एक लाख का ईनामी बदमाश ढेर

**शामली।** उत्तर प्रदेश में शामली जिले के कांधला क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद एक लाख के ईनामी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर नफीस को मार गिराया। बदमाश की गोली से कांधला थाना प्रभारी भी बाल-बाल बच गए। उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी है, हालांकि नफीस का एक अन्य साथी भागने में कामयाब हो गया। मारे गए बदमाश पर बदमाश पर लूट, गैंगेस्टर, जानलेवा हमले व नकदी करेंसी सहित 34 मुकदमें दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार को कांधला की भभीसा चौकी पर पुलिस संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान बाइक पर दो संदिग्ध लोग आते नजर आए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी तथा भागने लगे। पुलिस ने भी बदमाशों का पीछा करते हुए फायरिंग की जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस घायल बदमाश को तुरंत उपचार के लिए चिकित्सालय लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत बदमाश की पहचान कांधला के मौहल्ला खैल निवासी नफीस के रूप में हुई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, सीओ कैराना श्यामसिंह भी मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि मारे गए बदमाश नफीस कांधला थाने का हिस्ट्रीशीटर था। उस पर 34 मुकदमे दर्ज थे। उसके कब्जे से बाइक, पिस्टल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए। एसपी ने बताया मुठभेड़ के दौरान बदमशो की तरफ से फायरिंग में कांधला थाना प्रभारी सतीश कुमार बल बल बचे हैं। उनकी बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी है।

### कई वस्तुओं पर जीएसटी कटौती से कहीं ज्यादा मिल रहा लाभ: सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि एक-दो सामानों को छोड़कर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में की गयी कटौती का पूरा लाभ आम लोगों को मिल रहा है और कई वस्तुओं की कीमतों में कटौती से भी अधिक कमी आयी है। श्रीमती सीतारमण ने यहां 'जीएसटी बचत उत्सव प्रेस वार्ता' में बताया कि वित्त मंत्रालय को जोनल कार्यालयों से जमीनी स्तर की जो जानकारी मिल रही है, उसके आधार पर वह कह सकती हैं कि एक-दो वस्तुओं को छोड़कर सभी पर जीएसटी में कमी का पूरा लाभ ग्राहकों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय 54 वस्तुओं की कीमतों की निगरानी कर रही है। वित्त मंत्री ने बताया कि शैम्पू, सोलर कुकर, क्लिनिकल डायपर, टेलकम पाउडर आदि की कीमतों में वास्तव में दरों में की गयी कटौती से अधिक की कमी आयी है। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी वस्तुएं हैं जिनमें लागत पर जीएसटी की दर उत्पाद पर जीएसटी की दर से अधिक है और ऐसे में कुछ कम लाभ मिल सकता है, जिस पर काम चल रहा है।

## झुग्गी-झोपड़ी वाले 60 किस्तों में, बाकी 12 किस्तों में देंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दाम

❒ ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा के निर्देश के बाद पावर कॉरपारेशन ने जारी किए आदेश

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दाम एकमुश्त लिए जाने में उपभोक्ताओं को आ रही दिक्कत को देखते हुए किस्तों में वसूली के आदेश पावर कॉरपोरेशन ने जारी कर दिए हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पावर कॉरपोरेशन को इस संबंध में किस्तों में दाम लेने के निर्देश दिए हैं। पावर कॉरपोरेशन ने इसके आधार पर शनिवार को जारी आदेश में कहा है कि नए कनेक्शन स्मार्ट प्रीपेड मीटर के साथ ही दिए जा रहे हैं। जो लोग मीटर का दाम एकमुश्त जमा करना चाहते हैं, वे एकमुश्त दे सकते हैं। वहीं, उपभोक्ताओं को किस्तों में मीटर के दाम देने का विकल्प दिया जाएगा।

झुग्गी-झोपड़ी व पटरी दुकानदार अगर नया बिजली कनेक्शन लेते हैं, तो वे 150 रुपये प्रति माह की दर से 60 माह तक किस्तों में मीटर का मूल्य चुका सकेंगे। अगर वे कनेक्शन के समय 1000 रुपये का भुगतान कर देते हैं तो उन्हें 125 रुपये प्रतिमाह की दर से 60 माह तक किस्तों में दाम अदा करने का विकल्प दिया जाएगा। वहीं, झुग्गी-झोपड़ी और पटरी दुकानदारों के अतिरिक्त बाकी उपभोक्ता 12 किस्तों में भुगतान कर सकेंगे। इसपर 12.50% का स्थानांतरित बकाया शुल्क भी वसूला जाएगा।

कॉरपोरेशन ने किस्तों में वसूली के आदेश तो दे दिए हैं, लेकिन दूसरी तरफ नियामक आयोग ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के दामों की वसूली को अवमानना माना है। अब कॉरपोरेशन के पास दो ही विकल्प हैं कि वह या तो आयोग के निर्णय तक स्मार्ट प्रीपेड मीटरों का दाम न वसूले। अगर वसूली जारी रहती है तो आयोग के अंतिम निर्णय के मुताबिक आगे का फैसला होगा। अगर कॉरपोरेशन वसूली के आदेश निरस्त नहीं करता है तो किस्तों में शुल्क लेने का फैसला आयोग की रोक तक जारी रहेगा।

## गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग, तीन जरनल कोच क्षतिग्रस्त

एजेंसी

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर से बिहार के सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन में शनिवार सुबह सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास आग लग गयी, जिसके कारण तीन जरनल कोच क्षतिग्रस्त हो गये।

ट्रेन की 19 नंबर वातानुकूलित बोगी में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। इसमें लुधियाना के भी कई व्यापारी सफर कर रहे थे। सरहिंद रेलवे स्टेशन से अंबाला की ओर जा रही ट्रेन एक डिब्बे से धुआं निकलने पर उसे को रोक दिया गया। देखते ही देखते आग ट्रेन के तीन डिब्बों में फैल गयी। बोगी नंबर 19 में सवार एक यात्री ने आग लगते ही ट्रेन की चेन खींच दी। इससे ट्रेन रुक गयी। इसके बाद बोगी में सवार यात्री अपना सामान छोड़कर तुरंत नीचे उतरे। अफरातफरी के बीच ट्रेन से उतरने में कई यात्रियों को चोटें आयी हैं। कुछ यात्री अपने बच्चों के साथ सफर कर रहे थे। यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से बाहर



निकाल लिया गया। हादसे में किसे के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही रेलवे, फायरबिग्रेड और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग में बोगी नंबर 19 पूरी तरह चल गया। 18 नंबर बोगी को भी नुकसान पहुंचा है। जली हुई बोगी को अलग करने के बाद ट्रेन को तीन घंटे बाद अंबाला के लिए रवाना किया गया। सरहिंद जीआरपी एसएचओ रतन लाल ने बताया कि जैसे ही ट्रेन के एक डिब्बे से धुआं निकलता देखा गया, ट्रेन रोक दी गयी और कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने से तीन डिब्बे क्षतिग्रस्त हुए हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। रेल मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि पंजाब के सरहिंद स्टेशन पर आज सुबह ट्रेन संख्या 12204 अमृतसर-सहरसा के एक डिब्बे में आग लग गयी। आग बुझा दी गयी है। एक यात्री मामूली रूप से जख्मी हुआ है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अंबाला मंडल रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिये गये हैं। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आयी है। इस घटना का असर कई अन्य ट्रेनों पर भी पड़ा है। अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस, गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, दिल्ली इंटरसिटी, और जालंधर इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के संचालन में देरी हुई। फतेहगढ़ साहिब के पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि सुबह फतेहगढ़ साहब पुलिस के कंट्रोल रूम पर एक सूचना आयी थी की ट्रेन को आग लगी है। ● शेष पेज 11 पर

## अफगानिस्तान में पाकिस्तानी हमलों में तीन क्रिकेटरों सहित आठ की मौत

काबुल। अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में शुक्रवार रात पाकिस्तानी हवाई हमलों में तीन स्थानीय क्रिकेटरों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। सुरक्षा अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सदस्यों के अनुसार उरगोन जिले में यह हवाई हमला शुक्रवार देर रात हुआ जिसमें सात अन्य लोग घायल हो गये हैं। खिलाड़ियों की पहचान कबीर, सिघबतुल्लाह और हारून के रूप में की गयी है। बोर्ड के अनुसार जब यह हमला हुआ, तब खिलाड़ी प्रांतीय राजधानी शरण में एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलकर घर लौट रहे थे। बोर्ड ने एक बयान में इन मौतों को अफगानिस्तान के खेल समुदाय के लिए एक 'बड़ी क्षति' बताया और पीड़ितों के परिवारों और टीम के साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त की। एसीबी ने शोक और विरोध के प्रतीक के रूप में नवंबर के अंत में होने वाली आगामी टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से हटने की घोषणा की है, जिसमें पाकिस्तान भी शामिल था। यह हमला दोनों देशों के बीच विशेष रूप से पक्तिका और खोस्त प्रांतों में ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश-2047 विज़न डॉक्यूमेंट्स तैयार करने में जुटी हैं 12 टीमें

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के लिए विकसित उत्तर प्रदेश-2047 विज़न दस्तावेज़ तैयार करने के प्रयासों में तेज़ी ला दी है। अधिकारियों की मानें तो मसौदा एक या दो हफ़्ते में तैयार हो जाएगा और उसके बाद दिसंबर के अंत तक अंतिम दस्तावेज़ तैयार करने के लिए आगे परामर्श शुरू होगा।

शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दस्तावेज़ में शामिल किए जाने वाले बड़ी संख्या में सुझावों का मूल्यांकन करने के लिए कम से कम 12 टीमें लगभग चौबीसों घंटे काम कर रही हैं। राज्य सरकार को 36 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं, और टीमों को प्रतिदिन 12 क्षेत्रों से तीन से पाँच सुझावों सहित 50-60 सुझावों को छाँटना है। साथ ही और सुझाव प्राप्त करने के प्रयास जारी हैं। राज्य सरकार राज्य स्तर पर पाँच सर्वश्रेष्ठ सुझावों के साथ-साथ प्रत्येक ज़िले से तीन सर्वश्रेष्ठ सुझावों को पुरस्कृत करने का काम करेगी। उत्तर प्रदेश



सरकार का लक्ष्य राज्य को देश की शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाना है और इसके लिए विभिन्न अल्पकालिक (4 से 5 वर्ष), मध्यम अवधि (10 वर्ष) और दीर्घकालिक (2047) उद्देश्यों पर काम किया जा रहा है। सरकार ने पहले ही 2029-30 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने और 2047 में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के अनुमानित आकार के लगभग छठे हिस्से तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्य ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 12 क्षेत्रों की पहचान की है। इनमें कृषि और संबद्ध क्षेत्र, पशुपालन, औद्योगिक विकास, आईटी और उभरती प्रौद्योगिकियाँ, पर्यटन, शहरी और ग्रामीण विकास क्षेत्र, बुनियादी ढाँचा, संतुलित विकास, ● शेष पेज 11 पर

## अयोध्या दीपोत्सव-2025 एक बार फिर से रचेगा इतिहास, बनेंगे दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

# 1,100 ड्रोन आसमान में उकेरेंगे रामायण की छवियां

❒ राम दरबार, रामायण के सात कंड और वानर सेना

❒ 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग, म्यूजिकल ग्रीन फायर क्रैकर्स शो

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव 2025 का 9वां संस्करण एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार है। भगवान राम के आगमन की ख़ुशी में राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर एक साथ 26 लाख 11 हजार 101 दीपों का प्रज्ज्वलन अविस्मरणीय होगा। सरयू तट पर 2100 वेदाचार्यों द्वारा महाआरती और मंत्रोच्चार रामनगरी में नई ऊर्ज़ा का संचार करेगी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'वर्ष 2017 में जब पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से इस आयोजन का प्रारंभ हुआ था, तब अयोध्या में लगभग 01.71 लाख दीपक जलाए गए थे। इस दीपोत्सव भी हम अयोध्या में 26 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाने की ओर अग्रसर हैं।

पर्यटन मंत्री ने विश्वास जताया कि पर्यटन विभाग पहली बार आगंतुकों को ऑफलाइन और ऑनलाइन यात्रा सुविधा भी उपलब्ध करवा रहा है। यूपीएसटीडीसी ने अयोध्या जाने वालों के लिए एक दिवसीय यात्रा पैकेज शुरू किया। इसी प्रकार, दीपोत्सव एआर ऐप और दिव्य अयोध्या ऐप जैसे अभिनव प्रयोग ने दुनिया के कोने-कोने में बैठे लोगों को भी दीपोत्सव-2025 का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान किया है। दीपोत्सव-2025 में अयोध्या दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का साक्षी बनेगा। पहला रिकॉर्ड 26, 11, 101 दीपों के प्रज्वलन से, जबकि दूसरा सरयू घाट पर 2,100 वेदाचार्यों और प्रबुद्ध जनों द्वारा महाआरती के जरिए स्थापित किया जाएगा।

दीपोत्सव-2025 को और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से



'मेक इन इंडिया 1,100 ड्रोन अयोध्या के आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत करेंगे। स्वदेशी ड्रोन रामायण के विभिन्न प्रसंगों को आकाश में प्रस्तुत करेगा, जिनमें 'जय श्रीराम', धनुषधारी श्री राम, संजीवनी पर्वत उठाए हनुमान, रामसेतु और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर जैसी मनमोहक आकृतियां शामिल होंगी। दीपोत्सव-2025 में भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों की झलक भी दिखाई देगी। राम दरबार के स्वरूपों का प्रतीकात्मक अवतरण, भरत मिलाप का भावनात्मक क्षण तथा राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का अलौकिक दृश्य कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहेंगे। पहली बार 100 बच्चों की वानर सेना नगाड़ों की गूंज और जयघोषों के बीच भगवान श्रीराम की भव्य रथयात्रा में सम्मिलित होंगे। रामायण के सात कंड (बालकंड, अयोध्या कंड, अरण्य कंड, किष्किंधा कंड, सुंदर कंड, लंका कंड, उत्तर कंड) को प्रदर्शित करती मनमोहक झांकियां दर्शकों को विशेष आकर्षित करेंगी। पर्यटन विभाग की ओर से सरयू तट स्थित राम की पैड़ी पर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए मनमोहक 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो, आकर्षक प्रोजेक्शन मैपिंग, भव्य हाइड्रोलिक स्क्रीन और शानदार वाटर टैब्लो की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही 100 कलाकारों की टीम सजीव मंचन के माध्यम से श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित सांगीतिक, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देगी। संस्कृति विभाग की ओर से दीपोत्सव के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में देश-विदेश के कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से रामनगरी को मंत्रमुग्ध करेंगे। राम कथा पार्क में आयोजित इस भव्य संध्या में विविध राज्यों और देशों की लोक एवं शास्त्रीय परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में मणिपुर का रास और गोटीपुआ नृत्य, केरल की कथकली, नेपाल, उत्तराखंड और श्रीलंका की रामलीलाएं, सहारनपुर की ● शेष पेज 11 पर

# गोपाल विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर जताया रोष

**एक सप्ताह के भीतर नही हुई गिरफ्तारी तो पूर्व पीएम के लड़के बात करेंगे डीजीपी से विद्यालय के छात्र संस्कार शुक्ला का जाना कुशलक्षेम, परिजनों को दिया ढाढ़स**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव, प्रयागराज। 13 अक्टूबर सोमवार को विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र संस्कार शुक्ला जिस पर विद्यालय से घर जाते समय सेमरी मोड़ पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। छात्र तथा परिजनों से गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव प्रयागराज प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने उनके घर जाकर छात्र का कुशलक्षेम जाना और परिजनों से मुलाकात कर उनको ढाढ़स बंधाया। ज्ञात हो कि उपरोक्त मामले में अभी तक पुलिस के द्वारा न तो मामले का खुलासा किया जा सका है और न ही अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। अभी तक पुलिस अंधेरे में ही हाथ पैर चला रही है। घायल छात्र के दादा सूर्य नारायण शुक्ल ने बताया कि पूर्व में ही उनके परिवार को धमकी मिल चुकी है, जिसकी लिखित सूचना उनके द्वारा दी गई थी, किन्तु इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। घटना के बाद भी लिखित तहरीर दिए जाने बाद पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर सकी।जिससे पुलिस की कार्य प्रणाली संदेह के दायरे में है। विद्यालय प्रबंध समिति उपाध्यक्ष रुद्र नारायण वाजपेई ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर रोष जताते हुए कहा कि अपराधियों को गिरफ्तार करने के बजाय पुलिस ने छात्रों को परीक्षा के दौरान अनावश्यक रूप से परेशान किया, जो कि निन्दनीय था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पुलिस अधिकारी द्वारा विद्यालय की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया जो कि घोर निन्दनीय है।

साथ ही इस सम्पूर्ण प्रकरण की जानकारी गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव प्रयागराज के प्रबंधक राजा अजेय सिंह पुत्र स्व विश्वनाथ प्रताप सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री भारत सरकार ) को दी गई जिसपर उन्होंने घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस के द्वारा 7 दिन के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो छात्र को न्याय दिलाने के लिए पुलिस महानिदेशक लखनऊ उत्तर प्रदेश से बात की जाएगी। इस मामले में कोराव पुलिस ने एक ज्ञात दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजिकृत किया है गिरफ्तारी के लिए निरन्तर प्रयास जारी है।

## तेज़ रफ़्तार पिकअप ने दो को रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर

गोरखपुर। सहजनवाँ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज़ रफ़्तार पिकअप ने सड़क किनारे पैदल जा रहे दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पाकर घघसरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और दोनों घायलों को ठर्रापार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। वहाँ मौजूद चिकित्सकों ने ग्राम चाँदबारी निवासी जितेन्द्र दुसाद के 16 वर्षीय पुत्र गौरव दुसाद को जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक गौरव स्थानीय विद्यालय में हाई स्कूल का छात्र था।दूसरे घायल युवक की पहचान जनपद संतकबीरनगर के बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम शिवापार निवासी घुरघुर के 18 वर्षीय पुत्र राजदीप के रूप में हुई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गम्भीर स्थिति देखते हुए उसे जिला अस्पताल, गोरखपुर रेफ़र कर दिया।मृतक गौरव दो भाइयों और एक बहन में मंझिला था। उसके पिता असम राइफल्स में हवलदार पद पर तैनात हैं। बेटे की मौत की ख़बर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पुलिस ने पिकअप वाहन को कब्ज़े में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जवंती देवी स्कूल की छात्राओं ने बनाया रंगोली

**प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ला ने, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम माता सीताजी और लक्ष्मण का माल्यार्पण कर स्वागत किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। जदीपोत्सव के पावन पर्व के अवसर पर रजवंती देवी पब्लिक स्कूल के बच्चों का उमंग चरम पर है बच्चों ने रंगोलिया बनाकर व दीप जलाकर भगवान राम अयोध्या आगमन का उत्सव पूरे उमंग जोश और उत्साह से मनाया भगवान राम सीता और लक्ष्मण तथा हनुमान जी के साथ अत्याचारी दुष्ट अनाचारी रावण का संहार करके अयोध्या वापस आते हैं का मंचन भी किया और फूल माला बरसा करके उनका स्वागत किया ।

प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ला ने, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम माता सीताजी और लक्ष्मण का माल्यार्पण कर स्वागत किया और सभी बच्चों को मिठाइयां बांटकर दीपावली की खुशी मनाएं रंगोली बनाने वालों में अदिति सिंह अनन्या सिंह अंशिका शाह श्रेया सोनकर सिद्र बानो साहिब बानो फिजा खातून अंशिका वर्मा श्वेता वर्मा आदि छात्राएं कड़ी मेहनत करके रंगोली तैयार की, बच्चों के इस उत्साह वर्धन में प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति तिवारी माहेश्वरी तिवारी शीला पाल सुषमा शुक्ला सोनम और शकील ने अपना-अपना सहयोग दिया अंत में प्रबंधक नेसभी को दीपावली की बधाइयां और शुभकामनाएं दी।

## दीपावली त्योहार पर चिकित्सीय ब्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रमुख अधीक्षक ने लगाई डॉ की ड्यूटी

कोराव, प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के प्रमुख अधीक्षक ने दीपावली पर्व पर चिकित्सीय ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए कुल 18 डॉ की ड्यूटी अलग अलग पाली में 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक के लिए लगाया गया है जिससे आने वाले रोगी को इलाज मुहैया होने में कोई परेशानी न उठाना पड़े उनको समुचित इलाज मुहैया हो सके यह पहल बहुत अच्छा रहा इससे आम लोगो मे स्वाथ्य देखभाल के प्रति अच्छा संदेश पहुचेगा।

## नि:शुल्क इलेक्ट्रानिक कृत्रिम हाथ वितरण कार्यक्रम 16 एवं 17 नवम्बर को होगा आयोजत

प्रयागराज । रोटरी इलाहाबाद मिड टाउन एवं इनाली फाउण्डेशन के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क इलेक्ट्रानिक कृत्रिम हाथ वितरण कार्यक्रम** का आयोजन 16 एवं 17 नवम्बर, 2025 को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ऐसे दिव्यांगजन जिनके हाथ कोहनी के नीचे से कटे हुए हैं, उन्हें निःशुल्क इलेक्ट्रानिक कृत्रिम हाथ प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक लाभार्थी 25 अक्टूबर, 2025 तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर एवं चेहरे सहित दोनों हाथों का फोटोग्राफ व्हाट्सएप नम्बर 9021175135 या 8400851113 पर भेजना होगा।

## सर्विलांस सेल 135 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को किया सुपुर्द

प्रयागराज । सर्विलांस सेल नगर पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 135 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया, जिनकी कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है। वहीं, धनतेरस और दीपावली पर्व को लेकर पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने शहर के प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर पैदल मार्च कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया तथा पटाखा बिक्री केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा के दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही साइबर क्राइम थाना प्रभारी अनिल वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने ?38 लाख की ऑनलाइन ठगी करने वाले दो आरोपितों – प्रदीप सिंह और कर्नल सिंह – को गिरफ्तार किया, जो ग्राहक के खाते में अपना मोबाइल नंबर जोड़कर फ्रॉड करते थे।

## बैंक से पैसे निकाल कर घर जा रहे युवक से बदमाशों ने छीने डेढ़ लाख

प्रयागराज । घूरपुर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने बैंक से पैसा निकालकर घर जा रहे एक युवक से डेढ़ लाख रुपये की छिनैती कर ली। घटना कल शाम लगभग 7 बजे की बताई जा रही है। खुलेआम हुई इस वारदात से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों को पकड़ने में नाकाम रही है। लगातार बढ़ते अपराधों को लेकर थाना प्रभारी दिनेश सिंह की पुलिसिंग पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि घूरपुर थाना क्षेत्र अपराधियों का गढ़ बनता जा रहा है और पुलिस कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

## प्रयागराज में अवैध अतिक्रमण हटाने और फसल उत्पादकता निरीक्षण की कार्रवाई

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद प्रयागराज में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है। शनिवार को जिले की विभिन्न तहसीलों में कुल छह स्थानों से अवैध कब्जे हटाए गए। तहसील सोरांव के ग्राम युसुफपुर व सेवइथ में चकमार्ग की भूमि, कोरांव के ग्राम पथरताल में चकमार्ग एवं ढेरहन में नवीन परती भूमि, मेजा के ग्राम सलैयाकलां में बंजर भूमि तथा हंडिया के ग्राम ईश्वरपुर स्थित तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सरकारी व ग्रामसभा की भूमि का नवीन सर्वे कराकर अतिक्रमण के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों की उत्पादकता के आंकलन हेतु क्रॉप कटिंग प्रयोगों का निरीक्षण किया। फूलपुर तहसील के ग्राम गोतावां में धान फसल पर किए गए प्रयोग में 47 कुंतल प्रति हेक्टेयर उत्पादकता दर्ज की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रयोग कार्य समयबद्ध और सटीक ढंग से संपन्न हों, ताकि किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

## अर्पणा हीरो एजेंसी में हुई चोरी,चोर ले गए डी वी आर समेत नगदी, पुलिस जांच में जुटी



निगोहां , लखनऊ । निगोहां कस्बे में बीते शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने अर्पणा हीरो एजेंसी में धावा बोलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एजेंसी का शटर तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अंदर रखी चैनल तथा अलमारी को भी तोड़ डाला। बताया जा रहा है कि चोर एजेंसी से नगदी समेत जरूरी दस्तावेज और डी वी आर अपने साथ ले गए, जिसमें सीसीटीवी कैमरों की फुटेज रिकॉर्ड थी। शनिवार सुबह जब एजेंसी संचालक दुकान पर पहुंचे तो टूटा शटर और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। चोरी की सूचना पर मौके पर स्थानीय लोग एकत्र हो गए। घटना की जानकारी होते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया और मौके से फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए। अनुज तिवारी थानाध्यक्ष निगोहां ने बताया कि चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही आस-पास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी गई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय व्यापारियों ने भी घटना पर आक्रोश जताया और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। कस्बे में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

# डॉ. उमर हसन बने यूपीसीए के संयुक्त सचिव

**साठ साल बाद संगमनगरी को मिला यह गौरव**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । शहर के प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. उमर मुस्तफा हसन को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा शनिवार को यूपीसीए की ओर से की गई। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन में यह पद इलाहाबाद को 1964-65 के बाद पहली बार मिला है।इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक और पांच साल उत्तर प्रदेश रणजी टीम के चयनकर्ता रहे आरपी भटनागर ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन और इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक ताहिर हसन के पुत्र डॉ. उमर मुस्तफा हसन को यह पद मिलना इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के लिए यह गर्व की बात है। साठ साल के बाद प्रयागराज के निवासी किसी व्यक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले 1964-1965 के दौरान इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के तत्कालीन सचिव स्वर्गीय डीएस पांडेय उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्यरत थे।

डॉ. उमर हसन के संयुक्त सचिव चुने जाने पर आरपी भटनागर, डॉ. सुरेश द्विवेदी, एसडी कौटिल्य, यासर हसन, डॉ. जूली ओझा, अनुराग श्रीवास्तव, नारायणजी गोपाल, सलीम अहमद, उत्पल दास, एलबी काला, डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव, सोमेश्वर पांडेय, शिशिर मेहरोत्रा, खुर्शीद अहमद आदि ने हर्ष जताया है।

# दीपावली को लेकर एसएसपी ने देखी शहर की सुरक्षा व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,बदायूँ डॉ0 बृजेश कुमार सिंह द्वारा तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय एवं प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन्स मनोज कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली प्रवीण कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक महिला थाना ज्योति सिंह मय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार दीपावली/धनतेरस के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत अपराध नियंत्रण,कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से नगर के व्यस्तम भीड़-भाड़ वाले प्रमुख स्थानो एवं मुख्य चौराहों लावैला चौक, छः सड़का,सर्राफा बाजार, मुख्य बाजार , हलवाई चौक ,आदि मुख्य जगहों पर पैदल गस्त की गयी तथा व्यापारीगण/स्थानीय लोगों से सुरक्षा के दृष्टिगत संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। दीपावली/धनतेरस के दृष्टिगत सभी पुलिस अधिकारियो को संयुक्त रुप से लगातार शहर में प्रत्येक दिन फुट पेट्रोलिग करने एवं पुलिस की सक्रियता बनाये रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । शहर में त्यौहारो के दौरान कहीं भी जाम की स्थिति न होने पाये इसके लिए प्रत्येक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस बल की ड्यूटी के साथ ही थाना पुलिस को भी तैनात रखने हेतु निर्देश दिये गये । त्यौहारो के मद्देनजर आमजनता की रात्रि में भी आवाजाही रहती है जिस कारण कोई घटना घटित न हो इसके लिए रात्रि डयूटियो एवं पुलिस मोबाइलो द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देशित किया गया । जिससे आगामी त्यौहारों को सकुशल, हर्षोल्लास और निर्बाध रूप से मनाया जा सके।

# बिहार चुनाव में स्टार प्रचारक नहीं, स्टार विभाजक बनकर गए हैं सीएम योगी : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नफरत और बांटने की राजनीति कर रही है। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो नीति पर चलती है। भाजपा पीडीए की एकता से घबराई हुई है। अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार चुनाव में स्टार प्रचारक नहीं, स्टार विभाजक बनकर गए हैं। बिहार के लोग साम्प्रदायिक लोगों को कभी नहीं स्वीकार करते हैं। शनिवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है। भाजपा बहुत बड़ी जातिवादी पार्टी हैं इस सरकार में शिक्षा विभाग, शिक्षण संस्थाओं से लेकर ट्रांसफर पोस्टिंग सब जगह भेदभाव हो रहा है। भेदभाव का झगड़ा बहुत पुराना है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां गरीब, किसान, युवा विरोधी है। बैंकों में गरीबों के जो खाते खुलवाए गये थे इस सरकार ने उनका सारा पैसा अपने पास रख लिया। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर धोखा दिया है। स्मार्टसिटी के नाम पर आया बजट लूट लिया गया है। लखनऊ में जगह-जगह कूड़ा है। नाले भरे पड़े हैं। प्रदेश में बड़े शहरों में यातायात स्थिति बेहद खराब है। हर शहर में जाम की स्थिति है। आखिर स्मार्ट सिटी का फंड कहां जा रहा है? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली सब बर्बाद कर दी हैं। बिजली का निजीकरण करने के लिए पूरी व्यवस्था को खराब कर दिया। भाजपा सरकार बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में बेचना चाहती है। इस सरकार ने अपने कार्यकाल में एक भी बिजलीघर नहीं लगाया, आज जो भी बिजली मिल रही वह समाजवादी सरकार में लगाए गए बिजली घरों से मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने बजट के लूट के अलावा कोई कार्य नहीं किया। जब समाजवादी सरकार थी तब प्रदेश का बजट करीब चार लाख करोड़ रूपये था। उस समय समाजवादी पार्टी की सरकार ने मरीजों के लिए एम्बुलेंस चलाई, डायल 100 सेवा शुरू की। विश्वस्तरीय स्टेडियम, एक्सप्रेस-वे, पार्क बनाए। छात्र-छात्राओं को लगभग लाख लैपटॉप बांटे गये, कन्या विद्याधन, समाजवादी पेंशन दी गई। जिलों का फोरलेन सड़कों से जोड़ा गया। किसानों के लिए मंडिया बनाई गयी। किसानों की सिंचाई मुफ्त की गई। सरकारी अस्पतालों में दवाई और जांचे मुफ्त की गई थी। आज प्रदेश का बजट आठ लाख करोड़ रूपये से ज्यादा का हो गया है लेकिन विकास का कोई कार्य नहीं दिख रहा है।

# फूलपुर में किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील फूलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर 03 लेखपालों–वीरेन्द्र पटेल, एकराम उल्ला, आनंद सिंह एवं राजस्व निरीक्षक नंतलाल को निलंबित तथा राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र मिश्रा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ किया जाए, यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अंतर्गत 5 महिलाओं की गोदभराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 311 प्रकरण सुनवाई हेतु आए, जिनमें से 08 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इनमें राजस्व विभाग की 199, पुलिस विभाग की 46, विकास विभाग की 20, विद्युत विभाग की 10 एवं अन्य विभागों की 32 शिकायतें शामिल थीं।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की अलग-अलग सूची बनाकर आज ही आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करें, शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर संतुष्टि सुनिश्चित करें, और ग्राम समाज की जमीनों को कब्जा मुक्त रखने पर विशेष ध्यान दें।इस दौरान अपर जिलाधिकारी नजूल संजय पाण्डेय, उपजिलाधिकारी फूलपुर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दीपावली व छठ पर्व पर नगर निगम कर्मियों को किया गया सम्मानित

**शहर की स्वच्छता के सच्चे नायक : नगर आयुक्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। नगर निगम परिसर में शनिवार को दीपावली एवं छठ महापर्व के अवसर पर नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं समस्त स्टाफ को मिठाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल और अपर नगर आयुक्त भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान नगर निगम परिवार के कर्मठ सफाई कर्मचारियों की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि ये सफाई कर्मी शहर की स्वच्छता के सच्चे नायक हैं, जो प्रतिदिन अपने परिश्रम, निष्ठा और समर्पण से गोरखपुर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनका निस्वार्थ सेवा भाव ही स्वच्छ भारत मिशन की आत्मा है।इस अवसर पर सभी नगर निगम कर्मियों को दीपावली और छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही नगरवासियों से अपील की गई कि वे इस दीपावली पर यह संकल्प लें कि अपने घरों के साथ-साथ अपने शहर को भी उतना ही स्वच्छ और उज्ज्वल बनाएँ, जितना दीपों की रौशनी से उनका मन आलोकित होता है।

# स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बनेगा 75 करोड़ का मॉडर्न स्पेस म्यूजियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 75 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्पेस म्यूजियम बनाया जाएगा। यह म्यूजियम गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलसचिव आवास के पास 2.50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य छात्रों और शोधकर्ताओं को अंतरिक्ष, भूविज्ञान और पारिस्थितिकी से जुड़ी जानकारियों को आधुनिक और रोचक तरीके से उपलब्ध कराना है।नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के निर्देश पर म्यूजियम के निर्माण की जिम्मेदारी यूपी जल निगम की कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (ए।क्म) यूनिट-19 को दी गई है। परियोजना के वित्तीय ढांचे के अनुसार 75 प्रतिशत राशि स्मार्ट सिटी परियोजना, 15 प्रतिशत नगर निगम और 10 प्रतिशत चयनित फर्म से प्राप्त होगी।म्यूजियम में ज्वालामुखी, उल्कापिंड, चुंबकीय क्षेत्र जैसी घटनाओं को इंटरएक्टिव और वैज्ञानिक तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। यहां एंटार्कटिका की चट्टानें, हिमालयी जीवाश्म, डायनासोर अंडे और ज्वालामुखीय पत्थर जैसे दुर्लभ नमूने भी रखे जाएंगे। साथ ही, जीवन की उत्पत्ति, विलुप्त प्रजातियों और पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी जानकारी जीवाश्मों और डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से दी जाएगी।म्यूजियम का एक बड़ा हिस्सा स्पेस साइंस पर केंद्रित होगा यहां घ्ट्टखठ्ठ और क्ट्टखठ्ठ जैसे रॉकेटों के मॉडल, अपोलो-11 और चंद्रयान मिशनों की जानकारी और 3डी फिल्मों के माध्यम से ब्रह्मांड, ब्लैक होल और तारों की गतिविधियों का अनुभव कराया जाएगा। टेलीस्कोप और इंटरएक्टिव स्क्रीन के जरिये ग्रहों, नक्षत्रों और आकाशगंगाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। म्यूजियम में बच्चों के लिए स्पेस मिशन सिमुलेशन, अंतरिक्ष यान उड़ाने और जीरो ग्रैविटी जैसे गेम्स की व्यवस्था होगी। इससे यह स्थान मनोरंजन के साथ विज्ञान और नवाचार के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने वाला शैक्षिक केंद्र बनेगा।परियोजना के तहत एक एक्वेटिक साइंस म्यूजियम भी प्रस्तावित है, जिसमें मछलियां, कछुए, जेलीफिश और समुद्री घोड़े जैसे जीव एक्वेरियम टैंकों में प्रदर्शित किए जाएंगे। डिजिटल स्क्रीन, 3डी मॉडल और इट-ट्टट तकनीक की मदद से आगंतुकों को जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण और जैव विविधता संरक्षण की जायेगी।

# अर्ली चाइल्ड केयर( ईसीसी ) विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब,लखनऊ द्वारा महानिदेशक संस्थान एल0 वेंकटेश्वर लू के संरक्षण व अपर निदेशक सुबोध दीक्षित के निर्देशन में,संस्थान के बुद्धा सभागार में, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों के जनपद स्तरीय प्रशिक्षण संस्थानों के प्रवक्ताओं हेतु आयोजित,''अर्ली चाइल्ड केयर( ईसीसी )''विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ।उक्त समापन समारोह के अवसर पर मिशन कर्मयोगी एवं विकसित भारत - २०४७ के परिप्रेक्ष्य में संस्थान के महानिदेशक एल0 वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि वार्ताकारों यथा - स्वामी सौरभ महराज एवं आध्यात्मिक गुरु दिव्य मिताई दास,इस्कॉन संगठन की गरिमामई उपस्थिति में प्रशिक्षण से सम्बन्धित विषयगत वार्ताकारों द्वारा प्रासंगिक एवं उपयोगी बिन्दुओं पर अपने-अपने विचार प्रकट किए।स्वामी सौरभ महराज जी द्वारा विस्तृत रूप से,भारतीय परिवेश,भारतीय संस्कृति, गुरुकुल परम्परा,भारतीय परिवेश के अनुसार विद्यार्थियों के पोषण से सम्बन्धित खान-पान एवं शिक्षा पद्धति के स्वरूप पर महत्वपूर्ण व्याख्यान देते हुए बताया गया कि हमारी संस्कृति और शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने के लिए,तथाकथित ब्रिटिश शिक्षाविद् मैकाले द्वारा,छद्म रूप से कुत्सित प्रयास किए गए।जिसके फलस्वरूप हमारा तथाकथित प्रगतिशील आधुनिक समाज दिग्भ्रमित होकर अपनी मौलिकता को खो बैठा,जिसका परिणाम यह है कि आज का बहुसंख्यक समाज दोहरी संस्कृति के परिवेश में विचरण कर रहा है।न हम भारतीय बनकर रह पाये और न हीं अंग्रेज बन सके।इन विडम्बनापूर्ण स्थितियों में हम सभी को सामूहिक रूप से, संकल्पबद्धता के साथ अपनी मौलिकता को हीं ग्राह्य करना चाहिए।तभी हम विकसित भारत के सपने को साकार कर सकते हैं।संस्थान के महानिदेशक द्वारा गुरुकुल परम्परा के अन्तर्गत गुरु-शिष्य के सम्बन्धों तथा उस समय के आध्यात्मिक ज्ञान और विज्ञान के समन्वय पर प्रकाश डालते हुए,अपने पूर्वजों व ऋषि-मुनियों के आदर्शो को उद्धृत करते हुए,वैदिक परम्परा को आत्मसात करने हेतु अभिप्रेरित किया।उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का मंच संचालन डा0 नवीन कुमार सिन्हा द्वारा किया गया तथा महानिदेशक संस्थान,विशिष्ट अतिथियों, विषयगत वार्ताकारों,उपस्थित प्रतिभागियों एवं कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रबंधन में संलग्न अधिकारियों/कार्मिकों को संस्थान के सहायक निदेशक डा0 राज किशोर यादव द्वारा सारगर्भित धन्यवाद ज्ञापित किया गया।आयोजन एवं प्रबंधन दृष्टिगत संस्थान के सभी अधिकारियों व कार्मिकों की महत्वपूर्ण तथा सराहनीय भूमिका रही है।

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी खरीदारों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । दीपावली से पहले धनतेरस पर राजधानी लखनऊ समेत प्रदेशभर की बाजारों में काफी रौनक देखने को मिली। शनिवार दोपहर से बाजारों, माल,कपड़े व मिठाई की दुकानों में खरीदारी करने वालों की भारी भीड़ रही। वहीं ज्वैलरी की दुकानों पर भी काफी ग्राहक जुटे। बड़ी संख्या में लोगों ने गाड़ी,मोबाइल,अन्य इलेक्ट्रिक सामानों की खरीदारी की। जन सामान्य में धारणा है कि धनतेरस पर खरीदारी करने से सुख- समृद्धि आती है। इसलिए लोग धनतेरस के दिन बर्तन व सोने-चांदी के जेवरात भी खरीदते हैं। नए डिजाइन में एल्युमिनियम तांबे व फूल के बर्तन की खरीदारी भी लोगों ने की।

**स्वदेशी झालर खूब बिके**

दीपावली के मद्देनजर लोग स्वदेशी सामान ज्यादा खरीद रहे हैं। स्वदेशी झालरों की बिक्री इस बार बढ़ी है। इसमें घी, तेल, बेसन, सूजी, सफाई और होम केयर प्रोडक्टस, इलेक्ट्रिक दीये, मोमबत्ती, जूस लोग खरीद रहे हैं। कारोबारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद है। नरही बाजार के झालर विक्रेता आनन्द गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रिक झालर खरीदते समय ग्राहक यह पूछ रहे हैं कि स्वदेशी है कि नहीं जबकि पहले लोग नहीं पूछते थे।

**श्री धन्वन्तरि जयंती का आयोजन हुआ सम्पन्न**

अखिल भारतीय आयुर्वेद विशेषज्ञ सम्मेलन उत्तर प्रदेश द्वारा 'धन्वन्तरि जयन्ती' के अवसर पर शनिवार को राजाजीपुरम स्थित सरोज आरोग्यम केंद्र, लखनऊ में भगवान धन्वन्तरि जी का पूजन किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर त्रिपाठी ''राजवैद्य'', डॉ. रेखा वाजपेई, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. अमित शुक्ला डॉ. नीरज, डॉ. दीपांजली एवं डॉ. सरोज त्रिपाठी सहित 50 से अधिक आयुर्वेद चिकित्सक एवं आयुर्वेद प्रेमी उपस्थित थे।

इस अवसर पर सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर त्रिपाठी ॠराजवैद्यॠ ने कहा कि ''आयुर्वेद की मान्यता वैश्विक स्तर पर सुनिश्चत करना है।'' यह लक्ष्य तभी साकार हो सकता है जब हम सभी मिलकर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि हमारे आसपास पाए जाने वाले औषधीय पौधों का ज्ञान आज की नई पीढ़ी को बहुत ही सीमित है। ऐसे में प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर औषधीय पौधों की वाटिका धन्वन्तरि वाटिकाॠ की स्थापना किया जाना आवश्यक है।

# डीपीएस में हुआ दिवाली कार्निवाल के साथ भव्य डांडिया नाइट का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शहीद पथ स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को डांडिया नाइट व दिवाली कार्निवाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी स्वाति पाल, प्रधानाचार्या मंजू लखन पाल, उप प्रधानाचार्या स्वाति मेहरोत्रा तथा मुख्य प्रवेश संचालिका दिव्या सिंह मौजूद रही। डीपीएस के प्रांगण में लगे वोकल फार लोकल के उद्देश्य से मिट्टी के दियों के स्टाल, हस्तकला उत्पाद, सबके मनोरंजन के लिये बच्चों द्वारा लगाये गये विभिन्न खेलों के स्टॉल तथा विभिन्न प्रकार के फूड स्टॉल मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं डांडिया नाइट में सभी ने पारंपरिक संगीत की धुन पर 'नृत्य करके खूब मस्ती की। कुम्हारों ने सबके सम्मुख अपनी ''माटी -कला ''का भी प्रदर्शन किया। स्कूल की तरफ से बताया गया कि ऐसे उत्सवों का उद्देश्य हमारी विरासत तथा संस्कृति को भावी पीढ़ी को जो छात्रों के रूप में है उसे हस्तांतरित करना है। कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होते रहना चाहिए। जिससे छात्र अपनी संस्कृति और त्योहारों की जानकारी प्राप्त करते हैं।

# एक दीपक विद्यालय के नाम एवं एक रंगोली विद्यालय के आंगन में प्रतियोगिता संपन्न

**दीप सजावट में आर्यन मौर्या ने मारी बाजी, रंगोली में अनुराधा टीम रहीं प्रथम**

**पंचशील शांति शिक्षा निकेतन के एमडी सुधांशु मिश्र ने विजेता छात्रों को किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के अनैया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शनिवार को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में परंपरागत रूप से आयोजित ॠएक दीपक विद्यालय के नाम तथा एक रंगोली विद्यालय के आंगन मेंॠ प्रतियोगिताएं धूमधाम से संपन्न हुईं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी सृजनशीलता और कलात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। दीप सजावट प्रतियोगिता में कक्षा 11ए के छात्र आर्यन मौर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11ए की छात्रा शलोनी एवं 12बी1 की आँचल वर्मा संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं, जबकि 11बी1 की अंजली ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 12ए की छात्रा अनुराधा एवं उनकी टीम ने अपनी रचनात्मक कला से सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11बी1 की छात्रा स्नेहा आदि एवं 9ए2 की स्नेहा टीम को द्वितीय स्थान, जबकि 10बी की ज़िकरा टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण दीपों की रोशनी और रंगोली की रंगत से जगमगा उठा। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान हरदोइया विजय चौरसिया, नगराम के अरुण कुमार, मितौली के सुधाकर वर्मा, विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुधांशु मिश्रा, प्रधानाचार्य प्रेम शंकर अवस्थी एवं शिक्षकगण मिथिलेश तिवारी, देश बंधु मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिवेदी, तरुण यादव, हरीश द्विवेदी, शैलेन्द्री सिंह, प्रियांशी त्रिवेदी, सोनी यादव आदि उपस्थित रहे।

# गांधी विचारों की अलख जगाते पदयात्री राजधानी लखनऊ की दहलीज़ पर पहुंचे

**वाराणसी से दिल्ली तक की गांधी प्रेरित पदयात्रा का 16वां दिन, तय किए 320 किमी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। 'एक कदम गांधी के साथ' नामक ऐतिहासिक पदयात्रा ने अपने 16वें दिन 320 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए राजधानी लखनऊ की सरहद पर कदम रख दिया। यह यात्रा वाराणसी के राजघाट से प्रारंभ होकर दिल्ली स्थित राजघाट तक जाएगी और पूरे मार्ग में गांधीजी के विचार–सत्य, अहिंसा, समानता और बंधुत्व–का जनसाधारण में प्रसार कर रही है। शनिवार की सुबह सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ आरंभ हुई। इसके पश्चात पदयात्री नारे और गांधीवादी गीत गाते हुए लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र अंतर्गत बिंदौवा गांव पहुँचे, जहाँ पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में अशर्फीलाल धीमान, मोहम्मद हनीफ, सर्वेश कुमार, संतराम रावत, हरीशंकर रावत, सुमिरन, सुरेंद्र, और धर्मेंद्र कुमार सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर आयोजकों को 'सर्वोदय जगत' पत्रिका, महात्मा गांधी की आत्मकथा और सर्व सेवा संघ द्वारा प्रकाशित पुस्तक ॠआरोपों की आंधी में अडिग गांधीॠ भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

**यात्रा का उद्देश्य : संविधान और लोकतंत्र की रक्षा**

पदयात्रा के संयोजक एवं उत्तर प्रदेश सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष रामधीरज ने इस अवसर पर कहा, ॠयह यात्रा सिर्फ कदमों की नहीं, विचारों की यात्रा है। जब कुछ ताकतें संविधान को बदलने की बातें करती हैं, तब लोकतंत्र की रक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी बन जाती है। आज़ादी, समानता और बंधुत्व केवल शब्द नहीं हैं, बल्कि हमारी साझी विरासत हैं जिन्हें जीवित रखना हम सबका कर्तव्य है। देशभर से जुटे गांधीवादी कार्यकर्ता इस यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से आए गांधीवादी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और सर्वधर्म समभाव में विश्वास रखने वाले नागरिक शामिल हैं।

प्रमुख प्रतिभागियों में– चंदन पाल, अरविंद कुशवाहा, अरविंद अंजुम, लता ताई, रमेश दाने, बेबी वाईकर, श्यामधर तिवारी, सरिता बहन, विद्याधर, जगदीश कुमार, ओडिशा से राजकिशोर एवं सुमंत सुनानी शामिल हैं। स्थानीय सहभागिता में अर्चना श्रीवास्तव, मोहम्मद हाशिम, रामविलास और पुष्कर जैसे सक्रिय कार्यकर्ता भी यात्रा के समर्थन में जुटे रहे। वहीं, सपा नगर अध्यक्ष उमेश यादव ने पदयात्रियों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की। वकीलों का भी मिला समर्थन- मोहनलालगंज तहसील के बार भवन में भी गांधी विचारों की इस यात्रा को भरपूर समर्थन मिला। बार एसोसिएशन के महामंत्री राम लखन यादव, पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव, केपी सिंह, टीपी सिंह, राजबहादुर रावत, दिनेश वर्मा, बृजेश जयसवाल, नरेंद्र राजपूत, राज नारायण शर्मा, राकेश दुबे, गुंजन यादव, वीरेंद्र यादव, सहित अनेक अधिवक्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

अगला पड़ाव–लखनऊ शहर

अब यह पदयात्रा लखनऊ शहर की ओर अग्रसर है, जहाँ गांधीजी के विचारों को और अधिक जनमानस तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है। यात्रा का मूल उद्देश्य है–हर नागरिक को यह जागरूक करना कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा केवल सरकार या नेताओं की नहीं, बल्कि हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

# निगोहां : बाबू सुन्दर सिंह इंस्टीट्यूट में अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फ़ेस्ट 2025 उत्साहपूर्वक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां स्थित बाबू सुन्दर सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फ़ेस्ट 2025 का आयोजन बड़े उत्साह से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। संयोजक इंजी. अभिषेक सिंह ने संचालन किया। मुख्य अतिथि सुधा सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. मनोज कुमार शुक्ला ने युवाओं को अनुशासन व नेतृत्व के लिए खेलों को अपनाने की प्रेरणा दी।एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, खो-खो व कबड्डी सहित कई प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। कबड्डी (लड़कों) में BSSITM, कबड्डी (लड़कियों) में BSSCOP की टीम विजेता रही। वॉलीबॉल में टक्ए अम्बेडकरनगर व BSSCOP उपविजेता रहे। हाई जंप में BSSCOP व डिस्कस थ्रो में की अल्पना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक जनरल डॉ. के. के. सिंह, फार्मेसी निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला व अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। यह आयोजन छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व व सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने वाला रहा।

# गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय की रसोइयों को दीपावली त्योहार पर किया गया सम्मानित



नगराम , लखनऊ। नगराम के गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय के रसोइयों को प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा व शिक्षिका वन्दना यादव द्वारा दीपावली उपहार देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान छात्रों ने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें पर्यावरण संरक्षण और भारतीय पारंपरिक लोक कलाओं व दीपावली के प्रमुख संदेशों की प्राथमिकता दी गई । प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा व सहायक अध्यापिका वंदना यादव ने रसोइयों को बर्तन व मिष्ठान भेंट किया । छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोली को प्रधानाध्यापक अनिल वर्मा व वन्दना यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों में सांस्कृतिक समझ और रचनात्मक कार्यों का बढ़ावा देने का मौका मिलता है।

# सन्त सांई चांडूराम साहिब के निधन पर सरकार्यवाह ने जताया शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने लखनऊ के सन्त सांई चांडूराम साहिब के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। सन्त चांडूराम साहिब का विगत 15 अक्टूबर को निधन हो गया था। सरकार्यवाह ने अपने शोक संदेश में कहा कि, पूज्य सन्त सांई चांडूराम साहिब को अपने पिता सन्त साईं आसूदाराम साहिब के सत्यलोक सिधारने के पश्चात मात्र तेरह वर्ष की अल्पायु में ही गुरु गद्दी संभालनी पड़ी। आरम्भ से ही वेदान्त में रुचि रखने वाले सन्त चांडूराम साहिब ने किशोरावस्था में 'गुरुवाणी, श्रीमद्भागवतगीता, रामचरितमानस इत्यादि ग्रन्थों का गहन अध्ययन, मनन व चिन्तन किया। उन्होंने अनेक तर्कसंगत जिज्ञासुओं व वरिष्ठ सन्त-ज्ञानियों से गुरु समान सम्मान भी पाया। जिज्ञासुओं के समाधान के साथ ही वे इस निश्चय पर पहुंचे कि एक सच्चे ईश्वर-जिज्ञासु के लिए एक मात्र गुरुकृपा ही सर्वोपरि साधन है, शेष सभी साधन गौण हैं – 'गुरु बिनु भवनिधि तरहिं न कोई, जो विरंचि शंकर सम होई'।

सन्त सांई चांडूराम साहिब ने ऐसा निश्चयपूर्वक जानकर ईश्वर के प्रति अपना पूर्ण आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने अपने अहमत्व का दावा त्यागकर स्वयं को अपने सद्गुरु एवं ईश्वर को समर्पित कर दिया। समाज में फैली बुराइयों और रूढ़ियों का कठोर शब्दों में खण्डन किया और समाज सुधार के लिए सदैव तत्पर रहे। वे एक वृहत समाज को सदैव अपने सात्विक मार्गदर्शन से प्रेरित करते रहे। उनके दिव्य लोक गमन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ऐसे महान सन्त अपने स्वरूप में एकाकार हो जाते हैं। उनका जीवन हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करता रहेगा।

# डीपीएस एकेडमी इटौंजा में धूमधाम से मनाई गई दीपावली, आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । प्रकाश के पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यालय डीपीएस एकेडमी इटौंजा लखनऊ में बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर धूमधाम से दीपावली मनाई गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मां लक्ष्मी की आरती के साथ मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष दीप्रज्वल कर किया गया।नन्हें मुन्ने बच्चें भगवान श्री राम व माता सीता के स्वरूप में अत्यंत सुशोभित हो रहे थे,इसके साथ ही कलश डेकोरेशन,दीया डेकोरेशन व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें प्रथम स्थान पर क्लास 7 विधी सिंह,आरोही सिंह की छात्राएं,द्वितीय स्थान पर क्लास 6 की प्रत्यूषा द्विवेदी,गार्गी मिश्रा छात्राएं व त्रितीय स्थान पर क्लास 4 की अजिता मिश्रा,नित्या सिंह रही।विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती शैल सिंह ने अपने संबोधन में सभी को दीपोत्सव मिट्टी के बने दियों को प्रज्वलित कर प्रेम व भाईचारे के साथ मिलकर मनाने को कहा साथ ही पटाखों व प्रदूषक सामग्री का उपयोग न करने का अनुरोध किया।जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी स्वच्छ और साफ वातावरण में जी सकें।इसी के साथ सभी स्टाफ को स्मृति चिन्ह मिष्ठान भेंट कर दीपावली की शुभ कामनाएं प्रेषित किया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह,विद्यालय की प्रधानाचार्य मीता चक्रवर्ती के साथ समस्त अध्यापक मौजूद रहें।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयब निस्तारण करें अफसर : डीएम**

**समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : महिलाओं को मिली घरौनी की सौगात**

लखीमपुर खीरी । संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे।

इस समाधान दिवस में कुल 44 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 19, पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की 02, नगर निकाय की 04, आपूर्ति 03, विद्युत 02 , कृषि की 03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : महिलाओं को मिली घरौनी की सौगात

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत सात महिलाओं को घरौनी (स्वामित्व प्रमाणपत्र) वितरित किए गए। घरौनी पाकर महिलाओं के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी झलक उठी। इसके साथ ही कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत चार महिलाओं को सहायता धनराशि का चेक प्रदान किए गए।

डीएम की संवेदनशील पहल : गरीब छोटे राठौर को मिला सहारा

तहसील मितौली के मोहल्ला कटरा कुआं निवासी छोटे राठौर की दीन-हीन स्थिति की सूचना मिलते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर प्रशासन ने परिवार को राहत पहुंचाई और विभिन्न योजनाओं में शामिल किया। शनिवार को डीएम ने स्वयं छोटे राठौर को अंत्योदय कार्ड प्रदान कर सहायता की नई राह खोली।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पंचायत सहायकों व कर्मियों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बोलीं, आपकी मेहनत से खेतों की सच्ची तस्वीर आई सामने**

लखीमपुर खीरी । खेत-खलिहानों की असली तस्वीर अब डिजिटल नक्शे पर दर्ज है और इसके पीछे है ग्राम स्तर पर जुटे पंचायत सहायकों, सफाई कर्मियों और रोजगार सेवकों की मेहनत। शासन द्वारा वर्ष 2025 (खरीफ) की फसलों के ई-खसरा पड़ताल / डिजिटल क्रॉप सर्वे में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को शनिवार को सम्मानित किया गया।

तहसील सदर में आयोजित समारोह में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने डीपीआरओ विशाल सिंह की मौजूदगी में लखीमपुर, बेहजम, नकहा और फूलबेहड़ क्षेत्र के पंचायत सहायक, सफाई कार्मिक, रोजगार सेवको को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। हर पंचायत सहायक और फील्ड कर्मी ने ईमानदारी और तकनीकी दक्षता से काम कर यह दिखा दिया कि लखीमपुर टीमवर्क में अव्वल है। एसपी संकल्प शर्मा ने कर्मियों को जिम्मेदारी और पारदर्शिता बनाए रखने की प्रेरणा दी, वहीं सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सर्वे आने वाले समय में फसलों की सटीक योजना बनाने में आधार साबित होगा। सदर के साथ-साथ गोला, निघासन, मोहम्मदी, पलिया, धौरहरा और मितौली तहसीलों में भी पंचायत सहायकों, सफाई कर्मियों और रोजगार सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने सभी सम्मानित कर्मियों को इसी जोश के साथ आगे भी किसानों के हित में कार्य करते रहने का संकल्प दिलाया।

## गुम हुए 135 मोबाइल फोन बरामद करने में कामयाब हुई सर्विलांस सेल टीम

प्रयागराज। धनतेरस के दिन प्रयागराज नगर की सर्विलांस सेल टीम ने खोए हुए जन-सामान्य के 135 मोबाइल फोन बरामद किया। इसकी कुल कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। यह जानकारी शनिवार को पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस उपायुक्त नगर पुष्कर वर्मा के पर्यवेक्षण में सर्विलांस-सेल नगर पुलिस टीम ने शनिवार को खोए हुए कुल 135 मोबाइल फोन बरामद किया। फोन वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इन मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रूपये है। सर्विलांस-सेल नगर पुलिस टीम ने मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया और कई स्थानों पर भौतिक जांच भी की। कॉल रिकॉर्ड्स, सी.सी.टी.वी. फुटेज, बबब.दद्गद्ब-.द्दधप.द्ब्ब पोर्टल और लोकेशन ट्रैकिंग आदि जैसे आधुनिक तकनीकी साधनों का कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए उक्त मोबाइल फोनों का पता लगाया। खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाने के इस अभियान ने न केवल नागरिकों को उनकी बहुमूल्य वस्तुएं लौटाई हैं, बल्कि उनके महत्वपूर्ण निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित किया है।

## सोनभद्र: बीटेक प्रवेश के नाम पर 10 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के जिला सोनभद्र में म्योरपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से वीरमाता जीजाबाई टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट मुम्बई, महाराष्ट्र में महाविद्यालय (वीजेटीआई) में प्रवेश दिलाने के मामले में सोशल मीडिया के माध्यम से 10 लाख रुपये की ठगी करने में पुलिस ने राजस्थान के कोटा से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया की म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबील निवासी ज्ञान प्रकाश ने सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपर्क कर वीजेटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर दो बार में 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। सूचना के आधार पर थाना साइबर क्राइम टीम ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम टीम ने राजस्थान के कोटा निवासी विज्ञान नगर से आरोपित रवि मोहन सिंह को गिरफ्तार किया है।

# धनतेरस पर बाजार में बरसा धन, चढ़ा खरीदारी का रंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**धनतेरस पर बाजार में बरसा धन, चढ़ा खरीदारी का रंग**

**सर्राफा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक और बर्तन बाजार रहे गुलजार; सौ से अधिक वाहनों की बुकिंग, आभूषणों की जमकर खरीदारी**

धौरहरा (खीरी)। शनिवार को धनतेरस के शुभ पर्व पर नगर का बाजार दीपावली की रौनक से सराबोर रहा। सुबह से ही ग्राहकों की चहल-पहल बाजारों में नजर आने लगी और दिन चढ़ते ही भीड़ उमड़ पड़ी। कपड़े, बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक सामान, ऑटोमोबाइल और सजावटी उत्पादों की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। हर तरफ एक ही नज़ारा था – उत्साह, रंग, और रौनक। भ्सर्राफा बाजार में जमी रौनक, सोने-चांदी के सिक्कों की भारी मांग धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीद को शुभ माना जाता है। इस परंपरा को निभाते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने चांदी के सिक्के, आभूषण और पूजन सामग्री खरीदी।

स्थानीय सर्राफा व्यापारी शोभित रस्तोगी और शिवकुमार नैना ज्वेलर्स ने बताया कि, इस बार चांदी के मुंडे छाप सिक्कों की खास डिमांड रही। सोने की कीमतों में तेजी के बावजूद ग्राहकों का रुझान कम वजन के आकर्षक डिजाइनों की ओर रहा।

बाजार में पुराने चांदी के सिक्के2000से 2200 रुपये और नए सिक्के 1200 रुपये में बिके। महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। ऑटोमोबाइल सेक्टर में सौ से अधिक बुकिंग धनतेरस पर वाहन खरीदने का भी विशेष महत्व होता है। इस वर्ष ऑटोमोबाइल सेक्टर में उम्मीद से अधिक व्यापार हुआ। नगर क्षेत्र के विभिन्न शोरूम से करीब 50 से 55 बाइक व दोपहिया वाहन, और कई चारपहिया वाहनों की एडवांस बुकिंग की गई। नवरात्रि के दौरान जीएसटी में राहत और धनतेरस पर त्योहार की मांग ने इस सेक्टर को नई रफ्तार दी। बर्तन और स्वदेशी उत्पादों की जमकर बिक्री बर्तन बाजार में भी भारी भीड़ देखने को मिली। पीतल, स्टील, तांबा और कांसे के सुंदर बर्तनों की बिक्री ने रफ्तार पकड़ी। कैनेडी निगम और अन्य व्यापारियों ने बताया कि लखनऊ से थोक में लाए गए सामान की अच्छी बिक्री हो रही है।इस बार लोगों ने स्वदेशी बर्तनों और मिट्टी के उत्पादों को प्राथमिकता दी, जिससे लाखों रुपये का कारोबार होने की संभावना है। मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री में उछाल मोबाइल शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी संख्या देखी गई। भारत टेलीकॉम सर्विस सेंटर और जायसवाल टेलीकॉम के अनुसार, कई ग्राहकों ने मोबाइल फोन की अग्रिम बुकिंग कर रखी थी, जिन्हें धनतेरस पर डिलीवर किया गया। टीवी, एलईडी, फ्रीज, वॉशिंग मशीन जैसे उत्पादों की मांग बढ़ी है। अवधेश गुप्ता, सोनू निगम खान इलेक्ट्रॉनिक ने बताया इस धौरहरा कस्बे बजाज फाइनेंस सुविधा चालू होने और कई दुकानों ने आकर्षक छूट योजनाएं चलाईं खरीदारों भारी भीड़ उमड़ी है। सजावट का बाजार भी रहा गुलजार शहर के हवाई मंदिर चौराहे से लेकर तहसील रोड, होली चौराहे और सदर बाजार तक हर तरफ दीयों, झालरों, सजावटी फूलों, और खिलौनों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने, मोमबत्तियां, और रंग-बिरंगी लड़ियों की खरीदारी भी खूब हुई। दुकानदारों का कहना है किल्लत्योहार से एक दिन पहले ही खरीदारी का जोश देखने को मिला, और शनिवार को चरम पर रहा। व्यापारियों के चेहरे खिले, अनुमान से अधिक व्यापार स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, इस वर्ष धनतेरस पर अनुमान से अधिक व्यापार हुआ। बर्तन बाजार में करीब 5लाख रुपये तक का कारोबार और सराफा बाजार में लाखों की बिक्री की बात कही जा रही है। व्यापारियों का मानना है कि लोगों की आस्था और बाजार में आई रौनक ने मंदी की आशंकाओं को पीछे छोड़ दिया। धनतेरस पर नगर के बाजारों में उत्साह, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। खरीदारों की भीड़ और व्यापार की बहार ने न सिर्फ स्थानीय बाजार को संजीवनी दी, बल्कि त्योहार की खुशियों को और भी रंगीन बना दिया। कस्बा और नगर वासियों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे से आतिशबाजी की दुकानों को दूर रखते हुए रामलीला मैदान में सजाई गई आतिशबाजों की दुकान और विशेष रूप से अग्निशमन सेवा पुलिस को मुस्तैद किया गया है जो अपने पूरे उपकरणों और टैंकर के साथ रामलीलाप्रांगण में किसी भी दुर्घटना के लिए मुस्तैद है ।

# सपा में चुनावी तैयारी तेज जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बीएलए गठन व समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिधौली (सीतापुर) । 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव की अध्यक्षता में सिधौली में बी.एल.ए. गठन एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें हर बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मोहनलालगंज सांसद आर.के. चौधरी, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव, एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह (झीन बाबू), अनूप गुप्ता और रामहेत भारती सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव बोले 2027 का चुनाव समाजवादी पार्टी के लिए निर्णायक होगा। अगर हमारा हर बूथ मजबूत हुआ, तो जीत निश्चित है। एमएलसी जासमीर अंसारी ने कहा आज की बैठक 2027 की रणनीति तय करने के लिए की गई है। हमारा एक ही लक्ष्य है – अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना। वहीं पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव ने कहा यह चुनाव भविष्य की दिशा तय करेगा। हम सबको एकजुट होकर समाजवादी सरकार बनाने के लिए जुटना होगा। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रमेश यादव, उपाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह जीतू, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज भार्गव, जीतेन्द्र यादव, ओमप्रकाश यादव, सेक्टर अध्यक्ष कौशल यादव, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र रावत, राजेश यादव, लवकुश कुमार, राजेश शुक्ला, महिला सभा अध्यक्ष गीता यादव, वंदना यादव, सांसद सलाहकार इंदु रावत, बबलू यादव, विद्यासागर यादव, चन्द्रिका प्रसाद मौर्य, मोहम्मद नईम, सुहेल अहमद अंसारी, श्यामलाल रावत समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धनतेरस व दीपावली पर्व को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पटाखा बाजार का किया निरीक्षण, दिए सुरक्षा के निर्देश

सीतापुर (ब्यूरो) कैनविज टाइम्स संवाददाता। धनतेरस, आगामी त्यौहार दीपावली व भाई दूज के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में अतिशबाजी की लगने वाली दुकान का स्थल का निरीक्षण किया गया एवं दुकानदारों को सुरक्षा मानकों आदि के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने अग्निशमन की समुचित व्यवस्था तथा अग्निशमन के वाहन व सुरक्षा कर्मी तैनात किये जाने तथा प्रत्येक स्टॉल पर बालू से भरी बाल्टी एवं आग बुझाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध होने के संबंध में सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। दुकानों के बीच उचित दूरी, भीड़ की स्थित में उचित आवागमन प्रबंध, पार्किंग की व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोपरि: जिलाधिकारी

प्रतापगढ़ । जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये, जिनमें से पांच का मौके पर निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस में प्राप्त 56 शिकायतों में से 25 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 14, विकास विभाग से 01, विद्युत विभाग से 01 एवं 15 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान में प्राप्त शिकायतों को लेकर निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाये। अधिकारी प्राप्त शिकायतों की स्थिति की स्वयं निगरानी करें और संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। भूमि विवादों के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए राजस्व, चकबंदी और पुलिस की संयुक्त टीमों को गठित कर मौके पर भेजा जाए। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये।



## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत महिलाओं/छात्राओं को किया गया जागरूक

धौरहरा खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक धौरहरा के नेतृत्व में थाना धौरहरा की महिला शक्ति टीम द्वारा अभियान चलाकर,महिलाओं/ छात्राओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## कानपुर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण का छायाचित्र

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सरसौल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएँ सामने आईं। निरीक्षण में उपस्थिति पंजिका में दर्ज दो कार्मिक अनुपस्थित मिले। डीएम ने एक दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण तलब किया। ओपीडी पर्ची काउंटर पर किसी कार्मिक न मौजूद होने पर नाराजगी जतायी।

## कानपुर में सीसामऊ बाजार में धनतेरस के मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत डॉग स्क्वाड के साथ जांच करती बम निरोधक दस्ता व पुलिस टीम

कानपुर उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में शनिवार को धनतेरस के मौके पर बाजार खरीददारों से गुलजार हैं, ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना या साजिश को देखते हुए बम निरोधक दस्ता के साथ पुलिस ने जांच की।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे जरिया थाना क्षेत्र के जमौडी डांडा ग्राम पंचायत में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला संपत अहिरवार की मौत हो गई। परिजनों ने इस दुर्घटना के लिए ट्रक ड्राइवर की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। मृतका के पति नाथूराम चौधरी ने बताया कि हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक बालू भरने आया था। इसी दौरान चालक की लापरवाही से वाहन ने संपत अहिरवार को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। संपत अहिरवार अपने पीछे तीन विवाहित बेटे गजराज, दीपक और राहुल तथा नाति-नातिनों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। इस घटना से पूरे परिवार और गांव में शोक की लहर है। सूचना मिलते ही तहसीलदार राममोहन कुशवाहा, चंडौत चौकी प्रभारी रमाकांत शुक्ला, थाना अध्यक्ष मयंक चंदेल समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को नियंत्रित किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इलाके में खदान माफियाओं की मनमानी के चलते ऐसे हादसे बढ़ रहे हैं। उन्होंने मौके पर खदान संचालकों को बुलाने और कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मयंक चंदेल ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक चालक की तलाश कराई जा रही है।

## 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कोतवाली कस्बे स्थित रामनगर मोहल्ले में शनिवार को ग्यारहवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि खुशबू (17) पुत्री भूरा कुशवाहा अपनी बड़ी बहन साधना और छोटे भाई आकाश के साथ मौदहा में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण**

सीतापुर (ब्यूरो) । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। जिलाधिकारी के निर्देश पर राशन कार्ड निर्गत किए जाने के प्रार्थना पत्र को मौके पर ही निस्तारित कराते हुए पात्र लाभार्थी का राशन कार्ड मौके पर ही जारी कर वितरित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 08 शिकायतों में से 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 30 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 15 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील महोली में प्राप्त 21 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सिधौली में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# विकसित भारत के लिए गांव के अंतिम पायदान तक पहुंचे विकास की किरण : गुरु प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में शनिवार को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान के अंतर्गत विकसित उत्तर प्रदेश 2047 हमारा प्रयास और संभावनाएं विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लिए यह जरूरी है कि गांव के अंतिम पायदान पर विकास हो। विकसित भारत के लिए आर्थिक, शैक्षिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, स्वच्छता, स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण, जल, बिजली, रोजगार की व्यवस्थाएं समुचित होना चाहिए। विधायक मौर्य ने कहा कि सरकार लघु कालीन एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के लिए कार्य कर रही है, जिससे प्रदेश एवं राष्ट्र का विकास हो। पर्यावरण के संरक्षण के लिए मां के नाम एक पेड़ लगाने की पहल सरकार कर रही है और यह वर्तमान में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इसी प्रकार जल संरक्षण एवं जैविक खेती के विकास के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। अनावृष्टि, अतिवृष्टि, ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, रसायनों का प्रयोग पर्यावरण के लिए संकट है। इस पर रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के लिए समृद्धि एवं विकास के लिए योजना है। आज वरिष्ठ नागरिकों जिनकी उम्र 70 वर्ष के ऊपर है, सरकार उनके मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड जारी कर रही है।

अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य प्रो. सत्यकाम ने कहा कि देश के विकास के लिए उत्तर प्रदेश का समृद्ध होना बहुत आवश्यक है। राम, कृष्ण, तुलसी, कबीर, जायसी सभी यहीं उत्तर प्रदेश की भूमि से हैं। सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक दृष्टि से यह सबसे मजबूत प्रदेश है। प्रदेश के विकास के लिए सभी को एकजुट होना होगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश उद्योग और विकास में भी महत्वपूर्ण स्थान बना रहा है। विकास ने उत्तर प्रदेश के द्वार खोल दिए हैं। आर्थिक रूप से और कृषि सम्पन्न इस प्रदेश में अनेक ऐसी सरकारी या प्रशासनिक योजनाएं चल रही है। कुलपति ने कहा कि हमारे फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति का शिक्षित होना आवश्यक है। ऐसी योजनाएं बनाई जानी चाहिए जिससे जन-जन कल्याण के साथ-साथ प्रति व्यक्ति तक शिक्षा पहुंचे। इसी दिशा में मुक्त विश्वविद्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए पोषण एवं बाल शिक्षा पर आधारित पाठ्यक्रम चलाया गया है, जिसमें सभी आंगनबाड़ी महिलाओं के नामांकन के लिए जन सहयोग और शासन के सहयोग की आवश्यकता है। पर्यावरण की चिंता के लिए जागरूक रहना आवश्यक है।

वेबीनार-सेमिनार के समन्वयक आचार्य विनोद कुमार गुप्त ने स्वागत एवं विषय प्रवर्तन किया। इस अवसर पर अनुराग शुक्ला ने कुलगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव डॉ अतुल कुमार मिश्रा ने किया। संगोष्ठी के निदेशक प्रोफ़ेसर सत्यपाल तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ साधना श्रीवास्तव ने किया।

# विकसित उत्तर प्रदेश–2047: सुझाव फीडबैक प्राप्त करने में जनपद संभल का प्रदेश में प्रथम स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश 2047 सुझाव फीडबैक प्राप्त करने में जनपद का प्रदेश में प्रथम स्थान होने के कारण मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण**

सम्भल, बहजोई। मुख्य सचिव महोदय उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में लखनऊ से उत्तर प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त महोदय एवं समस्त जिलाधिकारी महोदय के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें विभिन्न विभागों महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार के साथ एजेण्डा बिन्दु आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण, नियोजन विभाग के अन्तर्गत एजेण्डा बिन्दु जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश तथा कृषि विभाग के साथ फार्मर्स रजिस्ट्री तथा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के साथ राजस्व की प्राप्ति एवं जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पैंसिया के द्वारा एजेण्डा बिन्दु विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 पर जनपद के द्वारा सुझाव फीडबैक प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश में जनपद का प्रथम स्थान होने पर प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त एवं समस्त जिलाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुति करण के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए चिन्हित 12 सेक्टर में जनपद में दिये गये सुझाव फीडबैक के विषय में बताया कि 18 सितम्बर 2025 को सुझाव फीडबैक में जनपद का 777 सुझावों के साथ उत्तर प्रदेश में 61 वां स्थान था जबकि अब प्रथम स्थान पर है।जनपद में इसको लेकर विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को शपथ भी दिलायी गयी तथा एक रणनीति भी बनायी गयी जिसमें सभी सरकारी विभाग विभिन्न संस्थाएं /एनजीओ, ग्राम कुल - ग्राम सचिवालय तथा ग्राम चौपालों में तथा जनसुनवाई के अन्तर्गत भी जनसामान्य से सुझाव प्राप्त किये गये। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश सुझाव हेतु उद्यमी, व्यवसाय ,महिला संगठन, श्रमिक संगठनों के साथ कृषकों एफपीओ के सदस्य एवं कृषि वैज्ञानिकों ,छात्रों ,अध्यापकों शिक्षाविदों से संवाद तथा मीडिया बंधु ,आम जनमानस, ग्राम प्रधान पंचायत सहायक ,रोजगार सेवक अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मेंबर ,एनजीओ,राशन डीलर आंगनबाड़ी स्वयं सहायता समूह एएनएम , सीएचओ, आशा वर्कर, कृषक तथा नीमा, आईएमए, रोटरी क्लब के साथ बैठकें की गयीं। समस्त नगर निकायों में वार्ड वार सुझाव फीडबैक को लेकर बैठकें आयोजित कराकर मा. पार्षदों के सहयोग से वार्ड वार सुझाव प्राप्त किये गये।जनपद मुख्यालय पर क्यूआर कोड युक्त फ्लैक्स लगाये गये तथा एक कार्मिक की तैनाती भी की गयी और मुख्यालय आने वाले सभी आगंतुकों से क्यूआर कोड के माध्यम से सुझाव दिलवाये गये। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 में 5 - 5 सदस्यों की 6 टीमें बनाकर तथा उनके साथ एक- एक पुलिस कर्मी महोत्सव स्थल के आगमन द्वारों पर लगाकर आने वाले सभी दर्शकों से सुझाव आमंत्रित किये गये। कार्यालयों के प्रवेश द्वार पर मोबाइल फ्रेंडली कार्मिक की तैनाती की गयी। विभिन्न प्रकार के 40 सामाजिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनको लोगों से अधिक से अधिक सुझाव फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।कुल मिलाकर विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 के कार्यक्रम को जन आंदोलन बनाते हुए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की गयी।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा मौजूद रहे।

## ताइक्वांडो में बदायूं के खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर जीते पदक

बदायूं। 12 से 14 अक्तूबर तक शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में आयोजित 41वीं उप्र राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बदायूं के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में केडिट, सीनियर, बालक और बालिका वर्गों में फाइट व पूमसे स्पर्धाएं आयोजित की गईं। बदायूं के खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। स्वर्ण पदक विजेताओं में आयांश सिंह चौहान, देवांश सिंह, काजित शर्मा, अभियंत राज, वंशिका राज, हर्ष पटेल, उरुवाखान, अक्षिता साहू और अविका राय शामिल हैं। रजत पदक विजेताओं में अनन्यापाल, यशस्वी सिंह, पूर्णिमा गुप्ता, कशिश दुबे, आयुष कुमार, निष्कर्ष सिंह और अभिनव राज शामिल रहे कांस्य पदक सुमित गौतम, नक्षत्र पाराशरी, अनंत मौर्य और अंशिका शर्मा ने जीते। ताइक्वांडो एसोसिएशन के संरक्षक गिरधारी सिंह राठौर ने खिलाड़ियों को ऑडिटोरियम बदायूं में सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षक अजय पाल सिंह ने कहा कि आगे भी वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ परिवार परामर्श सुलह केंद्र की बैठक

संभल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 99 पत्रावली सुनकर 31 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 16 परिवारों को मिलाया गया तथा 4पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 11 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट बबीता शर्मा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।एक मामला सास बहु का आया जहां सास ने बहू के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई को दिया और शिकायत की कि उनके बेटे की पत्नी हमेशा झगड़ा करती हैं जहां दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता वार्ता कर समझाया गया तो दोनों सास बहु एक दूसरे के गले मिल पुरानी बातों को भूलकर एक हुई तो वहां मौजूद सभी लोगों ने उनके मिलन को लेकर खुशी जाहिर की ।

## पात्र व्यक्ति को दिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ

अनूपशहर। खंड विकास कार्यालय में समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ब्लॉक प्रमुख ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देकर आमजन को लाभ दिलाने का आह्वान किया।खंड विकास कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख अतुल कुमार सिंह ने समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख अतुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनहित मे चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दिलाकर उसे मुख्य धारा में लाना है। उन्होंने गोष्ठी में मौजूद प्रधान क्षेत्र, पंचायत सदस्यों से आह्वान किया कि वह अपने क्षेत्र के पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाने का कार्य करें। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मुनेश शर्मा, योगेश शर्मा, महेश राघव, राहुल वाल्मीकि, पराग गर्ग, रामपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## पंख से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

अनूपशहर। गांव एंचोरा में युवक ने घर में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराया।कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शुक्रवार की देर सांय क्षेत्र ग्राम एंचोरा निवासी प्रशांत तोमर पुत्र अजय तोमर उम्र करीब 23 वर्ष ने अपने घर में लगे पंखे में साड़ी की सहायता से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को सीएचसी ले जाने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक के चाचा संजय सिंह ने बताया कि प्रशांत की शादी दो वर्ष पूर्व डिबाई क्षेत्र के गांव इंदौर खेड़ा से हुई थी। एक दिन पूर्व दिल्ली से गांव आया था। घटना के समय उसके पिता किसी कार्य से बाहर गए थे। प्रशांत की चाची का कहना है, कि सांय के समय कमरे से प्रशांत के रोने की आवाज आ रही थी। प्रशांत की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर दीप मिलन कार्यक्रम का आयोजन

चंदौसी। शनिवार को हमारे विद्यालय लाला सोहन लाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल मोहल्ला महाजन चंदौसी में पूर्व छात्र परिषद द्वारा *दीप मिलन कार्यक्रम* का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद के जिला संयोजक श्रीमान हृदेश यादव (एडवोकेट) द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के संरक्षक श्री भुवनेश वार्ष्णेय जी रहे। इस अवसर पर विद्यालय में आए सभी को पूर्व छात्रों ने दीप प्रज्वलित कर विद्यालय के प्रांगण को रोशनी से जगमग कर दिया ।सभी पूर्व छात्र भैया/बहनों ने आपस में एक दूसरे से परिचय किया तथा विद्यालय से जुड़े हुए अपने कुछ पुराने अनुभव एवं संस्मरणों को साझा भी किया । कुछ भैया बहन विद्यालय के सौंदर्य वातावरण को देखकर बहुत भावुक भी हो गए थे। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने विद्यालय के आचार्य बंधुओं एवं बहनों और कर्मचारियों को उपहार देकर भी सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद की ओर से कपिल तिवारी, निखिल वार्ष्णेय, अभिजीत सिंह, आदित्य पाटील, आशु, छवि वार्ष्णेय, सुधांशु शर्मा, नंदिनी, श्रुति अग्रवाल, कृष्ण पाल, स्वप्निल शर्मा,मयंक वार्ष्णेय ,सुनील कुमार गुप्ता, विनीत शर्मा, सचिन शर्मा, आर्यन शर्मा, रजत वार्ष्णेय,पराग रस्तोगी, चिराग गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र परिषद के प्रभारी आचार्य श्री राजवीर सिंह जी एवं कपिल तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुरेंद्र सिंह राजपूत ने सभी आगंतुक पूर्व छात्र भैया बहिनों का आभार प्रकट किया।

## चोरी की रिवॉल्वर के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर । इटवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक की चोरी हुई लाइसेंसी रिवॉल्वर पुलिस ने बरामद कर ली है। रिवॉल्वर के अलावा अन्य जो भी चीजें चोरी हुई थीं, वं सभी सामान बरामद कर लिए गए हैं। एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई है। खुलासा करने वाली टीम को 20 हजार रुपये का इनाम मिला है।पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि इटवा थाना क्षेत्र के ग्राम सहदेइया में रहने वाले राहुल पाठक के यहां अगस्त माह में चोरी हुई थी। चोरों ने उनकी लाइसेंसी रिवॉल्वर समेत अन्य चीजें चुराईं। पुलिस चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। शनिवार को चोरी के आरोप में ग्राम पिपरा पांडेय निवासी शिवराम यादव को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से चोरी गई रिवॉल्वर मय छह कारतूस, दो एंड्रायड मोबाइल और सात सौ रुपये नकद बरामद कर किया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

## सिलेंडर लीकेज से लगी आग,छह झुलसे, दो गंभीर

रायबरेली । सिलेंडर में लीकेज से शनिवार को एक घर में आग लग गई।जिससे एक किशोरी समेत पांच लोग झुलस गए। सभी को आनन-फानन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां सभी का इलाज़ किया जा रहा है। हादसे में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।जिले के भदोखर थाना क्षेत्र के एक्साना गांव निवासी रोहित ने बताया कि शनिवार सुबह उनकी बहन काजल ने चाय बनाने के गैस चूल्हा जलाया। सिलेंडर में लीकेज के कारण आग लग गई। हादसे में काजल व छोटी बहन साधना आग की चपेट में आ गईं। आवाज़ सुनकर राहुल, राजकुमार व रामा देवी उन्हें बचाने दौड़े, जिससे सभी आग में झुलस गए।देखते ही देखते आग ने बाहर रखे छप्पर को भी अपनी चपेट में ले लिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद साधना, काजल समेत पांचों लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। साधना व काजल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# करणी सेना ने खेड़ा दास में संभाला मोर्चा, आरोपियों को पकड़ने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**करणी सेना के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कहा है कि किसी दबाव में न आकर पीड़ितों की सहायता करें। दिवाली पर कोई और तकरार न हो, इसलिए बचे हुए नामजदों को भी गिरफ्तार कर लिया जाए**

बदायूँ। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव खेड़ादास में दो जातियों के बीच संघर्ष को नई हवा तब मिली जब सपा सांसद आदित्य यादव ने बृहस्पतिवार को गांव में जाकर एक पक्ष की तरफदारी की। सांसद के काफिले को यहां काले झंडे भी दिखाए गए। अगले दिन शुक्रवार को करणी सेना गांव जा धमकी। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित घायलों के परिवारों का समर्थन किया। इस तरह गांव खेड़ा दास एक बार फिर सुर्खियों में आ गया।

करणी सेना के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने पुलिस से कहा है कि किसी दबाव में न आकर पीड़ितों की सहायता करें। दिवाली पर कोई और तकरार न हो, इसलिए बचे हुए नामजदों को भी गिरफ्तार कर लिया जाए। पिछले माह दो अक्तूबर को खेड़ादास गांव में जातीय संघर्ष हुआ था। गांव में हुए जातीय संघर्ष में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। थाना पुलिस ने मौके की नजाकत देखते हुए, सुमित पुत्र अवनीश की तहरीर पर दूसरे पक्ष के 42 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया था और केवल नौ लोगों को गिरफ्तार किया था। बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी आरोपियों से मिली। अब दूसरे पक्ष की मदद के लिए करणी सेना के पदाधिकारी गांव पहुंच गए हैं। वे यहां घायलों से मिले तथा प्रशासन से शेष बचे आरोपियों को दीपावली से पहले गिरफ्तार करने की मांग कर डाली। ऐसा न करने पर आंदोलन तक की चेतावनी दे डाली। करणी सेना के गांव पहुंचने पर मामला न बिगड़े इसलिए सीओ बिसौली सुनील कुमार व थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ गांव खेड़ा दास पहुंच गए। यहां बदायूं, मुरादाबाद, संभल जिले के करणी सेना के पदाधिकारियों के साथ गांव खेड़ा दास में क्षत्रिय महासभा बदायूं के पदाधिकारी भी पहुंच गए हैं। इनमें करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष चेतेंद्र राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र राणा, संभल जिलाध्यक्ष शिवम चौहान, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष बिट्टू ठाकुर, बदायूं जिलाध्यक्ष सुमित कुमार देवा ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। आखिरी सांस तक न्याय की लड़ाई लड़ने की कसम खाई।

# शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर जनपद के तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**तहसील गुन्नौर में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल, बहजोई। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील गुन्नौर में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक दिन की डीएम बनी सृष्टि

**आमजन की समस्याओं को सुनकर दिए गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**बदायूँ।** महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत शनिवार को सहसवान के प्रमोद इण्टर कॉलेज की विज्ञान वर्ग की कक्षा 11 की छात्रा 15 वर्षीय सृष्टि यादव एक दिन की जिलाधिकारी बनी। तहसील सहसवान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सृष्टि यादव ने जिलाधिकारी अवनीश राय के साथ आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना व उनके गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। तहसील सहसवान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नयागंज सहसवान निवासी प्रदीप कुमार व सुनीता देवी की होनहार पुत्री सृष्टि यादव ने अधिकारियों से आमजन की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनने व उनका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए कहा। 10वीं की परीक्षा में गणित में 100 में से 99 अंक व कुल 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सृष्टि यादव ने जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के विभागीय दायित्वों को भी जाना। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि पर से कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने सहित विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 29 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

# ककोड़ा मेला को लेकर तैयारियां हुईं तेज, खेल तमाशे का सामान पहुंचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मेले में सप्तमी तिथि को ककोड़ा देवी मंदिर से देवी स्वरूप झंडी भी पहुंचने वाली है, जिससे तैयारियों में और तेजी आई है**

बदायूँ। ककोड़ा मेला की तैयारियां जोरों पर हैं। शुक्रवार को ट्रकों से मेला क्षेत्र में झूला, टोरा टोरा, ड्रेगन, नाव, ब्रेक डांस, स्लंबो, काला जादू जैसे आकर्षक खेल तमाशों की सामग्री मेला स्थल पर पहुंच गई। अभी लाइट का काम शुरू नहीं होने से मेला क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है।

बता दें कि मेले में सप्तमी तिथि को ककोड़ा देवी मंदिर से देवी स्वरूप झंडी भी पहुंचने वाली है, जिससे तैयारियों में और तेजी आई है। मेला स्थल में जंगल जैसी स्थिति है। सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था न होने से चिंता की स्थिति बनी हुई है। पुलिस पिकेट भी अभी तक नहीं लगी है। सुरक्षा की जिम्मेदारी कासगंज के सिकंदरपुर वैश्य थाना के अंतर्गत है। मेले की तैयारियों के चलते आसपास के खेतों में खड़ी गन्ने की फसल काटी जा रही है। मेला स्थल तक पहुंचने के लिए अस्थायी सड़कें बन चुकी हैं। मेले में सप्तमी तिथि को ककोड़ा देवी मंदिर से देवी स्वरूप झंडी भी पहुंचने वाली है, जिससे तैयारियों में और तेजी आई है। मेले के ठेकेदार सुधीर यादव, मधुरेश गुप्ता और रामसिंह मेला व्यवस्था पूरी कराने में जुटे हैं। उन्होंने अस्थायी सड़क बनाने वाले मजदूरों को समय पर काम पूरा करने की जानकारी दी ताकि मेला आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस समय मेला स्थल पर कार्य तीव्र गति से चल रहा है नक्शे के अनुसार, श्रद्धालुओं के डेरे और तंबू लगाए जाएंगे। हालांकि, अभी वहां किसान अपनी गन्ने की फसल को काट रहे हैं। किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर नजदीकी कोल्हू में डालना शुरू कर दिया है। मेला स्थल के लिए करीब सौ हेक्टेयर जमीन खाली कराई जा रही है। मेलाकर्मी और स्थानीय प्रशासन इस काम में पूरी तत्परता दिखा रहे हैं ताकि मेला समय पर और सुचारू रूप से आयोजित हो सके।मेले में अब नहीं होती घुड़दौड़कभी मेले का मुख्य आकर्षण रही घुड़दौड़ प्रतियोगिता और पशु नखासा अब इतिहास बन चुके हैं। पशुपालन विभाग ने ग्लैंडर्स (संक्रामक बीमारी) का हवाला देकर कुछ वर्ष पूर्व घुड़दौड़ स्थायी रूप से बंद कर दी थी। पहले मेला के दौरान सैकड़ों पशुओं की खरीद-फरोख्त होती थी, जिससे राजस्व की अच्छी आमद होती थी। मेले में अब मनोरंजन के नाम पर सिर्फ जिला पंचायत का एक सांस्कृतिक पंडाल ही बचा है। पहले जहां एक नहीं, बल्कि कई लोककला और नाट्यशाला मंच सजते थे, वहीं अब इनकी अनुमति तक नहीं दी जाती। अंग्रेजी शासन की धरोहर बन रहा खंडहर इतिहास की बात करें तो क्षेत्रीय जानकार बताते है कि 1937 में अंग्रेजों ने कादरचौक थाने के सामने मेला गोदाम बनवाया था। उस समय डिस्ट्रिक बोर्ड के चेयरमैन चौधरी बदन सिंह थे। गोदाम के चार बड़े हाल मेले के टेंट, लोहे के पटरे और आवश्यक सामग्री से भरे रहते थे। अब यह भवन खंडहर में बदल चुका है। पहले कादरचौक से मेले तक कच्चा रास्ता था, जिस पर सुतिया पुलिया बनती थी। पुलिया पार करने पर मेला टैक्स लिया जाता था, जो अब बंद है। अब गोदाम में केवल हवालात शेष रह गई।

# भव्य समारोह के साथ स्वदेशी मेले का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**भारत बनेगा आत्मनिर्भर व विकसित देश, अपनाएं स्वदेशी, सभी लें संकल्प योजनाओं से किया लाभांवित, स्टॉल संचालन किए सम्मानित**

बदायूँ। जनपद में 09 अक्टूबर से संचालित यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का शनिवार को भव्य समापन समारोह बदायूँ क्लब बदायूँ में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता व जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया। समारोह के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, सिलाई मशीन, इलेक्ट्रिक प्रेस व स्टैण्ड, वॉशिंग मशीन वितरित की गई। मेले में स्टॉल लगाने वाले व्यवसायियों, कलाकारों आदि को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। बदायूँ मेले के आयोजन में बरेली मण्डल में प्रथम तथा प्रदेश में 11वें स्थान पर रहा।सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने आमजन से आहवान करते हुए स्वदेशी को अपनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों में भारत के लोगों का पसीना व मिट्टी की खुश्बू है। उन्होंने कहा कि भारत आत्मनिर्भर बनेगा इसके लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं व उनको बढ़ावा दें।भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि आमजन स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि स्वदेशी उत्पादों में भारत के श्रमिक, हस्तशिल्पी आदि का पसीना बहा हो, वह उत्पाद स्वदेशी है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि वह बच्चों को स्वदेशी की महत्वता बताते हुए उन्हें स्वदेशी अपनाने के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी मानना है कि वर्ष 2047 में जब भारत आजादी के सौ वर्ष पूर्ण कर रहा हो, तब भारत एक विकसित राष्ट्र के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी भारत वासियों को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में जापान को पीछे छोड़ते हुए आर्थिक महाशक्ति बनेगा।उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्वदेशी मेले में 35 स्टॉल लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि बदायूँ मेले के आयोजन में बरेली मण्डल में प्रथम तथा प्रदेश में 11वें स्थान पर रहा। मेले के दौरान 08 हीरो मोटरसाइकिल्स, 06 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स व 02 ह्युंडई कार की बुकिंग हुई है। उन्होंने बताया कि स्टॉल्स के माध्यम से मेला अवधि में कुल 48 लाख 80 हजार रुपए की बिक्री हुई है।मेले में कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना आदि योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, सिलाई मशीन, इलेक्ट्रिक प्रेस व स्टैण्ड, वॉशिंग मशीन वितरित की गई।

## बीटेक प्रवेश के नाम पर 10 लाख की ठगी, एक गिरफ्तार

सोनभद्र । उत्तर प्रदेश के जिला सोनभद्र में म्योरपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति से वीरमाता जीजाबाई टेक्नोलॉजिकल इंस्टिट्यूट मुम्बई, महाराष्ट्र में महाविद्यालय (वीजेटीआई) में प्रवेश दिलाने के मामले में सोशल मीडिया के माध्यम से 10 लाख रुपये की ठगी करने में पुलिस ने राजस्थान के कोटा से एक युवक को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने शनिवार को बताया की म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबील निवासी ज्ञान प्रकाश ने सूचना दी कि एक अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संपर्क कर वीजेटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश दिलाने के नाम पर दो बार में 10 लाख रुपये की ठगी कर ली।सूचना के आधार पर थाना साइबर क्राइम टीम ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर क्राइम टीम ने राजस्थान के कोटा निवासी विज्ञान नगर से आरोपित रवि मोहन सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से एडमिशन से संबंधित विभिन्न दस्तावेज, बैंक पासबुक, चेकबुक तथा फर्जी एडमिशन फार्म आदि बरामद किए हैं।

# बदायूं को प्रथम एवं बरेली को प्राप्त हुआ द्वितीय स्थान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बी0एल0 वर्मा केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार ने 4ग400 मीटर की रिले रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जिसमें बदायूं ने प्रथम स्थान ,बरेली ने द्वितीय स्थान व पीलीभीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया**

बदायूँ। पुलिस परेड ग्राउंड में चल रही 69वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता-2025 के समापन दिवस पर अनेकों खेलों का आयोजन किया गया। तथा संपूर्ण प्रतियोगिता का प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान बदायूं द्वारा सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बी0एल0 वर्मा केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार ने 4ग400 मीटर की रिले रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। जिसमें बदायूं ने प्रथम स्थान ,बरेली ने द्वितीय स्थान व पीलीभीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व इस प्रतियोगिता में जिला बदायूं की टीम 503 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन प्रथम स्थान पर रही, जिला बरेली की टीम 281 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही व जिला पीलीभीत की टीम 103 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। सभी विजय प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। श्री बी0एल0वर्मा जी ने बच्चों को खेलों का उनके जीवन में महत्व समझाया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महेश चंद्र गुप्ता नगर विधायक व श्रीमती वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष बदायूं ने बच्चों को शारीरिक शिक्षा का महत्व समझाया। उक्त प्रतियोगिता में आए सभी गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी, अशोक भारतीय ब्रज प्रांत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, अध्यक्ष राकेश कुमार संयुक्त शिक्षा निदेशक, बरेली मंडल बरेली, लाल जी यादव जिला विद्यालय निरीक्षक बदायूं, राम सहाय बिन्द प्रधानाचार्य प्रमोद इंटर कॉलेज सहसवान बदायूं, गुलनवाज आलम प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बदायूं, श्रीमती अल्पना कुमारी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बदायूं राहुल दीक्षित प्रधानाचार्य , अनीता कुमारी प्रधानाचार्य व जिले के समस्त सम्मानित प्रधानाचार्य व नामित शिक्षक मौजूद रहे। तथा प्रतियोगिता में सभी निर्णायकों ने प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संचालित होने में पूर्ण सहयोग किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में लगी फरियादियों की भीड़,108 में 34 का निस्तारण

**जिलाधिकारी ने अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभाग के अधि कारियों की टीम मौके पर भेजने के निर्देश दिए हैं**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। करनैलगंज तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 108 फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।जिसमेपांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दि या गया।

अन्य शिकायतों का निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधि कारियों की टीम मौके पर भेजने के निर्देश दिए हैं।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतो को जांच करने के बाद ही निस्तारण करें।इनमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों में पूरी तरह सक्रियता बढ़ती जाए और अगर कोई विवादित शिकायत है तो पुलिस प्रशासनिक संयुक्त टीम मौके पर भेज कर उसे समस्या की जांच कर उसका समाधान कराया जाए।संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी, वीडियो ग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिका री के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनि श्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधि त विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने घरौनी के बीस पात्र लाभार्थियों को घरौनी का प्रमाण पत्र वितरित किया।

## हाथरस की छात्रा ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

हाथरस । उत्तर प्रदेश में जनपद वाराणसी के उदय प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित 69वीं प्रदेशीय विद्यालयीय राइफल व पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता प्रतियोगिता में श्री रामचंद्र अग्रवाल गर्ल्स इंटर कॉलेज हाथरस की छात्रा ने राज्य पदक जीता है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में उसे पदक देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. नीतू सिंह ने शनिवार को बताया कि 69वीं प्रदेशीय विद्यालयीय राइफल व पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक वाराणसी के उदय प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में आरसी इंटर कॉलेज की नौ छात्राओं ने हिस्सा लिया। इनमें से छह छात्राओं ने राइफल शूटिंग व तीन छात्राओं ने पिस्टल शूटिंग में हिस्सा लिया। विद्यालय की छात्रा पिंकी कुमारी ने रजत पदक जीता है। इस अवसर पर आज छात्रा को सम्मानित किया गया है। पिस्टल शूटिंग में राज्य स्तर पर रजत पदक जीतने वाली हाथरस जिले की प्रथम छात्रा है।समारोह के मुख्य अतिथि स्टांप शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षक विधायक सदस्य विधान परिषद चेतनारायण सिंह रहे।

# दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज अभि षेक दावाच्याँ के नेतृत्व में थाना परसपुर पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी रामशरण पुत्र देवता दीन,अनिल पुत्र रामशरण निवासी ग्राम हरिजन पुरवा मौजा रेक्सड़िया थाना परसपुर जनपद गोण्डा को परसपुर बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कि या है। चार अक्टूबर को सुन्दरी देवी पत्नी मुलु कराज निवासी मदारपुर धनसरी थाना जरवल रोड बहराइच ने परसपुर थाने में लिखित तहरी र दी थी कि उनकी पुत्री का विवाह 31,मई 20 22 को हिन्दू धर्म के रीति रिवाजों के अनुसार अनिल पुत्र रामसरन निवासी रकसडिया देवता दीन पुरवा थाना परसपुर के साथ हुआ था।वि वाह के उपरांत पति अनिल एवं ससुरालीजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया था।तीन अक्टूबर को 2025 को ससुराली जन ने फोन करके बताया कि उनकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,वादिनी का आरोप है कि बेटी के विपक्षीगणों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को मार दिया है।

वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना परसपुर में सुसंगत धाराओं में अभि योग पंजीकृत किया गया।मुखबिर की सूचना पर वांछित चल रहे दो दहेज के हत्या आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय रवाना किया गया।

# दीपों के पर्व की शुरुआत धनतेरस से, नगर में दिखा उल्लास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। दीपावली पर्व की तैयारियों के बीच शनिवार को धनतेरस के शुभ अवसर पर नगर के बाजारों में सुबह के समय खरीदारों की संख्या कम दिखी। दिनभर लोग ज़रूरत अनुसार सामान खरीदते नज़र आए, लेकिन शाम ढलते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई। देर रात तक दुकानों पर ग्राहकों की हलचल बनी रही। लोगों ने पारंपरिक रूप से सोना-चांदी, बर्तन, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक और सजावटी सामानों की खरीदारी की। मुख्य बाजार, इमामगंज चौराहा, शिवपुर रोड, पुरानी तहसील क्षेत्र से लेकर गोयल तिराहे तक दुकानों को रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों और फूलों से सजाकर आकर्षक रूप दिया गया। इस बार त्योहार को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। ऑनलाइन खरीदारी के साथ-साथ ऑफलाइन बाजारों में भी ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। शहरवासी अपने घरों की सफाई और सजावट में जुटे हुए हैं। हर गली और मोहल्ला दीपों की रोशनी से जगमगा उठा है। दीपावली पर पूजा-पाठ के साथ-साथ लोगों ने अपने घरों को रंगोली, दीयों और फूलों से सजाने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीपावली केवल रोशनी का त्योहार नहीं, बल्कि खुशियों और मेल-जोल का पर्व है, जो सबको एक साथ जोड़ता है। नगर में इस समय हर ओर उल्लास और उमंग का माहौल है, और दीपों की यह जगमगाहट लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही है।

## लम्बी बीमारी के बाद पूर्व तहसीलदार मातादीन सिंह का निधन

नानपारा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विपिन सिंह के पिता पूर्व तहसीलदार मातादीन सिंह का शनिवार क़ो लम्बी बीमारी के बाद इलाज के दौरान निधन हों गया है ॰ स्व. श्री सिंह मूलतः सीतापुर के निवासी है और इनका जन्म आजादी से पूर्व 1937 में हुआ ॰ स्व. श्री सिंह सरकारी नौकरी में रहते हुए जनपद बहराइच में तहसीलदार बने और 1995 में राजस्व विभाग से सेवानिवृत हुए और अपना निवास तहसील नानपारा के मोहल्ला पड़ाव में बना लिया । इनके एक दामाद कई जिलों के जिलाधिकारी रहने के बाद वर्तमान में मुख्यमंत्री के ओएसडी के रूप में सेवा दे रहे है ॰ जैसे ही नानपारा में मृत्यु की खबर लगी वैसे ही लोगों का उनके घर जमावड़ा शुरू हों गया ॰ भाजपा नेता विपिन सिंह ने बताया की उनके पिता का अंतिम संस्कार शिवालय बाग़ स्थिति बैकुंठ धाम पर होगा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ यूपी ट्रेड शो में स्वदेशी मेला का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर स्थित गाँधी पार्क में लगे यू.पी. ट्रेड शो स्वदेशी मेला के अंतिम दिन सांस्कृतिक का र्यक्रम के साथ ही मेले का समापन किया गया।जिसमें रजिस्टर्ड कलाकारों के द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी और उन्हे,प्रमाण पत्र वितरित किये गये।इसके साथ ही मेले में स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य द्वारा लगाये गये सभी स्टॉल धारकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान स्टॉल धारकों ने मेले का अनुभव साझा किया और जिला उद्योग केंद्र का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने दिवाली के त्योहार से पहले उद्यमियों को इतना अच्छा मंच प्रदान किया,जिसमें उन्हें निःशुल्क स्टॉल मिली और साथ ही गोण्डा जनपद वासियों ने बढ़-चढ़कर खरीदी की।उपयुक्त उद्योग उद्योग बाबू राम यादव ने बताया कि जनपद गोण्डा के गाँधी पार्क में 09 से 18 अक्टूबर,2025 तक लगे स्वदेशी मेले में सभी जनप्रतिनिधियों ने प्र तिभाग किया और मेले की खूब प्रशंसा भी की मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी गई। जिसमें सभी गोण्डा के स्थानीय उत्पादजैसे जरी,पैचवर्क,चाकू, वायलिन,टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगाये गये।साथ ही मेले में हाथ के बने खिलौने कैलीग्राफी वॉल आर्ट, एल्युमिनियम से बने यूनिक वॉल पीस और आयुर्वेदिक दवा के साथ-साथ डॉक्टर द्वारा बीपी शुगर नापने की सुविधा भी मौजूद रही। उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन सांस्कृ तिक संध्या का आयोजन किया गया,जिसमें नृत्य,गीत,नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए।भजन संध्या,सदाबहार गीतों की शाम का आमजन ने लुत्फ उठाया। उन्होंने बताया कि मेले को अधिक भव्य और आकर्षक बनाने केलिए गोण्डा के खास पकवान,चाट-पकौड़ी आई स्क्रीम आदि खान-पान के स्टाल भी लगाये गए, जिसमें पानी पुरी और आइसक्रीम गोण्डा जनप द वासियों में काफी लोकप्रिय रहे।साथ ही मेले में लगे बच्चों के झूले प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने बताया कि यह स्वदेशी मेला जिले में निर्मित स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी के लिए एक बड़ा मंच साबित हुआ। दीपावली के शुभ अवसर पर स्वदेशी उत्पादों से अपने घर को सजाने और जीएसटी की दरों में कमी का लाभ उठाने के लिए अधि क से अधिक संख्या में लोगों ने आकर मेले का लुत्फ उठाया।वही यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला का समापन बीजेपी विधायक तरबगंज प्रेम नरायण पाण्डेय,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने किया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । नगर कोतवाली पुलिस की बिमौर इमरती विसेन के पास दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। दोनों के पैर में गोली लगी है। इन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि जानकीनगर निवासी शिवम सिंह उर्फ राघवेंद्र से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी न देने पर उनके ऊपर फायरिंग की गई इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा था। विमौर इमरती विसेन गांव के पास बाइक से आरोपित जाते दिखे,जिसपर उनका पीछा किया गया।आरोपितों ने पुलिस को आते देख फायरिंग शुरू कर दी।जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है।घायलों की पहचान चंदान तिवारी उर्फ पवन व आशु उपाध्याय उर्फ पिंकल के रूप में हुई है। दोनों पर गोंडा व अयो ध्या जिले के अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं।गिरफ्तारी के कई पुलिस टीमों को लगाया गया था इन आरोपियों को लेकर जहां शुक्रवाररात्रि 7.30 बजे बिमौर गांव के पास एक मोटर साइकिल पर सवार दो आरोपियों को जाता हुआ पुलिस टीम ने देखा।जब रोकने का प्रयास किया तो उन लोगों द्वारा पुलिस टीम पर ताबड़ तोड़ फायरिंग कर दी गई जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है जहां दोनों बदमाशों के दाहिने पैर में गोली लगी है।

# उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण दर्ज करने की अन्तिम तिथि 05 दिसम्बर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**समय से विवरण दर्ज न करने पर हो सकती है छः माह की कैद व अर्थ दण्ड**

बहराइच । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 08 अप्रैल 2025 से एकीकृत वक्फ प्रबन्धन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास (उम्मीद) अधिनियम-1995 लागू किया गया है। अधिनियम के प्राविधान अन्तर्गत धारा ३ (क) के अनुसार केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा एक सशक्त उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल, 2025 का शुभारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य मौजूदा औकाफ का विवरण, पंजीकरण, लेखा, लेखा परीक्षा और वक्फ एवं बोर्ड के अन्य विवरण को उम्मीद पोर्टल पर लोड किया जाना है।डीएमओ श्री खालिद ने बताया कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण उम्मीद पोर्टल पर भरे जाने की अन्तिम तिथि 05 दिसम्बर, 2025 है। निर्धारित तिथि तक मुतवल्ली द्वारा विवरण न भरे जाने की दशा में रू. 20,000=00 का जुर्माना अथवा 06 माह कैद का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति को उम्मीद पोर्टल पर अपना पंजीकरण करना होगा। द्वितीय चरण में उम्मीद पोर्टल पर उपलब्ध वक्फ सम्पत्तियों का विवरण फीड/अपलोड किया जायेगा। उम्मीद पोर्टल पर मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति का पंजीकरण करने हेतु पहचान व पते के लिए आधारकार्ड, पैनकार्ड, वोटर आई.डी. बिजली का बिल, पासपोर्ट साइज फोटो, मुतवल्ली/प्रबन्ध समिति का तौलियत प्रमाण पत्र, ई-मेल आई.डी., मोबाइल नम्बर, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आयु का प्रमाण पत्र एवं वर्तमान रोजगार आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।डीएमओ ने बताया कि उम्मीद पोर्टल पर वक्फ सम्पत्ति का विवरण अपलोड करने हेतु वक्फकर्ता का पता, दफा-37 की प्रति, वक्फनामा, वक्फ का प्रकार व उद्देश्य, वक्फ का सम्पूर्ण पता, वक्फ का गाटा नम्बर/प्लाट नम्बर, रकबा, तहसील की खतौनी, वक्फ की आमदनी, कोर्ट केस का विवरण (यदि कोई हो) आदि दस्तावेजों की भी आवश्यकता होगी। उन्होंने जनपद के समस्त मुतवल्ली/अध्यक्ष को निर्देशित किया है कि वांछित दस्तावेज़ों के उम्मीद पोर्टल की वेवसाइट उम्मीद डाट मैनारिटीअफ़ेयर्स डाट जीओवी डाट इन पर वक्फ सम्पत्तियों का विवरण दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में वक्फ बोर्ड द्वारा नामित मुतवल्लियों एवं को-आर्डिनेटर एवं जनपद से सम्बन्धित वक्फ मुतवल्लियों के साथ 25 अक्टूबर 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दरगाह शरीफ, बहराइच के सभागार में बैठक आयोजित की गई है।

# त्योहार में सेहत से खिलवाड़ मिलावट खोर गोण्डा में सक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । दीपावली,भैया दूज और छठ पर्व आने से पूर्व मिलावटखोर नकली व मिलावटी खाद्य पदार्थ जिले में खपाने की तैयारी में सक्रिय हैं। कुंतलों माल जिले की कस्बाई व छोटी-बाजारों तक पहुंचाया जा चुका है।त्योहार के पूर्व खाद्य सुरक्षा के छापामारी अभियान में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी से जुडे इसी तरह के तथ्य सा मने आ रहे हैं। बीते एक सप्ताह में विभाग की छापामार टीमों ने 26 कुंतल नकली छेना बराम द किया है। ज्यादातर मामले सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से सामने आ रहे हैं।मिठाइयों के अलावा मिला वटी व नकली मसालों की बड़ी खेप की भी सैं पलिंग विभागीय टीमों ने की है।चिकित्सकों की मानें तो नकली व मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन जानलेवा भी हो सकता है।इनमें प्रतिबंधि त खाद्य तेलों, सिंथेटिक दुग्ध उत्पादों का प्रयोग किया जाता है।चिकित्सक डॉ.अखिलेश त्रिपा ठी का कहना है कि मिलावटी खाद्य पदार्थ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद ख तरनाक हैं।ये शरीर में धीरे-धीरे फूड पॉइजनिंग की तरह काम करते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षम ता को कमजोर कर देते हैं। उन्होंने बताया कि मिलावटी मिठाई, तेल,मसाले और दूध उत्पादों के सेवन से पेट संबंधी बीमारियां,लीवर संक्रम ण,किडनी डैमेज,हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्या एं हो सकती हैं।कुछ मामलों में यह कैंसर जैसी घातक बीमारी तक का कारण भी बन सकते हैं डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे उत्पाद दिखने में भले ही अच्छे हों, लेकिन इनमें इस्तेमाल होने वाले कृत्रिम रंग,रसायन और सिंथेटिक सामग्री बेहद हानिकारक होते हैं।

# प्रकाश पर्व पर शिक्षकों को मिला अनमोल उपहार एवं मिष्ठान

**विद्यालय के प्रधानाध्यापक बरकात अहमद ने सभी शिक्षकगणों को बधाई देते हुए एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को प्रकाश का पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाने की अपील की**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। मिहींपुरवा क्षेत्र अंतर्गत गायघाट कस्बे में स्थित अनमोल माण्टेसरी स्कूल में दीपोत्सव पर्व के अवसर पर विद्यालय में अवकाश से पूर्व' दीपोत्सव शिक्षक सम्मान' का आयोजन हुआ।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक बरकात अहमद ने सभी शिक्षकगणों को एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों को प्रकाश का पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाएं उन्होंने पूरे अनमोल शिक्षक परिवार का मुंह मीठा करवाया तथा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उपहार देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक बरकात अहमद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा बच्चों आप प्रकाश का पर्व खूब धूमधाम से मनाएं, लेकिन तमाम आतिशबाजी से बचें रहें। हमारे वातावरण को स्वच्छ बनाए रखें क्योंकि स्वच्छता हमें तमाम संक्रामक रोगों से बचाए रखती है। प्रकाश पर्व का प्रतीक दीपावली पर आपके घरों में सुख-समृद्धि आए, आप शिक्षा में आगे बढ़ें सभी को मेरी शुभकामनाएं। वहीं विद्यालय के संस्थापक मोहम्मद सलीम, प्रबंधक डा. ऐनुद्दीन व अध्यक्ष पं. गृह प्रकाश त्रिपाठी ने बच्चों को शांतिपूर्ण रुप में त्यौहार मनाने के साथ ही बधाई दी। इस मौके पर शिक्षक मोहम्मद जमील कुरैशी, अनिल कुमार, महेश कुमार, वीरेंद्रअवस्थी, बृजेश श्रीवास्तव, हाफिज अब्दुल मोईद, मुजफ्फर अली, हंसराम, निर्भय कुमार, मोनू मौर्य, अंकित कुमार, राकेश कुमार, कौशल वर्मा, सोनल अवस्थी, सायन बेगम, आरजू बेगम, शबनम, रीना सहित सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जुए के अड्डे पर छापा, 57720 रुपये समेत सात गिरफ्तार

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे बिवांर थाना क्षेत्र की पुलिस ने जुआ खेलते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया। मौके से 57,720 नकद और ताश की गड्डी बरामद की। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई थी।बिवांर थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने शनिवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि छानी खुर्द गांव में रानी तलैया के पास बंटा की दुकान के सामने कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान सात लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने जुआ स्थल से 49,700 और आरोपितों की जामा तलाशी के दौरान 8,020 बरामद किए। कुल 57,720 नकद और ताश की गड्डी जब्त की गई। सभी के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान छानी खुर्द निवासी रामपाल पुत्र रामजीवन, बच्चा पुत्र मइयादीन, अर्पित शर्मा पुत्र सुशील कुमार शर्मा, स्वयं प्रकाश पुत्र रामफल, राजू अनुरागी पुत्र कल्लू अनुरागी, पंकज पुत्र स्वामीदीन और बबलू पुत्र स्वामीदीन के रूप में हुई है।

# योजनाबध्द तरीके से बनाई गई कार्ययोजना नही होता है विफल : विधायक

**सेवानिवृत्त शिक्षक हमारी प्रेरणा उनका साधुवाद हमें उन्नति प्रदान करेगा : महेन्द्र पाल सिंह**

**भटहट में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई भटहट द्वारा 18 अक्टूबरशनिवार को लक्ष्य रिसार्ट कौलहा करमहाँ खुर्द में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्र पाल सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह नें माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि सम्बोधित करते कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह होता है जो नरम मिट्टी सामान बच्चों को जिस रूप में चाहे ढाल सकता है । शिक्षक का स्थान भगवान से ऊपर माना गया है और एक शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता होता है । विधायक ने आगे कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बनाई गई कोई भी कार्ययोजना कभी विफल नही होता है । विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित शिक्षकों एवं सेवानिवृत शिक्षकोंको संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत शिक्षक अपने जीवन काल में संघर्षों का सामना करते हुए बच्चों को अपने निर्दिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदैव प्रयासरत रहता है साथ हीअपने को भूलकर उसे राष्ट्र निर्माण करने में उसकी हर तरह से मदद करता है ।कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित शिक्षकों एवं सेवा निवृत शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योति ठाकुर , डॉ किरन लता मिश्रा , क्षीरजा अग्निहोत्री व सुश्री चेष्टा सिंह नें किया।कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षक दिनेश चन्द्र पांडेय ,श्रीमती आशा पांडे,शैल कुमारी पांडेय,शशि पांडे,मारग्रेट शेराफिन, नीलिमा ओरीलाल, रज़ी अहमद जी आदि को सम्मानित करते हुए अंग वस्त्र , पवित्र पुस्तक ,स्मृतिचिन्हआदि देकर सम्मानित किया गया ।

अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष राजेश धर दुबे ने कहा कि जिस दिन शिक्षक बच्चों में भगवान का स्वरूप देख लेगा उसी दिन संगठन का उद्देश्य पूर्ण हो जाएगा ।कार्यक्रम को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोरखपुर के जिलामंत्री श्रीधर मिश्र ,मांडलिक मंत्री ज्ञानेंद्र ओझा ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र राय,जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, संयुक्त मंत्री युगेश शुक्ला अन्य लोग मौजूद रहे।

# ब्लाक प्रमुख के आवास पर आयोजित भण्डारा में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह बैस शंकरगंज में ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर सात दिवसीय दिव्य एवं भव्य श्रीमद भगवत कथा के उपरांत शनिवार को विशाल कन्याभोज एवं भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में कन्याओं के साथ ही जनप्रतिनिधियों ने प्रसाद ग्रहण किया।ब्लाक प्रमुख ने अतिथियों का स्वागत कर आभार जताया। ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के आवास पूरे दान सिंह वैस मेढ़ौना में अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज के मुखारबिंदु से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के विश्राम उपरांत शनिवार को दोपहर करीब बारह बजे से कन्याभोज एवं विशाल भण्डारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रारम्भ हुआ जिसमें ब्लाक प्रमुख ने स्वयं कन्याओं के चरण पखार कर प्रसाद ग्रहण कराया और



हजारों की संख्या में कन्याओं ने प्रसाद के रुप में पूड़ी सब्जी दाल चावल बूंदी ग्रहण किया। ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सिद्धार्थ सिंह, धीरु सिंह, दिग्विजय सिंह, राहुल सिंह सहित अन्य तमाम लोगों द्वारा आगंतुकों का स्वागत कर आभार जताया।अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने आगंतुकों को अंगवस्त्र के साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी का चित्र भेंट किया।इस मौके पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, गौरीगंज के

**कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने डीएम और एसपी को अंगवस्त्र के साथ प्रतीक चिन्ह भेंट किया**

विधायक राकेश प्रताप सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, एडीएम अर्पित गुप्ता, मनीष सिंह, विपुल सिंह चौहान, हरिओम तिवारी, राम किशुन कश्यप, संदीप सिंह कठौरा,अंकित पासी, देवी शरण बाजपेई, शिरीष गुप्ता, आशीष मिश्रा, राजेश पाण्डेय, वीरेन्द्र तिवारी, भास्कर सिंह,आशीष नंदन त्रिपाठी, सुजीत पाण्डेय, धर्मेश मिश्रा, ध्रुवराज पासी, संतोष तिवारी, अरुण प्रताप सिंह, संदीप शुक्ला, कौशलेंद्र सिंह, गुडडू सिंह, बबलू सिंह, डॉ सुरेन्द्र सिंह, सत्य नारायण सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गौरीगंज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय।उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये। आज तहसील गौरीगंज में



कुल सोलह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में ग्यारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में तेइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में सत्रह शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी, बीएसए संजय तिवारी तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पांच लाख रुपये के अवैध पटाखा के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना जगदीशपुर पुलिस ने दीपावली के त्यौहार पर अवैध पटाखा बिक्री व भण्डारण करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से राकेट बम, अनार आदि विभिन्न कम्पनियों के भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किये गये हैं जिनकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत जनपद अमेठी में अवैध पटाखों के निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र व संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जल निगम रोड के एक मकान में एक व्यक्ति अवैध पटाखों का भण्डारण किये हुये है।उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुये मोहम्मद कयूम पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी जल निगम रोड पालपुर थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके मकान से बाइस बण्डल मंगलम ब्राण्ड पटाखा, पच्चीस पैकेट चितम्बरम राकेट बम, बाइस पैकेट फ्लावर पार्ट पटाखा, दस पैकेट हैप्पी मूवमेन्ट पटाखा, दस पैकेट किट कैट पटाखा, दो सौ चौबीस छोटा अनार, एक सौ बिजली ब्राण्ड पटाखा, एक सौ तीस बेल्स ब्राण्ड राकेट बम व अशोका ब्राण्ड पटाखा बरामद हुआ।इसी क्रम में मुखबिर से सूचना मिली कि सुब्बन की प्लाटिंग में बने मोहम्मद तौफीक के मकान में मोहम्मद तौफीक अवैध पटाखों का भण्डारण किये हुये हैं तथा बेचता भी हैं उक्त सूचना पर तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर अवैध रूप से पटाखा भण्डारण किये हुये मोहम्मद तौफीक पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी ग्राम हरगांव थाना जामो को गिरफ्तार किया गया जिसके मकान से नौ सौ मंगलम ब्राण्ड पटाखा, पचहत्तर चितम्बरम राकेट बम,अठारह पैकेट फ्लावर पार्ट पटाखा, दस पैकेट हैप्पी मूवमेन्ट पटाखा,दस पैकेट किटकैट पटाखा, सत्तर छोटा अनार, एक सौ चालीस बिजली ब्राण्ड पटाखा, एक सौ बीस बेल्स ब्राण्ड राकेट बम व चालीस अशोका पटाखा बरामद हुआ। पटाखा निर्माण व बिक्री करने का लाइसेंस मांगने पर दिखा नही सके। थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये युवकों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्जकर लिया गया है।

# यू0पी0 ट्रेड–शो स्वदेशी मेले 2025 का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा स्वदेशी मेले मे लगे विभिन्न स्टालो जैसे राजेश सिंह, रिंका सिंह, रजनीबाला, उषा सिंह मूँज क्राफ्ट से संबंधित उत्पाद स्टाल, पूजा श्रीवास्तव स्वयं सहायता समूह, सुनीता सिंह रेडिमेड गारमेंट्स स्टाल अंजुम बानो, तबस्सुम बानों स्वयं सहायता समूह प्रेम विश्वकर्मा प्रेम काष्ठ कला स्टाल एवं विभागीय स्टाल जैसे कौशल विकास मिशन, माटी कला बोर्ड, खादी ग्रामोद्योग, एन0आर0एल0एम0, आरसेटी(बैंक ऑफ बडौदा), यू0पी0नेडा अन्य स्टालो का भ्रमण करते हुये एमएलसी द्वारा हस्तशिल्पियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। इसके उपरान्त एमएलसी द्वारा सीएम-युवा उद्यमी विकास अभियान योजनांतर्गत लाभांवित लाभार्थियों यथा- रेनु वर्मा



को सोलर, जयभद्र सिंह को जिम, उमेश कुमार वर्मा को फूड ट्रक, रंजीता रावत को दोना पत्तल एवं गोपीचंद्र को ई-रिक्शा में ऋण वितरण हेतु डेमो चेक प्रदान किए गए एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों सरिता, अंजू, कंचन, नीतू एवं रिया वर्मा को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र वितरण किया गया। लाभार्थियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत योजना का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ अधिक से अधिक संख्या में व्यक्तियों को लाभ दिलाये जाने तथा आम जनमानस से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराते हुए अतं में उपायुक्त उद्योग द्वारा मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मिशन शक्ति फ़ेज–5 के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति फ़ेज–5 के अंतर्गत आज शनिवार को गोसाईगंज थाना की पुलिस टीम ने सुलतानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड फॉरमेशी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह, उपनिरीक्षक दयाराम मिश्र, कांस्टेबल भूपेंद्र यादव, महिला कांस्टेबल रिंकू गुप्ता तथा महिला कांस्टेबल अंशुरानी ने कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को लघु फिल्म इंटीग्रेशन (1090) दिखाकर महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1090 (महिला पॉवरलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 (स्वास्थ्य सेवा), 102 (जननी एंबुलेंस सेवा), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) एवं 1098 (बाल सहायता हेल्पलाइन) के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।

## धनाराघाट शारदा नदी में नाव संचालन बंद, हजारा क्षेत्र के लोगों को बढ़ी परेशानी

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के धनाराघाट स्थित शारदा नदी में चल रही नाव सेवा को उपजिलाधिकारी के निर्देश पर बंद करवा दिया गया है। प्रशासन के इस निर्णय से हजारा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार दोपहर तीन बजे बताया जाता है कि बारिश के मौसम में पेंटून पुल हटा दिया जाता है, जिससे लोगों को तहसील या जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए भीरा–पलिया मार्ग से होकर डबल दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में नाव संचालन स्थानीय ग्रामीणों के लिए एकमात्र राहत थी, जिससे वे आसानी से नदी पार कर सकते थे। अब नाव बंद होने से लोगों को फिर लंबा रास्ता तय करना पड़ेगा। जिसको लेकर लोग परेशान हैं।

## बरखेड़ा चेयरमैन कार्यालय का हुआ शुभारंभ उपस्थित रहे कई लोग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बरखेड़ा चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल के नवनिर्वाचित कार्यालय का हवन पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्याम बिहारी भोजवाल ने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय का उद्देश्य क्षेत्र के विकास और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है।नागरिक सुविधाओं का विकास नगर पंचायत कार्यालय नागरिक सुविधाओं जैसे कि पानी, सफाई, सड़क आदि के विकास के लिए काम करेगा। कार्यालय क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाएगा और उनका क्रियान्वयन करेगा। कार्यालय नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम करेगा साथ ही सभी नगर पंचायत वासियों की समस्याओं को सुना जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उन समस्याओं के समाधान के लिए कहा जाएगा ।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ में बच्चों ने मनाया दीपावली का पर्व

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ में दीपावली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने दीप जलाकर और पटाखों के साथ इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया। बच्चों ने विद्यालय में दीप जलाकर दीपावली का त्यौहार मनाया।बच्चों ने पटाखे जलाए और मिठाइयाँ बांटीं।विद्यालय का माहौल खुशियों से भरा हुआ था। बच्चों ने दीपावली की तैयारी के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्यालय की शिक्षिका संगीता वर्मा ने बच्चों को दीपावली के महत्व के बारे में बताया है।

## गश्त पर निकली पुलिस से मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धर्मापुर के रहने वाले छोटेलाल सक्सेना गांव किनारे दुकान चलाते है दुकान पर गांव का ही रहने वाला पंकज शराब के नशे में धुत होकर पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर शराबी ने छोटेलाल और उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट शुरू कर दी गश्त से लौट रही पुलिस उप निरीक्षक वरुण राणा और कांस्टेबल रोहित राठी मारपीट होते देख मौके पर पहुंच गए और समझाने का प्रयास किया न मानने पर मारपीट कर रहे आरोपी को पकड़ लिया सूचना मिलने पर आरोपी के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और आगबबूला परिजनों ने पुलिस से पकड़े गये पंकज को छुटाने के प्रयास मे वरुण और रोहित के साथ मारपीट कर जमीन पर गिरा लिया और शराबी युवक को छुड़ा लिया और मौका पाकर आरोपी फरार हो गया पुलिस कर्मियों के साथ हुई हाथापाई की सूचना कोतवाली में दी गई सूचना पाकर कोतवाली से अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गएऔर स्थिति को संभाला और पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपी के बुजुर्ग लगभग 70 वर्षीय पिता को हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई इससे पहले भी चोरी के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस के साथ महिलाओं द्वारा मारपीट का मामला सामने आ चुका है पुलिस के साथ हुई मारपीट को विषय लोगो के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# सचिव की मनमानी से बगैर डीएपी पाए किसान बैरंग वापस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समिति रैंचा पर सचिव की तानाशाही रवैये के चलते किसानो को खाद नही मिल पा रही है। किसानो का आरोप है कि सचिव गोदाम से अपने चहेतो को पांच से आठ बोरी डीएपी खाद उपलब्ध करवा रहा है, वही सुबह सात बजे से खाद लेने के लिए लाईन में लगे किसानों को मात्र एक बोरी खाद दे रहा है। जब किसानों ने इसका विरोध किया तो सचिव किसानो को धमकाने लगा जिससे गोदाम पर बवाल खड़ा हो गया, बल्दीराय की पुलिस के पहुंचने पर खाद का वितरण शुरू हुआ। रैंचा ग्राम पंचायत के किसान राम भवन, मोबीन अहमद, बबलू तिवारी, हिमांशु पांडे, कृष्ण कुमार यादव, वीरेंद्र यादव आदि किसानों ने बताया कि साधन सहकारी समिति रैंचा के गोदाम से पंचायत के किसान बहुत कम ही खाद पाते हैं। यहां तैनात सचिव बृजभूषण पांडे गोदाम पर आई खाद को बाहर किसानों को देकर बिक्री कर देता है। ग्राम पंचायत रैंचा के कई किसानों ने इसके पूर्व भी उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी लेकिन कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं हुआ किसानों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए तत्काल सचिव को हटाने की मांग की है।

# स्वास्थ्य कैंप के आयोजन में 144 मरीजों को मिला नि:शुल्क परामर्श



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। बल्दीराय के वलीपुर बाजार में स्थित मीरा मेडिकल स्टोर पर एक स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रदीप वर्मा ने 144 मरीजों को विभिन्न रोगों से संबंधित नि:शुल्क परामर्श दिया। डॉ. प्रदीप वर्मा ने न्यूरो मस्तिक एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ के रूप में मरीजों को परामर्श दिया। मरीजों से कोई शुल्क नहीं लिया गया। डॉ. वर्मा ने लकवा, थायराइड, कमर दर्द, सिर दर्द से संबंधित नि:शुल्क उपचार के लिए सलाह दी। मरीजों ने डॉ. वर्मा का हृदय से आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। कैंप के अवसर पर मीरा मेडिकल स्टोर परिसर में मरीजों की भीड़ लगी रही।

# दीपावली पर्व पर सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

## जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,दीपावली पर्व के दृष्टिगत जन धन की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जिला प्रशासन ने आमजन से सावधानी बरतने की अपील की है। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि पटाखों से होने वाली संभावित हानि को रोकने के उददेश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुरक्षा उपाय जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार आनंद और उत्सव का प्रतीक है किंतु जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। अतः नागरिकों से अपील है कि सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से दीपावली मनाएं। एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि बच्चों को वयस्कों की देखरेख में ही पटाखे जलाने दें।पटाखों को समतल स्थान पर रखकर ही जलाएं अन्यथा वे अनियंत्रित होकर नुकसान पहुंचा सकते हैं।मोमबत्ती को डंडे में बांधकर पटाखे जलाने का प्रयोग करें।जलते पटाखों से उचित दूरी बनाये रखें।चुस्त व मोटे सूती कपड़े पहनकर ही पटाखे छोड़ें।दो बाल्टी पानी पास रखें ताकि आपात स्थिति में उपयोग किया जा सके।पटाखों को आग के स्रोत एवं ज्वलनशील पदार्थों से दूर रखें।कम आवाज वाले एवं ग्रीन पटाखों का प्रयोग करें।उन्होंने कहा कि पटाखों को हाथ में पकड़कर न जलाएं जो पटाखे नहीं फूटे हों, उन्हें उठाकर देखने का प्रयास न करें।घरों के अंदर, विशेषकर रसोई के पास पटाखे न चलाएं।पटाखों को जेब में न रखें।बच्चों को किसी के ऊपर जलते पटाखे फेंकने न दें।प्रयुक्त पटाखों की सामग्री से नए पटाखे न बनाएं।घनी बस्तियों, पेट्रोल पंप, तेल भंडार, आरा मशीन या पंडाल के पास पटाखे या रॉकेट न चलाएं।अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि किसी भी आगजनी या जलने की घटना की स्थिति में तुरंत आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना दें और घायलों को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक शीघ्र पहुंचाएं।

## मेडिकल स्टोर की आड़ अस्पताल का संचालन साठगांठ के चलते नही हुई करवाही

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के कजरी निरंजनपुर मे मेडिकल स्टोर के आड़ में अवैध रूप से अस्पताल का संचालन करने के मामले में सीएमओ ने पूरनपुर चिकित्साधिकारी को अस्पताल सील कर संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया था एमओआईसी ने अस्पताल को सील कर दिया, लेकिन संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी नहीं लिखाई गई स्वास्थ्य महकमे के अफसर अस्पताल को मेडिकल बताकर मामले को रफा दफा करने में जुटे हुए हैं पूरनपुर क्षेत्र के गांव धनेगा निवासी जुम्मन ने आइजीआरएस न पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में बताया था कि आसाम रोड स्थित गांव कजरी में अरमान बी फार्मा की आड़ में दुकान पर बोर्ड लगाकर अस्पताल का संचालन कर रहा है जिसमें मनीष शर्मा ने छापेमारी की थी ।

## नेशनल हाईवे पर राइस मिल के पास बाइक सवार को बचाने में नेपाल जा रही बस खाई में पलटी, 22 यात्री सवार

पूरनपुर।नेशनल हाईवे पर राधा माधव राइस मिल से कुछ ही दूरी पर शनिवार सुबह लगभग 6:40 बजे बड़ा हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार शिमला से नेपाल के जाजर कोट जा रही एक मिनी बस बाइक सवार को बचाने के चक्कर में असंतुलित होकर हाईवे किनारे स्थित गहरी खाई में पलट गई। हादसे के दौरान बस में करीब 22 यात्री सवार थे। बस पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सभी यात्रियों को खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकाला गया। हादसे में गर्भवती महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आठ माह की गर्भवती महिला नरता पत्नी भरत, पार्वती पत्नी मानवीर, इसरी पत्नी दिलवहादुर, दिलवहादुर और मनसरा पत्नी रघुवीर शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बताया जा रहा है ।

## विद्यालय में बच्चों ने दीप प्रज्वलित कर मनाया दीपावली एवं धनतेरस का त्यौहार व्यापारी नेता ने बच्चों को वितरण किए उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में दीपावली तथा धनतेरस का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर युवा व्यापार मंडल पीलीभीत जिला उपाध्यक्ष अनुज खंडेलवाल जो कि वर्तमान में ग्राम नारायणपुर पूरनपुर से प्रधानी के पद के प्रबल दावेदार भी हैं। विद्यालय में पहुंच कर बच्चों के साथ दीपावली बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई एवं बच्चों को चॉकलेट्स वितरित की हैं।सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्राजूलन कर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया बच्चों को मिठाइयां बांटी गई एवंपटाखे चलाए गए साथ ही साथ बच्चों के द्वारा बड़े ही आकर्षक ढंग से रंगोली बनाई गई।पूरे विद्यालय को बच्चों द्वारा बनाए गए दीपी से सजाया गया।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुगंध अग्रवाल ने समस्त स्टाफ को उपहार व मिठाइयां भेंट की व सभी को दीपावली के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि दीपोत्सव का यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। अतः हम सभी को इस दिन यह प्रण लेना चाहिए कि हमें सदैव धर्म के मार्ग का अनुसरण करते हुए। सच्चाई के पथ पर आगे बढ़ाना है। वा श्री रामचंद्र के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए उनके मूल्य व आदर्शो को अपने जीवन में आत्मसात करना है तभी इस पर्व की सार्थकता है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ नवल किशोर, रजनी शर्मा , रणदीप सिंह तथा समस्त रसोईया आदि मौजूद रहे है।

## सम्पादकीय

# एक नायाब साल

पहली नजर में बड़े पद की चमक-दमक का अपना सम्मोहन होता है, लेकिन हकीकत में जिम्मेदारी-जवाबदेही व विपरीत चुनौतियों में सामंजस्य बैठाना कांटों का ताज पहनने जैसा ही होता है। अंतहीन जन-अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरना उतना ही कठिन होता है। वैसे किसी सत्ता का एक साल बहुत लंबी अवधि नहीं होती। उसके आधार पर अंतिम मूल्यांकन करना भी जल्दबाजी ही कही जाएगी, लेकिन इससे किसी नेतृत्व या सरकार की दिशा-दशा को बोध तो हो जाता है। कमोबेश, यह कसौटी हरियाणा में एक साल पूरा कर रही नायब सैनी सरकार के लिये भी है। सामाजिक न्याय के समीकरण संतुलन की कवायद के क्रम में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने वाले नायब सैनी की इस पद पर ताजपोशी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पसंद रही है। जब नरेंद्र मोदी चंडीगढ़-हरियाणा में संगठन का दायित्व निभा रहे थे, तो सैनी उनके कार्यालय सहयोगी थे। इस मायने में बिना राजनीतिक व समृद्ध आर्थिक पृष्ठभूमि के राज्य के मुख्यमंत्री पद तक पहुंचने को एक बड़ी कामयाबी कहा जा सकता है। उनके राजनीतिक विरोधी भी उनकी सदाबहार मुस्कान-विनोदप्रियता के कायल रहे हैं। वे विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं को सम्मान सार्वजनिक रूप से देते नजर आते हैं, लेकिन पिछले विधानसभा सत्र में मुद्दों पर विपक्षी नेताओं को आड़े हाथों लेने से भी वे नहीं चूके। वैसे तो उनके एक साल के कार्यकाल में कई चुनौतियां सामने आती-जाती रही हैं, लेकिन हाल ही में एडीजीपी वाई.पूरन कुमार व एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या ने सरकार के सामने असहज स्थिति व बड़ी चुनौती पेश की। हालांकि, देर से ही सही फौरी तौर पर मामले का पटाक्षेप हुआ, लेकिन इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुद्दे की संवेदनशीलता को महसूस कर कदम बढ़ाए। एडीजीपी द्वारा आत्महत्या की खबर उन्हें जापान दौरे के दौरान मिली तो उन्होंने दौरे में शामिल उनकी पत्नी अमनीत को अधिकारियों के साथ तुरंत भारत भेजा। भारत आते ही खुद भी वे सीधे एडीजीपी के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे, तो एएसआई संदीप लाठर के घर भी परिवार को संबल देने गए। बहरहाल, ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ नायब सैनी को जरूर मिला है। कई विकास योजनाएं कायदे से सिरे चढ़ी हैं। लेकिन लाडो लक्ष्मी योजना ट्रंप कार्ड साबित हुई है। विधानसभा चुनावों में इस योजना के वायदे का छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र चुनावों की तर्ज पर हरियाणा में भी भाजपा को खासा लाभ मिला। मिले परिणामों ने तमाम कयासों को निरर्थक साबित किया। हर जरूरतमंद महिला को सरकार की तरफ से 21 सौ रुपये मिलना, उन्हें आर्थिक स्वावलंबन देना ही है। पहले चरण में बाइस लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। निस्संदेह, कमजोर वर्ग के लोगों के लिये अपनी छत का सपना पूरा करना एक दुष्कर कार्य है। हरियाणा सरकार ने दस हजार से अधिक आबादी वाले महाग्रामों में गरीबों को पचास-पचास गज व छोटे गांवों में सौ-सौ गज के प्लाट उपलब्ध कराये। शहरों में ये 25 गज के रहे। वहीं प्रधानमंत्री आवास निर्माण योजना के तहत मिलने वाले ढाई-ढाई लाख रुपये ने उनके घर के सपने को हकीकत बनाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की खासियत लोगों के साथ सहज उपलब्धता है। उनकी सुबह कबीर कुटीर में जन संवाद से शुरू होती है और रात फाइलों के साथ खत्म होती है। जनता के लिये सहज उपलब्धता और निरंतर संवाद लोकतंत्र की अपरिहार्य शर्त होती है। उनके चंडीगढ़ आवास में सुबह से ही मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहता है। निस्संदेह, आम जन ही सरकार को बेहतर फीडबैक दे सकते हैं, जो नौकरशाही की जटिलताओं के चलते सहज अभिव्यक्ति नहीं दे पाते। बेरोजगारी की समस्या किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। राज्य में चौबीस हजार बेरोजगारों को ग्रुप सी की नौकरियां देना राज्य सरकार की उपलब्धि के तौर पर देखा गया। वहीं लोकसेवा आयोग के माध्यम से 1311 पदों पर चयन और एचकेआरएन पोर्टल को पारदर्शी भर्ती प्रणाली के रूप में विकसित करना, राज्य सरकार की रोजगार के साथ स्थायित्व की नीति का संकेत माना जा सकता है। विश्वास किया जाना चाहिए कि नायब सरकार आने वाले चार सालों में जनाकांक्षाओं की कसौटी पर पूरी तरह खरी उतर पाएगी।

# नरक चतुर्दशी : यमराज की कृपा से मुक्ति की कामना का दिव्य पर्व

## नरक चतुर्दशी पर विशेष

कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी।' कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 19 अक्तूबर को मनाया जाएगा या 20 अक्तूबर को। इस साल चतुर्दशी तिथि का आरंभ 19 अक्टूबर, रविवार को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट पर हो रहा है और इसका समापन 20 अक्टूबर, सोमवार को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगा। यूं तो उदया तिथि के अनुसार, छोटी दिवाली 20 तारीख को मनाई जानी चाहिए लेकिन यम चतुर्दशी की पूजा चूंकि प्रदोष काल यानी शाम के समय ही की जाती है, इसीलिए नरक चतुर्दशी यानी छोटी दीवाली 19 अक्तूबर को मनाई जाएगी। 20 अक्तूबर को सुबह 5 बजकर 13 मिनट से सुबह 6 बजकर 25 मिनट तक का शुभ समय अभ्यंग स्नान के लिए श्रेष्ठ है क्योंकि इस मुहूर्त में किया गया स्नान सौंदर्य को बढ़ता है और तेजमय शरीर की प्राप्ति होती है। छोटी दीवाली पर यम का दीपक जलाने का शुभ मुहूर्त 19 अक्टूबर की शाम को है। नरक चतुर्दशी के दिन यम का दीपक शाम 6 बजकर 58 मिनट से लेकर शाम 7 बजकर 28 मिनट तक के बीच में जला सकते हैं। 'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे। नरक चतुर्दशी का संबंध स्वच्छता से भी है। इस दिन लोग अपने घरों का कूड़ा-कचरा बाहर निकालते हैं। इसके अलावा यह भी मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व तेल एवं उबटन लगाकर स्नान करने से पुण्य मिलता है। **-योगेश कुमार गोयल**

'नरक चतुर्दशी' पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया।





# इस बार जलाएं एक दिया उम्मीदों का...

**संजीव शर्मा**

मोबाइल फोन में घुसकर ऑनलाइन लाइटिंग,सजावट का सामान और कपड़े तलाशने में समय बर्बाद करने की बजाए एक बार सपरिवार घर से बाहर निकलिए और सड़क पर दिए बेचती बूढ़ी अम्मा की आंखों में पलती उम्मीदों की रोशनी देखिए या फिर रंगोली के रंग फैलाए उस नहीं सी बालिका के चेहरे पर चढ़ते उतरते रंग महसूस कीजिए..क्या आप हम इस बार ऐसे ही किसी व्यक्तिया परिवार के घर में उम्मीदों का दिया नहीं जला सकते? हमें करना ही क्या है३बस,इस बार स्थानीय और खासतौर पर पटरी पर बाज़ार सजाने वालों से खरीददारी करनी है और अपने बच्चों में भी यही आदत डालनी है। जाहिर सी बात है रोशनी, खुशहाली, समृद्धि और सामूहिकता का पर्व दीपावली क़रीब है। घर घर में सफाई,रंगाई पुताई और दीप पर्व से जुड़ी तैयारियों का दौर जारी है इसलिए सामान खरीदने का दौर भी शुरू हो गया है। दीप पर्व केवल रोशनी और खुशियों का प्रतीक भर नहीं है, बल्कि यह सामुदायिक एकजुटता और आर्थिक सहयोग का भी अवसर है। इसलिए,इस दीवाली जब हम बाजारों में रंग-बिरंगे दीयों, मिठाइयों, और सजावटी सामानों की खरीदारी के लिए निकलें, तो अपनी आदत में क्यों न एक छोटा सा बदलाव लाएं ? इस बार, बिना मोलभाव के लोकल और पटरी विक्रेताओं से खरीदारी करें और त्योहार के असली मायने को और गहरा करें। बिना मोलभाव के खरीदारी करना न केवल आपके त्योहार को खास बनाएगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा। पटरी बाजार के लिए हर बिक्री न केवल आजीविका का साधन है, बल्कि परिवार के पोषण, बच्चों की पढ़ाई, और त्योहार की तैयारी का आधार भी है। एक छोटे विक्रेता के लिए, 10-20 रुपये की कीमत कम करना भी उनके दिन के कुल मुनाफ़े को प्रभावित कर सकता है। दीवाली जैसे व्यस्त मौसम में, जब उनकी बिक्री साल भर की कमाई का बड़ा हिस्सा होती है, मोलभाव उनके लिए बोझ बन सकता है। बिना मोलभाव के खरीदारी करके आप उनकी मेहनत का सम्मान करते हैं और उन्हें त्योहार की असली खुशी देते हैं। हम सात सौ रुपए का पिज़्ज़ा, दो सौ का बर्गर और तीन सौ रुपए की कॉफी बिना मोलभाव के खा पी लेते हैं लेकिन साल में एक बार मिट्टी के दर्जन भर दिए खरीदने के लिए मोलभाव में कोई कसर नहीं छोड़ते। हम मल्टीप्लेक्स में चार सौ रुपए का पॉपकॉर्न चुपचाप ले लेते हैं लेकिन कागज़ की झालर,तोरण और बिजली का लड़ी खरीदते समय इतना भाव ताव करते हैं जैसे अमेरिका चीन से कोई व्यापारिक समझौता कर रहे हों। हमें इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि देश में बढ़ती ऑनलाइन खरीदारी स्थानीय बाजारों मसलन किराना दुकानें, पटरी विक्रेता और छोटे रिटेलर पर गहरा प्रभाव डाल रही है। 2025 तक, ई-कॉमर्स बाजार का मूल्य लगभग 10 लाख करोड़ रुपये पहुंच चुका है, जो 2024 की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एक अध्ययन के मुताबिक भारत का कुल रिटेल बाजार 2024 में लगभग 1.4 ट्रिलियन डॉलर का है, जिसमें ई-कॉमर्स का योगदान 8 फीसदी है और 2028 तक यह हिस्सेदारी बढ़कर 14 फीसदी हो जाएगी, जिससे ऑफलाइन रिटेल का शेयर 92 प्रतिशत से घटकर 86 फीसदी रह जाएगा। हमारे मोबाइल में घुसकर खरीददारी करने और बढ़ती ऑनलाइन खरीदारी के कारण छोटे रिटेलरों की बिक्री में 15-20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है । एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022-2024 के बीच 1-2 लाख छोटे स्टोर्स बंद हो चुके हैं या डिजिटल प्लेटफॉर्म्स में बदल गए हैं। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि रिटेल सेक्टर भारत में 4 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है। ई-कॉमर्स की वृद्धि से 5-7 लाख नौकरियां प्रभावित हुई हैं। इनमें मुख्य रूप से पटरी विक्रेताओं और छोटे दुकानदारों से जुड़ी नौकरी शामिल हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करते रहे हैं और इसे वे आत्मनिर्भरता का जरिया मानते थे। वैसे भी, लोकल और पटरी विक्रेता भारतीय बाजारों की रीढ़ हैं। ये वे लोग हैं जो सुबह जल्दी उठकर अपने स्टॉल सजाते हैं, मिट्टी के दीये बनाते हैं, हस्तनिर्मित सजावटी सामान तैयार करते हैं, और स्थानीय स्वाद वाली मिठाइयां बेचते हैं। इनके उत्पाद न केवल पर्यावरण के लिए बेहतर हैं, बल्कि ये हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित रखते हैं। इन विक्रेताओं से खरीदारी करके आप हम न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि बड़े कॉरपोरेट्स पर निर्भरता को भी कम करते हैं।

## सेहत मंत्र

# कई बीमारियों को दूर करता है अजवाइन

किचन में खाना बनाते समय हम कई तरह के मसालों का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक है अजवाइन। बहुत सी सब्जियों में तड़का लगाने के लिए अजवाइन का इस्तेमाल होता है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटीहाइपरटेन्सिव, एंटीमाइक्रोबियल, हाइपोलिपिडेमिक और कई अन्य गुण पाए जाते हैं। अजवाइन का मुख्य घटक थाइमोल है, जो गैस संबंधी समस्याओं को दूर करता है। इसके अलावा पेट में दर्द, जलन व अपच आदि कई समस्याओं को दूर करने के लिए भी अजवाइन की मदद ली जा सकती है। एसिडिटी व अपच की समस्या को दूर करने में अजवाइन किसी जादू की तरह काम करता है। इसके सेवन के लिए एक गिलास गर्म पानी में एक चम्मच जीरा, एक चम्मच अजवाइन और आधा चम्मच अदरक पाउडर मिलाकर इसका सेवन करें। आप चाहें तो सामान्य पानी में यह तीन चीजें डालकर उबालें और हल्का ठंडा होने पर इसे छानकर पीएं। इसके अलावा हैवी मील के बाद आधा चम्मच अजवाइन पानी के साथ लेने पर पाचन में मदद मिलती है। कान में दर्द को दूर करने के लिए आप अजवाइन के तेल को कान में डालें। आप चाहें तो सरसों के तेल में अजवायन डालकर उसे गर्म करें और फिर उस तेल को गुनगुना अपने कान में डालें। इसी तरह, दांत में दर्द होने पर एक गिलास गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक और एक चम्मच अजवाइन डालकर इस पानी से गरारे करें। बालों के असमय झड़ने या सफ़ेद होने से रोकने के लिए भी आप अजवाइन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए एक कप पानी में कुछ करीपत्ते, किशमिश, एक चम्मच चीनी और एक चम्मच अजवाइन डालकर उसे पांच से सात मिनट तक उबालें। इसके बाद पानी को छान लें और गुनगुना इसका सेवन करें। एक महीने तक प्रतिदिन इस पानी का सेवन करें। धीरे-धीरे बालों का सफ़ेद होना कम हो जाएगा। इसके बाद आप सप्ताह में दो या तीन बार इस पानी का सेवन करें। अगर आप गठिया के दर्द से राहत पाना चाहते हैं तो ऐसे में अजवाइन का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। इसके लिए अजवाइन को क्रश करके उसमें थोड़ा पानी मिलाएं। अब इसे दर्द वाले स्थान पर लगाएं और कम से कम 20 मिनट के लिए छोड़ दें।

## धर्म मंत्र

# नैना देवी मां के नेत्र दर्शन से खत्म हो जाएगी आंखों से जुड़ी समस्याएं

नैनीताल घूमने के लिए काफी खूबसूरत जगह है। दिल्ली-एनसीआर के अधिकतर लोग अपने वीकेंड पर नैनीताल जाना पसंद करते हैं। क्योंकि ये हिल स्टेशन दिल्ली से सबसे नजदीक है। नैनीताल की खूबसूरत के कारण यहां पर्यटक बड़ी संख्या में घूमने आते हैं। नैनीताल का घूमने फिरने के अलावा धार्मिक रूप से भी काफी महत्व है। नैनीताल की नैना झील धार्मिक रूप से काफी पवित्र झील हैं। स?कंद पुराण में इसे त्रिऋषि सरोवर भी कहा गया है। नैनी झील कैसे बनी इसका कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं, लेकिन यहां के लोगों की मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है कि जब अत्री, पुलस्त्य और पुलह ऋषि को नैनीताल में कहीं पानी नहीं मिला तो उन्होंने एक गड्ढा खोदा और मानसरोवर झील से पानी लाकर उसमें भरा। इस झील में बारे में कहा जाता है यहाँ डुबकी लगाने से उतना ही पुण्य मिलता है जितना मानसरोवर नदी में नहाने से मिलता है। यह झील 64 शक्ति पीठों में से एक है। नैना झील के किनारे एक मंदिर पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र हैं। ये मंदिर नैना देवी मंदिर के नाम से दुनिया में मशहूर है। नैना देवी मंदिर के दर्शन के लिए दूर- दराज से लोग आते हैं। नैना देवी के इस मंदिर की मान्यता है कि यदि कोई भक्त आंखों की समस्या से परेशान हैं तो अगर वह नैना मां के दर्शन कर ले तो जल्द ही ठीक हो जाएगा। इसके अलावा यहां तमाम भक्त मां के दर्शन के लिए आते हैं।

## पर्यटन



# आध्यात्मिक पर्यटन का मुख्य केंद्र है बाबा विश्वनाथ की नगरी वाराणसी

देश भर में कई तीर्थस्थल हैं जहां आप पूजा अर्चना के साथ ही सैर-सपाटे का भी आनंद ले सकते हैं। ऐसा ही एक स्थल है हजारों शताब्दियों से भी ज्यादा समय से हिन्दुओं के मानस पर प्रभाव रखने वाला तथा उनकी आस्थाओं का प्रमुख केन्द्र वाराणसी। गंगा नदी के किनारे बसा यह शहर हिन्दू धर्म के सात पवित्र शहरों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि यह समस्त तीर्थ स्थलों के सभी सद्गुणों और महत्व का संयोजन है और इस स्थान पर मृत्यु को प्राप्त होने पर तत्काल मोक्ष मिलता है। विश्व के प्राचीनतम शहरों में से एक इस शहर को काशी के नाम से भी जाना जाता है। भारत में जो 12 ज्योर्तिलंग हैं उनमें से एक तो इसी शहर में ही है। कहते हैं कि इस स्थान की रचना स्वयं शिव और पार्वती ने की थी। प्रत्येक सैलानी को आकर्षित करने के लिए इस शहर में अनेक खूबियां हैं। सुबह के आरंभ में ही सूर्य की किरणें चमचमाती हुई गंगा के पार चली जाती हैं। नदी के किनारे पर स्थित ऊंचे?ऊंचे घाट, पूजा स्थल, मंदिर आदि सभी सूर्य की किरणों से सुनहरे रंग में नहाए हुए लगते हैं। सुबह?सुबह ही आपको यहां अंर्तमन को भाव-विभोर कर देने वाले भजन और मंत्रोच्चार सुनाई देने के साथ ही पूजा सामग्री की खुशबू से आंकठ हवा और पवित्र नदी गंगा में स्नान करते श्रद्धालुओं की छपाक-छपाक की आवाज सुनाई देगी। संगीत, कला, शिक्षा और रेशमी वस्त्रों की बुनाई में इस शहर का खासा योगदान रहा है इसीलिए इस शहर को एक महान सांस्कृतिक केन्द्र भी कहा जाता है। रामचरितमानस की रचना भी तुलसीदास जी ने यहीं की थी। राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास में भी इस शहर का अमूल्य योगदान रहा है। भगवान शिव के लिए बने इस मंदिर को स्वर्ण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि वाराणसी वही स्थान है जहां पहला ज्योतिर्लिंग पृथ्वी को तोड़ कर निकला था तथा स्वर्ग की ओर रुख करके क्रोध में भभका था। कहते हैं कि प्रकाश के इस पुंज द्वारा भगवान शिव ने देवताओं पर अपनी सर्वोच्चता जाहिर की थी।

जनपदीय एथलेटिक्स एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बोले बैजनाथ

# खेल जीवन का अनिवार्य भाग है, सिटी इंटर कॉलेज का जलवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता





मसौली बाराबंकी। खेल जीवन का अनिवार्य हिस्सा हैं। इसके द्वारा शारीरिक व्यायाम एवं अनेक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने स्वास्थ्य को मजबूत रखने की शक्ति प्राप्त होती है। इसलिए क्रीड़ा प्रतियोगिताएं पाठ्येतर क्रियाकलापों में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं।

यह विचार उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने रफी मेमोरियल इण्टर कालेज, मसौली में चल रही तीन दिवसीय जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह के समापन अवसर पर कही। इसके पूर्व मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन द्वारा समापन समारोह का शुभारंभ किया कार्यक्रम मे रफी मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने अपने स्वागत उदबोधन में कहा की विद्यार्थियों में अनुशासन एवं नेतृत्व के गुणों का विकास करने के लिए यह खेलकूद की प्रतियोगिताएं जीवन में महत्वपूर्ण योगदान अदा करती हैं खिलाड़ी इसे धैर्यवान होना भी सीखता है। विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत ने कहा की जीत हार से बढ़कर खेलों में प्रतिभाग करना महत्वपूर्ण है क्योंकि आज का उपविजेता कल विजेता हो सकता है। पूर्व विधायक रामनगर शरद कुमार अवस्थी ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में ईमानदारी से आगे बढ़ने की बात कही।

इस तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में नेशनल इंटर कॉलेज फतेहपुर तथा रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली ने संयुक्त विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। उपविजेता का सम्मान जागृति इण्टर कालेज, सूरतगंज को मिला। जूनियर बालक वर्ग में यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर विजेता जबकि फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज उपविजेता रहा। सीनियर बालिका वर्ग में रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली विजेता तथा अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। सीनियर बालक वर्ग में विजेता फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज तथा उपविजेता सिटी इंटर कॉलेज बाराबंकी रहा। सब जूनियर बालक वर्ग में विजेता होने का गौरव रफी रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज मसौली जबकि उपविजेता लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज दरियाबाद रहा। सब जूनियर बालिका वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बाराबंकी विजेता रहा जबकि संयुक्त उपविजेता जनता इंटर कॉलेज बदोसराय तथा रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज रहे। बालक तथा बालिका वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप क्रमशः वर्मा सूर्य प्रकाश वर्मा, सचिन, अनिकेत, अंशिका, गौसिया तथा सलमा को प्राप्त हुई।

उत्तर प्रदेश एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत तथा विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत एवं वर्तमान विधायक शरद कुमार अवस्थी द्वारा सभी विजेता एवं चैंपियन खिलाड़ियों को शील्ड मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी तथा वित्त एवं लेखा अधिकारी संतोष कुमार मौर्य द्वारा स्मृति चिन्ह एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। नेशनल इण्टर कालेज के प्रवक्ता आशीष पाठक के मंच संचालन में सम्पन्न इस कार्यक्रम के अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ,जीआईसी बेलहरा के प्रधानाचार्य डीपी तिवारी, जीआईसी बाराबंकी के प्रधानाचार्य श राधेश्याम, जीआईसी सूरतगंज के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह, जीआईसी अहमदपुर के प्रधानाचार्य विजय गुप्ता, जीआईसी निंदूरा के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह, जीआईसी शहाबपुर के प्रधानाचार्य राकेश ठाकुर, एवं एकनाथ मणि त्रिपाठी ,विजय बहादुर वर्मा, पूनम कनौजिया सबा ज़हीर, श्रीमती पूनम, सुविद्या वत्स ,श्याम नारायण ,कैलाश नारायण, रमेश चंद्र ओझा, अनन्त अस्थाना, तौहीद खान, प्रदीप सिंह, सुशील सिंह, राजन सिंह, सहित अनेक प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## न्यायालय परिसर की छठी मंजिल से महिला स्टेनोग्राफर संदिग्ध हालातों में कूदकर की आत्महत्या



कानपुर । उत्तर प्रदेश में जनपद कानपुर के न्यायालय परिसर की छठी मंजिल से महिला स्टेनोग्राफर ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस महिला को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल स्वयं जांच के लिए मौके पर पहुंचे।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि मृतक की पहचान घाटमपुर थाना क्षेत्र के कोटरा मकरंदपुर की रहने वाली नेहा संखवार (30) के रूप में हुई है। वह सिविल जज सीनियर कोर्ट में स्टेनो और बर्रा में किराए के मकान में रहती थी। उसके पिता गोविंद प्रसाद फतेहपुर में कानूनगो हैं। भाई भानूप्रताप दरोगा है, जो इटावा में तैनात है। छोटी बहन अभी पढ़ाई कर रही है। शनिवार को नेहा ने संदिग्ध परिस्थितियों में कानपुर के न्यायालय परिसर की छठी मंजिल से कूद गई। सूचना पर पहुंची पुलिस नेहा को अस्पताल लेकर पहुंची जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अब पुलिस अन्य लोगों से गहनता से पूछताछ कर रही है। जबकि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी एकत्रित किये हैं। हालांकि अभी तक आत्महत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मृतका के मोबाइल और निजी दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। मृतका के नाना जय प्रकाश संखवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नातिन का उत्पीड़न किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि नेहा बीते कुछ समय से मानसिक रूप से काफी परेशान रहती थी। इसलिए उसने यह कदम उठाया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि घटना की गहन जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन सभी पहलुओं पर विवेचना जारी है।

## विदेशी वस्तुओं के क्रय-विक्रय से खुद को दूर कर लेना चाहिए : स्कंद सिंह

वाराणसी,। दीपावली के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच ने शहर के नदेसर, अंधरापुल, संस्कृत विश्वविद्यालय से होते हुए लहुराबीर चौराहे तक स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक स्कन्द सिंह ने कहा कि समय की मांग है, हमें विदेशी वस्तुओं के क्रय और विक्रय से खुद को दूर कर लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यह आर्थिक युद्ध का समय है। टैरिफ वॉर इसका ज्वलंत उदाहरण है। इसकी वजह से हमारे बहुत से देशी उत्पादक प्रभावित हुए। इसलिए अत्यंत विवेकपूर्ण तरीके से हमें अपने धन और अपने संसाधन का प्रयोग अपने देश की समृद्धि के लिए ही करना चाहिए। इस युद्ध में स्वदेशी हमारा सबसे बड़ा हथियार है। स्वदेशी संकल्प यात्रा में स्वदेशी जागरण मंच अखिल भारतीय विचार विभाग प्रमुख डॉ राजीव कुमार, राष्ट्रीय प्रचार टोली सदस्य विजय सिंह, उत्तर प्रदेश पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक व स्वदेशी स्वावलम्बी भारत अभियान के क्षेत्र समन्वयक अनुपम श्रीवास्तव ने भी स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डाला।

क्षेत्र समन्वयक अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की आर्थिक वैचारिकी लोक कल्याणकारी रही है। इसमें विशुद्ध पूंजीवाद के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। यही कारण है कि जब हम स्वदेशी उत्पादों की ओर लौटेंगे तो हमारा देशी उत्पादक, हमारे देशी व्यापारी और हमारा देशी किसान तीनों ही आर्थिक समृद्धि के रास्ते पर चल पड़ेंगे। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने अचार, विचार और व्यवहार तीनों में ही स्वदेशी का पालन करें।

### निर्वाचन 28 अक्टूबर को

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्रीय सुप्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान बी.पी शुक्ला इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का निर्वाचन आगामी 28 अक्टूबर 25 कोहना सुनिश्चित है। साधारण समिति के मंत्री ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया प्रातः आठ बजे से प्रारंभ होकर ढाई बजे तक आयोजित होगी।

### मां ने डाटा फंदे पर झूली युवती

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मां की डांट से क्षुब्द एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी।युवती का शव गांव के बाहर यूकेलिप्टस के पेड़ में लटकता मिला। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सरसेठू मजरे हसुवापारा निवासी रामचंद्र की पुत्री पूजा 19 वर्ष को मन घरेलू काम के सिलसिले में डाटा फटकारा। देर रात वह लघुशंका की बात कह घर से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।तभी युवती का शव पेड़ पर लटकता मिला।रात में ही परिवारजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम पहुंची। और पूजा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिया गया।

### नगदी व जेवरात ले उड़े चोर

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम धरौली के मजरे नईबस्ती निवासी सर्वेश कुमार पुत्र शिवनाथ व दीपक पुत्र लाल जी चौहान बीती रात्रि खाना खाकर सो गये इसीबीच रात्रि मे घुसे अज्ञात चोरो ने दरवाज़े का ताला तोड़कर सर्वेश के घर से सोने की झुमकी, सोने की नथ, सोने की अंगूठी, चांदी की 6 जोड़ पायल, हथफुल, 3 सौ ग्राम के कड़े व दीपक के घर से 23 नगदी, सोने की माला, नथुनी, चांदी की पायल आदि जेवरात उठा ले गये सुबह जगे परिजनों ने घर मे अस्त व्यस्त पड़े सामानो को देखा तो बक्से एव अलमारी मे रखी जेवरात व नगदी गायब थी तथा गांव से करीब 4 सौ मीटर की दूरी पर उत्तर दिशा मे जेवरात के खाली डिब्बे व थैलियां बरामद हुई है। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना देते हुए थाने मे चोरी की तहरीर दी है प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए परिजनों के बयान नोट किये।

### पार्टनर ने की धोखाधड़ी युवती ने लिखाया मुकदमा

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना सतरिख क्षेत्र निवासी एक युवती ने लिव-इन रिलेशनशिप पार्टनर पर धोखा एवं वादाखिलाफी तथा मारपीट कर धन ऐंठने का आरोप लगाया है, तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने युवक समेत तीन लोगों पर साजिश में शामिल होने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती का आरोप है कि वह पिछले करीब दो वर्षों से सतरिख थाना क्षेत्र के सिरौलीकला गांव निवासी रितेश कुमार वर्मा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। इस दौरान रितेश ने शादी का झांसा देकर शोषण किया और कई बार में करीब 70,000 रुपये भी ले लिए। पीड़िता का कहना है कि जब वह रितेश से शादी करने की बात करती, तो वह गाली-गलौच करता और मारपीट करने लगता। चार दिन पहले रितेश ने उसे घर से भगा दिया और अब उसने उससे संपर्क तोड़ दिया है। यहां तक कि उसने पीड़िता का मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया है।

तीन लोगों पर गंभीर आरोपः पीड़िता ने अपनी तहरीर में सिर्फ रितेश ही नहीं, बल्कि उसके मित्र पीयूष वर्मा और रितेश की भाभी पर भी आरोप लगाया है कि वे इस पूरे मामले में मददगार और साजिश में शामिल थे।

इस मामले पर सतरिख पाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, साक्ष्य के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडरा के दो चिकित्सकों को बाहर की दवा लिखना महंगा पड़ा, निलम्बित

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पिंडरा के दो चिकित्सकों को कमीशन के चक्कर में बाहर की दवा लिखना शनिवार को महंगा पड़ गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने मरीजों को बाहर से दवा लिखने पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए डॉ प्रदीप कुमार, डॉ अरविंद और फार्मासिस्ट अभिमन्यु को निलम्बित कर दिया।

दरअसल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान मरीज को बाहर से दवा लिखने की जानकारी पर उन्होंने चिकित्सकों एवं फार्मासिस्ट से पूछताछ की। चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट जिलाधिकारी के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल तीनों को निलम्बित कर दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद चिकित्सकों को निर्देशित किया कि अस्पताल में उपलब्ध दवा लिखें या वैकल्पिक दवा बताएं। उन्होंने साफ-सफाई की कमी, दवा वितरण में अनियमितता और स्टाफ की अनुपस्थिति पर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में नियमित जांच, मरीजों के लिए पर्याप्त दवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पुलिस लाइन में डेढ़ लाख दीप जलाकर, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने वाले सेना के जवानों को किया नमन

मुरादाबाद। मिशन शक्ति फ़ेज-5.0 के तहत शनिवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में डेढ़ लाख दीप जलाए गए। इसके साथ ही पुलिस लाइन परेड ग्राउंड ड्रोन शो में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी ने मन मोहा।

पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने वाले सेना के जवानों को मौजूद लोगों ने नमन किया। पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत का प्रदर्शन भी किया गया।

आज शाम पुलिस लाइन ग्राउंड में पहुंचे पुलिस अधीक्षक देहात कुंवर आकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, सीओ हाईवे राजेश कुमार, महाप्रबंधक जलकल विभाग मनोज आर्य, एक्सईएन डीके त्रिपाठी व एई भीमराव अशोक, आरआई पुलिस लाइन रकम सिंह ने दीप जलाए ।

### सीएसजेएमयू के फाइन आर्ट की छात्राओं ने बनाई मनमोहक रंगोली, जिलाधिकारी हुए अभिभूत

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में सिविल लाइन स्थित जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की फाइन आर्ट संकाय की छात्राओं द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोली ने सभी का मन मोह लिया। रंगोली को देखकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह सहित उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की समृद्धि (बीएफए तृतीय वर्ष), काजल गुप्ता (बीएफए तृतीय वर्ष), रिजा फातिमा, प्रियंका भारती तथा इरम अंसारी ने मिलकर यह शानदार फ्लावर डिज़ाइन वाली रंगोली तैयार की हैं।

## सर्दियों में पशुओं को दें संतुलित आहार, भारी दूध उत्पादन और होगी कमाई शानदार: डॉ. शशिकांत

एजेंसी



कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कंपनी बाग़ स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीपनगर की तरफ से ग्राम प्रतापपुर में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का समापन हुआ हैं। यह जानकारी सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने दी।

केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर शशिकांत ने कृषकों को बताया कि सर्दी के मौसम में पशुओं की देखभाल में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। पशुपालकों को अपने पशु बाड़े में साफ हवा का आवागमन एवं साफ सुथरा बनाए रखें। पशुओं को पीने का साफ एवं स्वच्छ पानी के साथ ही संतुलित आहार का प्रबंध करना अति आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि पशुशाला में पशुओं को ठंड से बचने की व्यवस्था के साथ ही दिन में धूप का भी प्रबंध होना चाहिए। जिससे पशु को सर्दी से बचाया जा सके सर्दी में पशु अपने शरीर का तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए ऊर्जा प्रदान करने वाले आहार की आवश्यकता बढ़ जाती है।

डॉ शशिकांत ने कहा कि सर्दियों के मौसम में पशु अपने आप को गर्म करने के लिए 15 से 20 प्रतिशत अतिरिक्त ऊर्जा का उपयोग करते हैं, सभी प्रकार के पशुओं जैसे दूध देने वाले, दूध न देने वाले, गर्भित पशु एवं ओसर पशु की उत्पादन क्षमता और शारीरिक स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए विशेष पोषण पर ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक पशु आहार शरीर की विभिन्न मेटाबॉलिक क्रियाओं, रक्त प्रवाह और समस्त शारीरिक एवं मानसिक क्रियाओं के लिए ऊर्जा प्रदान करता है। इसके लिए विभिन्न पोषक तत्वों की जरूरत पड़ती है, जैसे कार्बोहाइड्रेट-पशुओं को ऊर्जा प्रदान करता है, जो पशुओं के चारे में सबसे अधिक पाया जाता है। डॉक्टर शशिकांत ने बताया कि प्रोटीन से पशु शरीर की संरचना, शरीर की वृद्धि गर्भस्थ शिशु की वृद्धि एवं दुग्ध उत्पादन के लिए अति आवश्यक है द्य यह अनाज व खलियों में तथा दलहनी हरे चारे में पाया जाता हैद्य वही वसा- शक्ति का अनिवार्य स्त्रोत है इससे शरीर को ऊर्जा एवं ऊष्मा मिलती है यह पशु आहार में तीन से पांच प्रतिशत तक की आवश्यकता होती है जो बिनोला , सोयाबीन, सरसों , तिल एवं मूंगफली आदि के खलियों में पाया जाता हैद्यउन्होंने कहा कि खनिज मिश्रण के द्वारा पशु की हड्डियों एवं मांसपेशियों को निरोगी एवं मजबूत बनाता है जो कैल्शियम ,फास्फोरस ,लोहा ,आयोडीन ,कॉपर, कोबाल्ट ,सोडियम, पोटेशियम ,मैग्नीशियम और जिंक इत्यादि महत्वपूर्ण खनिज लवण है इनकी कमी को पूरा करने के लिए 50 ग्राम मिनरल मिश्रण एवं 50 ग्राम नमक प्रतिदिन देना चाहिए। इसके साथ ही विटामिन की मात्रा पूरी करने के लिए पशुओं को संतुलित मात्रा में हरा चारा दाना वह खा लिया खिलाने से विटामिन की कमी पूरी की जा सकती है। केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने सर्दी में उगाई जाने वाली सब्जियों की बुवाई तथा उसमें लगने वाली बीमारियों के बारे में किसानों को विस्तार से बताया।

## अयोध्या में बना विश्व रिकॉर्ड, 2100 महिलाओं एवं विद्यार्थियों ने एकसाथ की सरयू आरती



अयोध्या । सरयू आरती का पिछले साल बना विश्व रिकॉर्ड शनिवार को टूट गया। इस बार सरयू तट पर 2100 मातृ शक्तियों, संस्कृत के विद्यार्थी एवं वंचित समाज के लोगों के साथ रामनगरी अयोध्या में मां सरयू की आरती की गई। यह अलौकिक नजारा दर्शनीय तो था ही, साथ ही अयोध्या की दिव्यता का भी अनुभव करा रहा था।

मोक्षदानी मां सरयू की गत वर्ष 1151 लोगों ने सामूहिक रूप से आरती कर वर्ल्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया था। इस बार पिछले रिकॉर्ड को तोड़ 2100 का आंकड़ा पार कर नया रिकॉर्ड बनाया। सरयू आरती के दौरान विश्व रिकॉर्ड दर्ज करने वाली टीम के सदस्य ड्रोन कैमरे के साथ मुस्तैद थे। सरयू तट पर इस आरती का आयोजन जिला प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से वशिष्ठ फाउंडेशन ने किया।

इस दौरान नगर निगम महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध सिंह, नगर निगम के अधिकारी, धर्मगुरु एवं संभ्रांत जन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव ग्रोवर भी पहुंचे।

शाम 6 बजे संपन्न हुए इस आयोजन में वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी तिवारी की अहम भूमिका रही। उन्होंने बताया कि व्यवस्था की दृष्टि से आरती स्थल को 11 जोन में विभाजित किया गया था। नयाघाट से लक्ष्मण घाट की ओर विस्तारित आरती स्थल के प्रत्येक जोन में 200 प्रतिभागियों को खड़े होकर आरती करने की व्यवस्था की गई थी। उन्होंने बताया कि सरयू आरती में अयोध्या के सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं, संस्कृत के विद्यार्थी और वंचित समाज के प्रतिनिधि शामिल थे। रविवार को दीपोत्सव के दौरान भी सरयू आरती की जाएगी।

## दहेज हत्या प्रकरण में चार दोषियों को 10-10 वर्ष की सजा

मीरजापुर । अदलहाट थाना क्षेत्र के बहुचर्चित दहेज हत्या के मामले में अदालत ने चार आरोपितों को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही साथ पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट मीरजापुर चंद्रगुप्त यादव की अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। सजा पाने वालों में समसुद्दीन उसकी पत्नी शाहजहां बेगम उसका बेटा शमशेर अली और मुबारक अली हैं। ये सभी परोरा थाना अदलहाट के रहने वाले हैं।

पूरा मामला 30 नवम्बर 2017 का है, जब वादी मोहम्मद अली हुसैन शेख निवासी पहड़िया (थाना चौबेपुर, वाराणसी) ने अपनी पुत्री शबनम निशा (22) की दहेज के लिए प्रताड़ना, गला दबाकर हत्या और शव जलाने के संबंध में अदलहाट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा और न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में 'ऑपरेशन कन्विक्शन' एवं 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के तहत इस मामले की प्राथमिकता के आधार पर निगरानी की गई। प्रभावी पैरवी एडीजीसी पंकज कुमार सिंह, विवेचक पुलिस उपाधीक्षक सुधीर कुमार, कोर्ट मुहर्रिर संजीव कुमार यादव, महिला आरक्षी सुनीता और पैरोकार मुख्य आरक्षी प्रदीप सिंह द्वारा की गई। पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह ने कहा कि महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए मीरजापुर पुलिस प्रतिबद्ध है।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में कोहली और रोहित पर रहेंगी नजरें

एजेंसी

पर्थ। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिये उतरेगी तो विराट कोहली और रोहित शर्मा की टीम में वापसी से जुड़े जज्बात के अलावा इस प्रारूप में पूर्णकालिक कप्तान बने शुभमन गिल पर भी नजरें रहेंगी। मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी खेलने के बाद कोहली और रोहित भारतीय टीम में लौटे हैं। पिछले सात महीने में भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल गई है। इस दौरान टी20 और टेस्ट प्रारूप में कोहली और रोहित के बिना भारतीय क्रिकेट आगे बढना सीख गया है। अब सवाल यह है कि वनडे प्रारूप में इन दोनों दिग्गजों के पास देने के लिये क्या है। इसमे कोई दोराय नहीं है कि ये दोनों किसी भी दौर में और किसी भी मानदंड से वनडे क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में गिने जायेंगे। इस श्रृंखला के लिये दोनों ने कड़ी मेहनत की है। रोहित ने तो कई किलो वजन भी घटाया है और




कोहली लंदन में निजी ट्रेनर के साथ फिटनेस पर काम कर रहे थे। आईपीएल के बाद दोनों ने क्रिकेट नहीं खेली है लिहाजा खुद को ढालना चुनौतीपूर्ण होगा। दोनों के लिये अच्छी बात यह है कि उनकी वापसी आस्ट्रेलिया के खिलाफ हो रही है जिसके सामने उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इस श्रृंखला के जरिये दोनों के कैरियर की भविष्य को लेकर दिशा तय हो सकती है। रोहित को अब सिर्फ सीनियर खिलाड़ी के तौर पर टीम में अपनी भूमिका को आत्मसात करना होगा। पिछले दो टी20 और वनडे टूर्नामेंटों को उन्होंने अपनी कप्तानी में टीम को आईसीसी खिताब दिलाये हैं और वह मेलबर्न में आखिरी टेस्ट में भी टीम के कप्तान थे। कोहली अगर चिर परिचित अंदाज में लंबी पारियां खेलते हैं और रोहित अच्छी शुरूआत देते हैं जो दोनों धुरंधरों का कैरियर कुछ साल और खिंच सकता है। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ रोहित और कोहली की पुरानी प्रतिद्वंद्विता देखने में फिर मजा आयेगा। दोनों को बखूबी पता है कि अब टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है और मौजूदा चयनकर्ता और टीम प्रबंधन 2027 वनडे विश्व कप को ध्यान में रखकर कड़े फैसले लेने से भी गुरेज नहीं करेंगे। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने 'एनडीटीवी वर्ल्ड समिट' में कहा ,'' रोहित और कोहली आस्ट्रेलिया में टीम का हिस्सा हैं। वे ट्रायल पर नहीं हैं। एक बार खेलना शुरू करेंगे , तब आप आकलन कर सकते हैं। वहीं 26 वर्ष के गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में दिखा दिया कि वह कोहली की विरासत को संभालने के लिये तैयार हैं। अब उन्हें कप्तान के तौर पर रोहित के स्थापित किये हुए मानदंडों पर खरा उतरना होगा। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे में सर्वाधिक 75 प्रतिशत मुकाबले जीते हैं। गिल को सीमित ओवरों के क्रिकेट में रोहित से तुलना का सामना करना पड़ेगा और पैट कमिंस की गैर मौजूदगी में भी आस्ट्रेलिया की चुनौती आसान नहीं है।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने रचा इतिहास, 20 साल बाद एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी



बिश्केक (किर्गिस्तान)। भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए 20 साल बाद एएफसी अंडर-17 महिला एशियन कप 2026 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने शुक्रवार को डोलन ओमुर्ज़ाकोव स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 2-1 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। मैच में भारत ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। हेड कोच जोआकिम एलेक्ज़ेंडरसन के रणनीतिक बदलाव ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 40वें मिनट में बोनिफिलिया शुल्लाई की जगह थंदमनी बास्के को मैदान पर उतारा। बास्के ने 55वें मिनट में गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया और फिर 66वें मिनट में अनुष्का कुमारी को पास देकर दूसरा गोल कराने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले उज्बेकिस्तान की शक़ज़ोदा अलीखोनोवा ने 38वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई थी। हालांकि भारतीय टीम ने दूसरे हाफ में शानदार नियंत्रण दिखाते हुए मैच अपने नाम किया और क्वालिफिकेशन पक्का कर लिया। यह पहला मौका है जब भारतीय अंडर-17 महिला टीम ने मेरिट के आधार पर एएफसी एशियन कप में जगह बनाई है। भारत आखिरी बार 2005 में इस टूर्नामेंट में खेला था, जब 11 टीमों को सीधे प्रवेश मिला था। लेकिन क्वालिफिकेशन सिस्टम लागू होने के बाद अब तक भारत को कभी जगह नहीं मिल पाई थी। अब भारत की सीनियर महिला टीम, अंडर-20 महिला टीम और अंडर-17 महिला टीम तीनों ही महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी।

# ज्योति सुरेखा वेनम ने रचा इतिहास, वर्ल्ड कप फाइनल में जीता कांस्य पदक

एजेंसी

नानजिंग (चीन)। भारत की स्टार तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेनम ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। ज्योति यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली महिला कंपाउंड तीरंदाज बन गई हैं। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने विश्व नंबर-2 एला गिब्सन (ग्रेट ब्रिटेन) को 150-145 से हराकर शानदार अंदाज में जीत दर्ज की। ज्योति ने मुकाबले में 15 में से 15 तीर पर परफ़ेक्ट 10 स्कोर किया और कांस्य पदक सुनिश्चित किया। 29 वर्षीय ज्योति ने प्रतियोगिता की शुरुआत क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रूइज को 143-140 से हराकर की थी। सेमीफाइनल में



उनका मुकाबला विश्व नंबर-1 एंड्रिया बेसेरा (मैक्सिको) से हुआ, जहां वह 143-145 से करीबी मुकाबले में हार गईं। ज्योति ने तीसरे एंड के बाद 87-86 की बढ़त बना ली थी, लेकिन बेसेरा ने चौथे एंड में तीनों तीरों पर 10 अंक हासिल कर बढ़त पलट दी। आखिरी एंड में भी बेसेरा ने 29-28 से जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। हालांकि ज्योति ने कांस्य पदक मुकाबले में दमदार वापसी करते हुए पांचों एंड में लगातार 10 अंक जुटाए और गिब्सन को पछाड़कर पोडियम पर जगह बनाई। यह ज्योति का तीसरा वर्ल्ड कप फाइनल था। वह इससे पहले 2022 (ट्लाक्सकाला) और 2023 (हर्मोसिलो) में शुरुआती राउंड में बाहर हो गई थीं। भारत की एक और महिला कंपाउंड तीरंदाज मधुरा धामनगांवकर भी टूर्नामेंट में उतरीं, लेकिन वह पहले ही राउंड में मैक्सिको की मरियाना बरनाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गईं। पुरुष कंपाउंड वर्ग में ऋषभ यादव भारत के एकमात्र प्रतिनिधि हैं, जो दिन में बाद में दक्षिण कोरिया के किम जोंगहो के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे। रिकर्व वर्ग में इस बार कोई भारतीय तीरंदाज क्वालिफाई नहीं कर सका।

# तनाव के बीच अफगानिस्तान ने पाकिस्तान त्रिकोणीय सीरीज़ से नाम वापस लिया

एजेंसी

काबुल। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने शनिवार को घोषणा की कि वह पाकिस्तान में होने वाली आगामी त्रिकोणीय टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ से हटने का निर्णय ले चुका है। यह सीरीज़ नवंबर के अंत में पाकिस्तान, श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेली जानी थी। अफगान टीम 17 नवंबर से पाकिस्तान की यात्रा कर सीरीज़ में हिस्सा लेने वाली थी। लेकिन शुक्रवार (17 अक्टूबर) शाम पक्तिका प्रांत के उरगुन ज़िले में अफगान क्रिकेटरों पर हुए हमले के बाद यह फैसला लिया गया है। इस हमले में अफगान घरेलू क्रिकेट टीम के खिलाड़ी क़बीर, सिबगतुल्लाह और हारून सहित आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए। ये खिलाड़ी पक्तिका प्रांत की राजधानी




शराना में एक दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलने के लिए पहुंचे थे। एसीबी ने अपने बयान में कहा, इस दुखद घटना के मद्देनज़र और शहीद खिलाड़ियों के प्रति सम्मान स्वरूप अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान में होने वाली आगामी त्रिकोणीय सीरीज़ में भाग न लेने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने पाकिस्तान पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उरगुन ज़िले के बहादुर क्रिकेटरों की शहादत पर गहरा दुख और शोक व्यक्त करता है, जिन्हें आज शाम पाकिस्तानी शासन द्वारा किए गए एक कायराना हमले में निशाना बनाया गया। एसीबी ने इस घटना को अफगान खेल समुदाय, खिलाड़ियों और क्रिकेट परिवार के लिए बड़ा नुकसान बताया और शहीदों के परिवारों तथा पक्तिका प्रांत की जनता के प्रति संवेदना व्यक्त की। अफगानिस्तान के तेज़ गेंदबाज़ फ़ज़लहक फ़ारूकी ने अपने आधिकारिक फ़ेसबुक पेज पर इस हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने लिखा, ल्लनागरिकों और हमारे घरेलू क्रिकेट खिलाड़ियों की शहादत एक अक्षम्य अपराध है। निर्दोषों का कत्लेआम करने वालों को माफ नहीं किया जा सकता। वर्तमान में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बिगड़े रिश्तों के चलते कई विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में आईसीसी आयोजनों में दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच हाथ मिलाना भी मुश्किल हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सौरव गांगुली के कार्यालय ने उनकी छवि और समानता के अनधिकृत उपयोग के खिलाफ चेतावनी दी

**कोलकाता।** सौरव गांगुली के कार्यालय द्वारा जारी एक मीडिया बयान के अनुसार, पूर्व लिखित अनुमति के बिना पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की छवि, समानता या उनसे जुड़ी किसी भी सामग्री का अनधिकृत उपयोग सख्त वर्जित है। बीसीसीआई अध्यक्ष कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ''इस तरह का अनधिकृत उपयोग उनके (गांगुली) व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों का उल्लंघन है। यह मीडिया बयान कल एक खेल पत्रिका द्वारा अपने सितंबर अंक में पहले पन्ने पर बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों की तस्वीरें छापने के बाद जारी किया गया है। सौरव गांगुली के कार्यालय की ओर से मीडिया को दिए गए बयान में, एसजी की संचालन प्रमुख तान्या भट्टाचार्य ने कहा: ''हमारे संज्ञान में आया है कि 21 सितंबर 2025 को प्रकाशित आपकी पत्रिका में सौरव गांगुली की एक तस्वीर है। कृपया सूचित करें कि पूर्व लिखित अनुमति के बिना गांगुली की छवि, चित्र या उनसे जुड़ी किसी भी सामग्री का उपयोग सख्त वर्जित है। ऐसा अनधिकृत उपयोग उनके व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों का उल्लंघन है। चूँकि श्री गांगुली की बायोपिक अभी निर्माणाधीन है, इसलिए हमें इस बात पर ज़ोर देना होगा कि किसी भी व्यक्ति या संगठन को उनकी स्पष्ट अनुमति के बिना उनकी तस्वीरों या चित्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

### कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में कमी

**नयी दिल्ली।** कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में क्रमश: शून्य से 0.07 प्रतिशत नीचे और 0.31 प्रतिशत रह गई। यह आंकड़ा अगस्त में क्रमश: 1.07 प्रतिशत और 1.26 प्रतिशत था। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इसके मुताबिक सितंबर 2025 में कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-एएल) 0.11 अंक घटकर 136.23 हो गया। इस दौरान ग्रामीण श्रमिकों का सूचकांक (सीपीआई-आरएल) 0.18 अंक घटकर 136.42 पर था। अगस्त 2025 में सीपीआई-एएल 136.34 अंक और सीपीआई-आरएल 136.60 अंक थे। सितंबर 2025 में कृषि मजदूरों (एएल) के लिए खाद्य सूचकांक में 0.47 अंक और ग्रामीण मजदूरों (आरएल) के लिए 0.58 अंक की कमी आई। मंत्रालय ने कहा, सितंबर 2025 में खाद्य मुद्रास्फीति कृषि मजदूरों के लिए शून्य से 2.35 प्रतिशत नीचे और ग्रामीण मजदूरों के लिए शून्य से 1.81 प्रतिशत नीचे रही।

### लक्ष्य सेन बाहर, सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में

**ओडेंसे।** भारत के लक्ष्य सेन ओडेंसे के जिस्के बैंक एरिना में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच हारने के बाद डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। ओलंपिक्सडॉटकॉम के अनुसार, लक्ष्य के साथी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी डेनमार्क में पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए। विश्व रैंकिंग में वर्तमान में 21वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को कल विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लेनियर ने 44 मिनट में 21-9, 21-14 से हरा दिया। पिछले दौर में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन को हराने वाले 23 वर्षीय लक्ष्य को शुरुआत में पिछड़ने के बाद दोनों गेमों में वापसी करने में मुश्किल हुई। वह मैच के बीच के दो अंतरालों पर 11-5 और 11-4 से पीछे थे। इसके विपरीत, बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग ने इंडोनेशिया की गैर-वरीय जोड़ी मुहम्मद रियान अर्दियांतो-रहमत हिदायत को 65 मिनट में 21-15, 18-21, 21-16 से हराकर वर्ष के अपने आठवें सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने 17-16 से आगे निकलने के बाद लगातार चार अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। हालांकि भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 10-4 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए 17-17 की बराबरी कर ली, लेकिन इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने मजबूती से खेलते हुए निर्णायक गेम को मजबूर कर दिया। तीसरे गेम में, सात्विक और चिराग ने बराबरी की शुरुआत के बाद जल्दी ही नियंत्रण हासिल कर लिया और जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लय बनाए रखी। आज इस जोड़ी का अगला मुकाबला जापान की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी, ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी से होगा। भारतीय जोड़ी जापानी जोड़ी के खिलाफ 4-1 की बढ़त के साथ अपने पहले मुकाबले में बढ़त बनाए हुए है। हालांकि, इन दोनों जोड़ियों के बीच आखिरी मुकाबला 2023 में हुआ था।

# इंग्लैंड के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले गेंदबाजी संयोजन दुरूस्त करना होगा भारतीय टीम को

एजेंसी

इंदौर। लगातार दो मैच हारने के बाद अपने अभियान को ढर्रे पर लाने का दबाव झेल रही भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को महिला विश्व कप के अहम मुकाबले में अपने गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करने के लिये छठे गेंदबाज को उतारने पर विचार करना होगा। विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया से हारने के बाद भारत की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इस विश्व कप सत्र में भारत ने पांच बल्लेबाजों , एक विकेटकीपर और पांच गेंदबाजों को उतारने की रणनीति अपनाई है और गेंदबाजों में से तीन हरफनमौला हैं। लेकिन विश्व कप में यह संयोजन सटीक नहीं बैठा और अब 'करो या मरो' के बाकी मुकाबलों में भारत को इस पर पुनर्विचार करना होगा। सेमीफाइनल की दौड़ में बने रहने के लिये भारत को तीन में



से दो मैच हर हालत में जीतने होंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच गेंदबाजों की रणनीति असफल होने के बावजूद आस्ट्रेलिया के खिलाफ इसमें बदलाव नहीं किया गया जिससे एक और पराजय हाथ लगी। दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया ने 251 और 330 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के गेंदबाजी आक्रमण की कलई खोल दी। हरफनमौलाओं को उतारकर बल्लेबाजी को गहराई देने की भारत की रणनीति के चलते रेणुका सिंह जैसी विकेट लेने वाली गेंदबाज की जगह अमनजोत कौर को तरजीह दी गई है। रेणुका की गैर मौजूदगी से भारत का आक्रमण एक जैसा हो गया है और विविधता देने के लिये उन्हें उतारना ही होगा। इससे अनुभवहीन और युवा क्रांति गौड़ पर दबाव बन रहा है जिसने अभी तक अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव या तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी के भी विकल्प हैं। शीर्षक्रम के बल्लेबाजों का खराब फॉर्म भी चिंता का विषय है। विश्व कप शुरू होने से पहले भारतीय बल्लेबाज जबर्दस्त फॉर्म में थे लेकिन अब उनके बल्ले खामोश हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल ने अर्धशतक लगाये लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स कोई योगदान नहीं दे सकीं। अच्छी शुरूआत के बाद भारत ने आखिरी छह विकेट 36 रन के भीतर गंवा दिये। श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ पहले दो मैचों में शीर्षक्रम की नाकामी को निचले क्रम ने ढक दिया लेकिन चार बार की चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजों को जिम्मेदारी से खेलना ही होगा।

# जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा, 54 वस्तुओं की कीमतों पर सरकार की नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि जीएसटी सुधारों का लाभ कम कीमतों के रूप में उपभोक्ताओं को मिल रहा है। जीएसटी बचत उत्सव पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार 22 सितंबर को जीएसटी की कम दरें लागू होने के बाद से देश भर में 54 वस्तुओं की कीमतों पर नजर रख रही है। सीतारमण ने कहा, जीएसटी दरों में कमी के चलते खरीदारी बढ़ी है। उपभोग में वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने आगे कहा, हमें भरोसा है कि ऐसी हर वस्तु पर कंपनियां उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचा रही हैं। उन्होंने बताया कि कुछ वस्तुओं के मामले में व्यवसायों ने जीएसटी दर कटौती से अधिक लाभ उपभोक्ताओं को दिया है। सीतारमण ने




कहा कि उपभोक्ता मामलों के विभाग को जीएसटी कटौती के अनुरूप कीमतों में कमी न करने से संबंधित 3,169 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 3,075 शिकायतें केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के नोडल अधिकारियों को भेज दी गई हैं। विभाग ने 94 शिकायतों का समाधान किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि विभाग शिकायत पोर्टल पर एक सुविधा उपलब्ध कराएगा, ताकि शिकायतों को उन संबंधित क्षेत्रों के मुख्य आयुक्तों को भेजा जा सके जहां से शिकायतें मिली हैं।

# इंडिगो एयरलाइन 30 चौड़े आकार वाले ए350 विमान खरीदेगी

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडिगो ने शुक्रवार को एयरबस के साथ 30 अतिरिक्त ए350-900 विमान खरीदने के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही चौड़े आकार वाले विमानों




के लिए उसके कुल ऑर्डर 60 हो गए हैं। एयरलाइन ने जारी एक बयान में कहा कि उसने एयरबस के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे एयरबस ए350-900 विमानों के उसके 70 खरीद अधिकारों में 30 को निश्चित ऑर्डर में बदलने की पुष्टि हुई है। कंपनी के मुताबिक, इंडिगो ने अपने चौड़े आकार के विमानों के ऑर्डर को अब 30 से बढ़ाकर 60 एयरबस ए350-900 विमान कर दिया है। दोनों पक्षों ने जून में इन अतिरिक्त 30 विमानों के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इस समय इंडिगो के पास 400 से अधिक विमानों का बेड़ा है। गौरतलब है कि देश की सबसे बड़ी एयरलाइन अपने अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का विस्तार कर रही है। उसके पास अब 40 और ए350 श्रेणी के विमानों के खरीद अधिकार हैं।

# बढ़ रही है सोने की डिजिटल बिक्री, आभूषणों के परंपरागत बाजार में बदलाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में आभूषणों की खरीदारी का तरीका तेजी से बदल रहा है। पहले लोग आभूषण खरीदने के लिए अपने भरोसेमंद स्थानीय सुनार के पास जाते थे, लेकिन अब यह काम ऑनलाइन एक क्लिक पर हो रहा है। भारत में सोने और हीरे से लोगों का पुराना जुड़ाव है। अब इस क्षेत्र में डिजिटल बाजार की पैठ तेजी से बढ़ रही है। ऑनलाइन मंच पर हॉलमार्क प्रमाणन, ब्रांड की गारंटी और बेहतर सर्विस के कारण लोग ऑनलाइन गहने खरीदने में भरोसा दिखा रहे हैं। फिक्की-डेलॉयट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 73 प्रतिशत लोग अब किसी भी चीज की जानकारी सबसे पहले ऑनलाइन ही लेते हैं यहां तक की आभूषण के लिए भी। हालांकि 53 प्रतिशत ग्राहक अब भी आखिरी खरीदारी ऑफलाइन स्टोर से करते हैं, लेकिन यह



रुझान तेजी से बदल रहा है। देश में आभूषणों का बाजार वर्ष 2025 तक 91 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है और वर्ष 2030 तक यह 146 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि में इंटरनेट के माध्यम से होने वाली बिक्री की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। अमेजन इंडिया के फैशन और सौंदर्य विभाग के निदेशक सिद्धार्थ भगत के अनुसार अमेजन पर कीमती गहनों की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसमें सोने, हीरे और प्रयोगशाला में बनाए गए हीरों के गहने भी शामिल हैं। भगत ने ''पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि ग्राहक अब अमेजन फैशन पर गहने चुनने और खरीदने के तरीके में बदलाव ला रहे हैं। पहले लोग अचानक या खास मौकों पर खरीदारी करते थे, लेकिन अब वे ज्यादा जानकारी लेकर, विश्वास के साथ निर्णय ले रहे हैं। धनतेरस से पहले कीमती गहनों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 96 प्रतिशत बढ़ी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की उपाध्यक्ष अक्ष कंबोज ने कहा कि अब लोग रोजमर्रा के पहनने योग्य हल्के गहनों की खरीदारी के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग अधिक कर रहे हैं। विशेष रूप से युवा वर्ग, जो तकनीक का अच्छा उपयोग करता है, उसे यह सुविधा अधिक पसंद आ रही है।

# बिहार विधानसभा चुनाव : नाराज झामुमो ने की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा

एजेंसी

रांची। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में तकरार के बीच अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है। झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो ने शनिवार को बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने और छह सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है।

बिहार चुनाव में झामुमो महागठबंधन से अलग हो गया है। झामुमो बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। 6 सीटों में चकाई, धमदाहा, कटोरिया, पिरपैंती, मनीहारी और जमुई शामिल हैं। इसमें कटोरिया और मनिहारी अनुसूचित जनजातीय आरक्षित सीटें हैं, जबकि पिरपैती अनुसूचित जाति सीट है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने शनिवार को पार्टी के कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा




कि उनकी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद झारखंड महागंठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कंाग्रेस को लेकर समीक्षा बैठक कर कोई बड़ा निर्णय ले सकता है। सुप्रियो ने दो टूक शब्दों में कहा कि महागठबंधन का यह कृत्य झामुमो के कार्यकर्ताओं के साथ धोखा है। गुरूजी (शिबू सोरेन) ने झामुमो को लड़ना सीखाया है। हमने लड़कर ही बिहार से झारखंड को अलग बनाया है। हम जानते हैं बिहार का जो दलीत और वंचित समाज है, वह गुरूजी के आदर्शों के साथ खड़ा है। बिहार में झाामुमो हेमंत सोरेन की अगुवाई में लड़ेगा और हम चुनाव जीतेंगे। साथ ही हम यह तय करेंगे बिहार की अगली सरकार बगैर झामुमो समर्थन के नहीं बनेगा।

दरअसल, झामुमो ने महागठबंधन से 16 सीटों की मांग की थी। बाद में झामुमो 12 सीटों पर आ गया। सीटों के लिए झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने पटना में बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, भोला यादव और अन्य वरीय नेताओं से मुलाकात भी की थी, लेकिन नतीजा झामुमो के पक्ष नहीं आया और अब झामुमो के नेताओं ने बिहार के छह विधानसभा क्षेत्रों से अपना उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया है। बिहार के लिए पार्टी ने जारी की 20 स्टार प्रचारकों की सूचीबिहार चुनाव को लेकर झामुमो ने 20 स्टार प्रचारक की सूची भी जारी की है। चुनाव प्रचार की कमान खुद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हथों में होगी। इसके अलावा प्रोफ़ेसर स्टीफन मरांडी, सरफराज अहमद, बैजनाथ राम, कल्पना मुर्मू सोरेन, बसंत सोरेन, विनोद कुमार पांडेय, फागू बेसरा, सुप्रियो भटटाचार्य, दीपक बिरूआ, मिथलेश ठाकुर, हफिजूल हसन अंसारी, अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू, पंकज मिश्रा, विजय हांसदा, हेमलाल मूर्मू, मोहम्मद ताजुदीन, पुरई शंकर सिंह, सुनिल कुमार श्रीवास्ताव सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। इनकी सूची पार्टी ने चुनाव आयोग को भेज दी है।

# भारत–रूस तेल सौदे पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बार बार आ रहे बयानों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी की आलोचना करते हुए इसे चिंताजनक स्थिति करार दिया है ।

पार्टी ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर कहा है कि उनके अच्छे दोस्त ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल के आयात में कटौती करेगा। लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प के अच्छे दोस्त (प्रधानमंत्री मोदी) अचानक मौनी बाबा बन जाते हैं जबकि ट्रम्प बार बार कहते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिन्दूर बंद करवाया और अब कह रहे हैं कि भारत रूस से तेल का आयात कम कर देगा।''

कंाग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शनिवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह चिंता



की बात है कि श्री मोदी हर मुद्दे पर चुप्पी साध लेते हैं और यह उनका स्वभाव बन गया है जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर सार्वजनिक बयान दे रहे हैं।

उन्होंने सवाल करते हुए कहा ''पिछले चार-पांच महीनों में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने 52 बार दावा किया है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को रोका। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री से दो बार मुलाकात की, फिर भी हमारे प्रधानमंत्री चुप रहे। उन्होंने उनके फील्ड मार्शल से दो बार मुलाकात की, फिर भी हमारे प्रधानमंत्री चुप रहे। अब, ट्रम्प ने दो बार कहा है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। प्रधानमंत्री दुनिया के हर मुद्दे पर बोलते हैं लेकिन इन मामलों पर चुप क्यों हैं।'' यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गये प्रतिबंधों के बावजूद भारत लगातार रूस से तेल की खरीद कर रहा है और अब अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि भारत को भी रूस से तेल खरीदना बंद करना चाहिए।

विश्लेषक भले ही भारत की ऊर्जा सुरक्षा जरूरतें और भू-राजनीतिक जटिलताओं के लिहाज से इस मुद्दे को सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण मानते हैं लेकिन यह भी सच है कि इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 49.6 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 54.4 अरब डॉलर हो गया है।

# भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत और रूस के लोगों के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक : सिन्हा

एजेंसी

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि रूस के गणराज्य कलमीकिया में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से भारत और रूस के लोगों के आपसी संबंध मज़बूत होंगे।



संस्कृति मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पवित्र अवशेषों को वापस लाने के लिए शुक्रवार को रूस पहुंचे श्री सिन्हा ने 'शाक्यमुनि बुद्ध के स्वर्ण निवास' के नाम से प्रसिद्ध प्रतिष्ठित गेदेन शेडुप चोइकोरलिंग मठ में स्थापित अवशेषों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि कलमीकिया में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी एक ऐतिहासिक घटना है। यह गणराज्य भारत और रूस के बीच आध्यात्मिक मित्रता के शक्तिशाली सेतु के रूप में खड़ा है जो सांस्कृतिक संबंधों में भारत के प्रयासों और बुद्ध की शिक्षाओं की एकता की शक्ति को प्रदर्शित करता है। श्री सिन्हा ने पवित्र अवशेषों को 'खटक' भेंट किया और मंदिर में दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने बकुला रिनपोछे के समक्ष प्रार्थना भी की और 'खटक' भेंट किया। श्री सिन्हा ने शाजिन लामा को भी एक कश्मीरी शॉल भेंट की और आशीर्वाद प्राप्त किया। कलमीकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्टा में प्रदर्शनी में शामिल होने के बाद श्री सिन्हा पवित्र अवशेषों को भारत लेकर आ रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल प्रतिनिधिमंडल रविवार को भारत पहुंचेगा।

रूसी गणराज्य में अपनी तरह की यह पहली ऐतिहासिक प्रदर्शनी भारत और रूस के बीच गहरे सभ्यतागत संबंधों का प्रमाण है। यह लद्दाख के श्रद्धेय बौद्ध भिक्षु और राजनयिक 19वें कुशोक बकुला रिनपोछे की चिरस्थायी विरासत को पुनर्जीवित करती है जिन्होंने मंगोलिया में बौद्ध धर्म के पुनरुद्धार और कलमीकिया, बुरातिया और तुवा जैसे रूसी क्षेत्रों में बुद्ध धर्म के प्रति रुचि जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# हिन्दुत्व की रक्षा के लिए संस्कार, पर्यवारण व कुटुम्ब प्रबोधन का चिंतन जन-जन तक ले जाना होगा : भैयाजी जोशी

एजेंसी

हरिद्वार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित संत संपर्क कार्यक्रम में संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश जोशी उपाख्य भैयाजी जोशी ने कहा कि मूल्यों के रक्षण की जरूरत हम सबके सामने है। चारित्रिक पतन भोगवाद की तरफ ले जा रहा है। हमें प्रयास करना होगा कि सही दिशा में उत्थान के मार्ग पर चलें, इसके लिए ऊर्ज़ा और संतों के आशीर्वाद दोनों की आवश्यकता होगी। कनखल स्थित कपिल वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में भैयाजी जोशी ने संतों का आह्वान किया कि कुछ विधर्मी जबरन धर्मांतरण करा रहे हैं। ताकत के बल पर पूरे विश्व में एकाधिकार जमाने की होड़ चल रही है। ऐसे में हमें हिंदुत्व की रक्षा के लिए संस्कार, पर्यावरण व कुटुंब प्रबोधन का



चिंतन जन-जन तक ले जाना होगा। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि संघ न राजनीतिक संगठन है न सामाजिक संगठन है और न कोई संस्था है। संघ एक विराट सनातन परिवार है। जो लोग संघ को राजनीतिक मानते हैं वह इसके बारे में नहीं जानते हैं। उन्हें अपनी अवधारणा को बदलने के लिए संघ में जाना पड़ेगा। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि आज पूरे विश्व मे छोटे-छोटे देश अपने आत्मबल पर टिके हैं। हम भारतीय इसमें काफी पीछे हैं। हम सबको राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पणभाव से आत्म चिंतन करना होगा। तभी राष्ट्र सशक्त होगा। कार्यक्रम में स्वामी चिदानन्द मुनि, महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. हरिचेतनानंद, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी प्रबोधनानन्द, स्वामी राम मुनि, स्वामी रविदेव, स्वामी लोकेश दास, स्वामी ऋषिश्वरानंद, बाबा हठयोगी, स्वामी रामविशाल, स्वामी कृष्णा नन्द, साध्वी मैत्री गिरी, साध्वी प्राची समेत कई अन्य शीर्ष संत शामिल हुए। संघ के सह क्षेत्र संपर्क प्रमुख डॉ.हरीश, प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र, प्रांत संपर्क प्रमुख सीए अनिल वर्मा, प्रांत सामाजिक सद्भाव प्रमुख रमेश, जिला संघचालक डॉ. यतीन्द्र नाग्यान सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पिछले साल के मुकाबले नवरात्रि पर इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की 20–25 फीसदी अधिक बिक्री: अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों के बाद बाजार में इस बार रिकॉर्ड खरीदारी देखी जा रही है। शनिवार को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस नवरात्रि में इलेक्ट्रॉनिक्स की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। जितनी भी रिटेल चेन हैं उन सबसे जो डेटा आया है, उसके हिसाब से पिछले नवरात्रि के मुकाबले इस बार 20 से 25 प्रतिशत अधिक बिक्री हुई है। इसमें 85 इंच टीवी का तो स्टॉक खत्म हो गया है।

नेशनल मीडिया सेंटर में शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में अश्विनी वैष्णव ने इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की बिक्री की जानकारी देते हुए कहा कि जी एसटी बदलाव के कारण बहुत सारे परिवारों ने पुरानी टीवी को अपग्रेड कर नए टेलीविजन खरीदे। बहुत सारे परिवारों ने अपने पुराने स्मार्टफोन को अपग्रेड कर नए स्मार्टफोन खरीदे। इसी तरह वॉशिंग मशीन हो, चाहे एयर कंडीशनर्स हो, चाहे मोबाइल फोन्स हो, सेट टॉप बॉक्सेस हो, इन सबकी बिक्री में इस नवरात्रि में रिकॉर्ड बिक्री हुई। बाजार अनुमान के मुताबिक इस क्षेत्र में 20 से 25 प्रतिशत से अधिक सेल हुई। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से खाद्य महंगाई दर में काफी कमी आई है। चार महीने से खाने-पीने की चीजों के दाम कम हुए हैं।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रोनिक्स के सामान की मांग बढ़ने से उसका सीधा असर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र पर सकारात्मक रूप से देखने को मिल रहा है। इस क्षेत्र का विकास दोगुनी रफ्तार से देखा जा रहा है। इससे 25 लाख लोगों को परोक्ष रूप से रोजगार मिला है। इसके साथ उन्होंने बताया कि अमेरिका को स्मार्ट फोन के निर्यात में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इसमें हाईएंड फोन शामिल है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। हमारे देश में बड़ी कंपनियां के फोन की मैन्यूफैक्चरिंग में बढ़ोतरी हुई है। उनकी कुल मैन्यूफैक्चरिंग का करीब 20 प्रतिशत अब भारत में हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट शुरू हो चुका है।

उन्होंने कहा कि जब जीएसटी का बहुत बड़ा रिफॉर्म प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री ने किया था तब कई आशंकाएं जताई गई कि खपत और मांग किस तरह से बढ़ेगी। पिछले साल 335 लाख करोड़ की जीडीपी है, उसमें से 202 लाख करोड़ हमारी खरीदारी है और 98 लाख करोड़ का इन्वेस्टमेंट है। सामान्य रूप से खपत में हर साल बढ़ोतरी होती है लेकिन इस साल जीएसटी सुधारों के कारण खपत में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। इस साल यह बढ़ोतरी 10 प्रतिशत से अधिक देखने को मिलेगी। इस साल करीब 20 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त खपत होने की पूरी संभावना है।

# हिंदू संतों के प्रवास को प्रतिबंधित करने से बाज आए कर्नाटक सरकार: विहिप

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने लिंगायत आध्यात्मिक गुरु अदृश्य काडसिद्धेश्वर के विजयपुरा में प्रवेश पर प्रतिबंध के कर्नाटक सरकार के निर्णय की कड़ी निंदा की है। परिषद ने राज्य सरकार से तत्काल इस आदेश को वापस लेने की मांग की है।

विहिप के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि महाराष्ट्र के कनेरी स्थित लगभग 1300 वर्ष प्राचीन काडसिद्धेश्वर मठ वीरशैव लिंगायत समुदाय की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। राज्य सरकार ने इस मठ के पूजनीय हिंदू लिंगायत मठाधीश अदृश्य काडसिद्धेश्वर महाराज के कर्नाटक के कई जिलों में कहीं आने-जाने को बाधित किया है और उनके प्रवास पर जिला बंदी नाम से रोक लगा दी है। बजरंग बागड़ा ने कहा कि अदृश्य



काडसिद्धेश्वर कर्नाटक में अपने स्वयं के मठों में कर्नाटक में जाने से रोके जा रहे हैं। यह हिंदू समाज के धार्मिक मामलों में राज्य सरकार का अनुचित और अस्वीकार्य हस्तक्षेप है। साथ ही पूरे वीरशैव लिंगायत समुदाय का अपमान भी है। विश्व हिंदू परिषद यह मांग करती है कि राज्य सरकार तत्काल जिला बंदी के इस आदेश को वापस ले और ना तो हिंदू समाज के धार्मिक मामलों में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करे और ना ही हिंदू संतों के प्रवास पर किसी प्रकार की रोकटोक लगाए। उल्लेखनीय है कि अदृश्य काडसिद्धेश्वर स्वामी महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित काडसिद्धेश्वर मठ (कनेरी मठ) के महंत हैं और एक प्रतिष्ठित लिंगायत आध्यात्मिक गुरु हैं। लगभग 1300 वर्ष प्राचीन काडसिद्धेश्वर मठ वीरशैव लिंगायत समुदाय की श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। विजयपुरा जिला प्रशासन ने धर्मांतरण और सामाजिक मुद्दों पर स्वामी की कथित भड़काऊ टिप्पणियों से कानून-व्यवस्था को खतरे का हवाला देते हुए दो महीने के लिए प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार इसे निवारक कदम बताकर बचाव कर रही है, जबकि भाजपा इसे हिंदू आवाजों का दमन बता रही है।

# पेज एक का शेष

## अब पाकिस्तान की...

हकीकत में बदलने की ताकत रखता है। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने न केवल अपनी तकनीकी श्रेष्ठता साबित की, बल्कि यह भी दिखाया कि यह भारत की सुरक्षा का सबसे बड़ा व्यावहारिक प्रमाण है। इस ऑपरेशन ने सिद्ध किया कि जीत अब हमारे लिए कोई घटना नहीं, बल्कि हमारी आदत बन चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस का जो प्रैक्टिकल प्रदर्शन हुआ है, उसने न केवल देशवासियों बल्कि पूरी दुनिया में ब्रह्मोस के प्रति एक गहरा विश्वास और आत्मविश्वास पैदा किया है। संबोधन का सबसे कड़ा हिस्सा पाकिस्तान को संबोधित करते हुए आया, जहां रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है। ऑपरेशन सिंदूर इसका ट्रेलर था, जिसने पाकिस्तान को अहसास दिला दिया कि अगर भारत पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो समय आने पर वह...इसके आगे मुझे बोलने की जरूरत नहीं...आप सब समझदार हैं। उन्होंने कहा कि इस सफलता ने ब्रह्मोस को वैश्विक स्तर पर साबित कर दिया। देश को यह विश्वास हो गया है कि हमारे विरोधी अब ब्रह्मोस की मारक क्षमता से नहीं बच सकते। हमें संकल्प लेना होगा कि इस आदत को न केवल बनाए रखना है, बल्कि इसे और मजबूत करना है। रक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश के बदलते स्वरूप पर जोर देते हुए कहा ह्व मैं यहां सिर्फ रक्षा सेक्टर की ही बात नहीं कर रहा। मैं उस बड़े परिवर्तन की भी बात करना चाहता हूं जो उत्तर प्रदेश में हो रहा है। हम सब जानते हैं कि कभी उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडाराज और बिगड़े हुए लॉ एंड ऑर्डर से की जाती थी। लोग डर के माहौल में रहते थे और निवेशक यहां आने से कतराते थे। पर आज, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह स्थिति बदल चुकी है। उनके दृढ़ नेतृत्व और नीतिगत निर्णयों ने प्रदेश में विश्वास लौटाया है। उन्होंने लखनऊ को तहजीब का शहर बताते हुए कहा कि लखनऊ अब केवल तहजीब का शहर नहीं रहा, बल्कि टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रीज का केंद्र बन चुका है। रक्षा निर्माण के क्षेत्र में लखनऊ अब देश के मानचित्र पर एक प्रमुख हब के रूप में स्थापित हो गया है। यहां से उठाया गया हर कदम भारत की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है। राजनाथ सिंह ने स्थानीय उद्योगों को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि बड़ी फैसिलिटीज़ के साथ-साथ स्थानीय और छोटे-स्तरीय उद्योगों को भी विकसित किया जाए। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर तब ही पूरी तरह सफल होगा, जब बड़ी कंपनियों के साथ-साथ छोटी और मध्यम उद्योग इकाइयां भी इसमें जुड़ेंगी। धनतेरस के संयोग पर रक्षा मंत्री ने हास्य का पुट देते हुए कहा कि एक दिलचस्प संयोग यह भी है कि आज हम सब धनतेरस का पर्व मना रहे हैं और इसी शुभ दिन पर चार ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी भी हो रही है। सोचिए, इससे बड़ा धनतेरस देश के लिए और क्या हो सकता है! एक तरह से हम कह सकते हैं कि आज लक्ष्मी जी की कृपा न केवल सुरक्षा क्षेत्र पर, बल्कि अर्थव्यवस्था पर भी समान रूप से बरस रही है। उन्होंने इसके आर्थिक प्रभाव पर कहा कि इसका सीधा अर्थ यह है कि हर एक मिसाइल न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा करती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाती है। सरल शब्दों में कहें तो एक मिसाइल के प्रोडक्शन से मिलने वाले टैक्स से सरकार कई स्कूल बना सकती है, कई अस्पताल स्थापित कर सकती है और ऐसी योजनाएं चला सकती है जो सीधे आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाती हैं। यानी, ब्रह्मोस सिर्फ एक हथियार नहीं है, यह हमारे बच्चों के लिए शिक्षा का साधन, हमारे परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार और पूरे समाज के लिए नए अवसरों के द्वार खोलने वाला माध्यम है। रक्षा मंत्री ने ब्रह्मोस के निर्यात पर कहा आप सब जानते हैं कि फिलीपींस के साथ भारत ने ब्रह्मोस एक्सपोर्ट का अनुबंध किया है। यह केवल शुरुआत है। आने वाले समय में और भी देश भारत के साथ सहयोग करेंगे। भारत अब सिर्फ टेकर नहीं, बल्कि गिवर की भूमिका निभा रहा है। पिछले एक माह में ब्रह्मोस टीम ने दो देशों के साथ लगभग 4,000 करोड़ रुपए के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। 2014 में जिस यात्रा की शुरुआत हुई थी, आज वही यात्रा 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है।

## आत्मनिर्भर भारत...

एक उद्योग नहीं, राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का हिस्सा है। योगी ने कहा कि पीटीसी इंडस्ट्रीज जैसी इकाइयां न केवल रक्षा आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं बल्कि युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोल रही हैं। प्रदेश सरकार ऐसे हर प्रयास के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि जब भारत का युवा अपनी मातृभूमि की रक्षा के उपकरण स्वयं बनाएगा, तभी 'मेक इन इंडिया' का वास्तविक अर्थ साकार होगा। आज लखनऊ नोड में जो दिख रहा है, वह केवल उद्योग का नहीं, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता के नवयुग का आरंभ है।

## गरीब रथ एक्सप्रेस...

इसके तुरंत बाद पुलिस जीआरपी और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। सबसे पहले ट्रेन से यात्रियों को बाहर निकाला गया। इसके बाद रेलवे ने दोनों तरफ से डिब्बे को अलग किया। उन्होंने बताया कि आग के कारण कुछ लोगों का सामान जल गया है, जिसकी सूची तैयार की जा रही है। पुलिस की फोरेंसिक टीम भी इसकी जांच कर रही है। ट्रेन के अंदर सीसीटीवी कैमरे लगे थे, उनकी फुटेज की जांच की जा रही है। यात्रियों के मुताबिक, ट्रेन ने सुबह सात बजे सरहिंद स्टेशन पार किया था। इसी दौरान एक यात्री को ट्रेन की बोगी नंबर 19 से धुआं उठता दिखा। उसने तुरंत शोर मचाते हुए चेन खींच दी। ट्रेन की बोगी नंबर 18 नंबर में यात्रा कर रहे लुधियाना निवासी मुकेश गौतम ने बताया कि सरहिंद के पास जब ट्रेन पहुंची तो 19 नंबर बोगी से लोग 18 नंबर की तरफ भाग कर आने लगे। वे कह रहे थे कि बोगी में धुआं भर गया है और ट्रेन चली जा रही है। इसी बीच किसी यात्री ने चेन खींच दी और ट्रेन रुक गयी। गनीमत रही कि सभी यात्री समय पर आसपास के कोचों में भाग गये।

## अफगानिस्तान में पाकिस्तानी...

सीमा पार झड़पों में तेजी से वृद्धि के बीच हुआ है। सप्ताह के मध्य से ही अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस्लामाबाद ने काबुल पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को पनाह देने और उन्हें अपनी धरती पर हमले करने की अनुमति देने का आरोप लगाया है, जबकि अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान के सीमा पार हवाई अभियानों और बढ़ते निर्वासन के बीच अफगान नागरिकों के साथ उसके अपमानजनक व्यवहार की निंदा की है।

## उत्तर प्रदेश–2047...

सामाजिक कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा तथा सुशासन शामिल हैं। राज्य सरकार विज़न दस्तावेज़ तैयार करने में नीति आयोग और डेलॉइट के साथ मिलकर काम कर रही है। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने पिछले महीने राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विज़न दस्तावेज़ की तैयारियों की समीक्षा और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रधानों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और राज्य सरकार की टीमें हर चरण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके संपर्क में हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हालाँकि लोगों के सुझावों का विश्लेषण मैन्युअल रूप से किया जा रहा है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी काम आ रहा है।मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नियमित रूप से ग्राम प्रधानों से संपर्क कर रही है और आधिकारिक टीमें विभिन्न सुझावों को अंतिम रूप दे रही हैं। आगामी वर्षों के लिए राज्य सरकार की उपलब्धियों और परियोजनाओं को सूचीबद्ध करने वाली विभिन्न पुस्तिकाएँ और पत्रक तैयार किए गए हैं और अंतिम मसौदे को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों को वितरित किए गए हैं। राज्य नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार (तृतीय) ने कहा कि, ह्र हाँ, हम एक मसौदा तैयार करने और उसे साझा करने का प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। हमने सुझावों का मूल्यांकन करने के लिए लगभग चौबीसों घंटे काम करने वाली 12 टीमों को तैनात किया है और प्रत्येक ज़िले से तीन सबसे मूल्यवान सुझावों और राज्य के पाँच सुझावों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## 1,100 ड्रोन आसमान...

नृत्यमयी रामायण तथा बरेली की प्रसिद्ध विंडरमेयर रामलीला का मंचन होगा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया रामनगरी में धर्म पथ सहित प्रवेश मार्गों, मंदिर मार्गों और प्रमुख चौराहों पर प्रकाश सज्जा की गई है। थीमैटिक लाइट इंस्टॉलेशन मार्गों की भव्यता को बढ़ा रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय प्रतीत हो रहा है। लता चौक की सुंदरता अप्रतिम है। देशभर के छात्रों के लिए 'मेरा दीप, मेरा विश्वास' के तहत पेंटिंग, कविता और एनीमेशन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दीपोत्सव में व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। यह पहल युवा कल्पनाओं को नई उड़ान देगी।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी धनतेरस, दीपावली गोवर्धन पूजा और भैयादूज की शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि धनतेरस आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरि की पूजा का पर्व है। भगवान धन्वंतरि सबके जीवन में सुख-समृद्धि व आरोग्यता प्रदान करें।

सूचना विभाग की ओर से जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने दीपावली के पावन पर्व को सुख, समृद्धि और संपन्नता का प्रतीक बताते हुए सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीपावली का यह पर्व केवल रोशनी, उत्साह और आनन्द का ही नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान




का भी प्रतीक है। दीपावली राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का भी पर्व है। प्रकाश का यह पर्व हम सब के जीवन में धन, वैभव, यश, एश्वर्य और सम्पन्नता लेकर आये इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का पर्व सत्य, सद्भावना एवं मर्यादा का भी संदेश देता है। दीपों का यह पर्व भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात वापस अयोध्या आने से भी जुड़ा है। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवर्धन पूजा समाज, देश की आर्थिक व सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण का प्रतीक है।

भैयादूज के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों, विशेष रूप से महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व भाई-बहनों के आपसी प्रेम, मातृ शक्ति के सम्मान के साथ परिवार एवं समाज में उनके महत्व को भी प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दीपावली पर्व पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' एवं स्वदेशी अपनाओं देश बचाओं के मंत्र को आत्मसात करते हुए स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों के प्रचार एवं प्रसार को हम सभी अधिक से अधिक बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की पूर्ति में भी अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की खरीद से स्थानीय शिल्प, कुटीर उद्योग और महिला स्वयं सहायता समूहों को भी सीधा लाभ मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के कारीगरों की परंपरा और कौशल अत्यंत समृद्ध है। मिट्टी के दीये, हस्तनिर्मित सजावटी सामग्री, जैविक उत्पाद और पहाड़ी खाद्य पदार्थ न केवल स्थानीय स्तर पर लोकप्रिय हैं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से इस दीपावली पर्व पर स्वदेशी उत्पादों से अपने घरों को रोशन करने की अपेक्षा की ताकि किसी अन्य परिवार के घर में भी खुशियों के दीप जल सकें।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया भाजपा के जिला कार्यालय का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को यहां नवनिर्मित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही कार्यालय उद्घाटन के दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

श्री धामी ने धनतेरस के शुभ अवसर पर जिला कार्यालय का उद्घाटन होने को शुभ संकेत बताया और सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने ने सभी लोगों से इस दीपावली पर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करते हुए स्वदेशी उत्पादों का




उपयोग करना चाहिए। वही मुख्यमंत्री धामी ने बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता डबल इंजन सरकार बनाने की प्रतीक्षा में है। मतदान के दिन लोग भारी संख्या में मतदान करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में फिर से डबल इंजन की सरकार बनेगी, जिससे विकास की रफ्तार और तेज होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## चंडीगढ़ मॉडर्न जेल में कैदियों की बनी मिठाई की मांग चार गुना बढ़ी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ की मॉडर्न जेल, बुड़ैल में कैदियों की बनायी जा रही मिठाइयों की इस दिवाली पर जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। जेल प्रशासन के अनुसार इस बार रोजाना एक लाख रुपये से अधिक की मिठाई की बिक्री हुई, जबकि पिछले वर्षों में दीपावली के दौरान प्रतिदिन करीब 30 हजार रुपये की बिक्री होती थी। जेल अधिकारियों ने बताया कि कैदियों द्वारा तैयार की गयी मिठाई दोपहर 12 बजे तक ही पूरी तरह बिक जाती थी। सेक्टर-22 स्थित 'नव-सृजन' शोरूम पर मिठाई खरीदने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। जेल में वेरका से प्राप्त दूध से खोया तैयार किया जाता है और पूरी साफ-सफाई के साथ मिठाई बनायी जाती है। इस बार राज्यपाल भवन से 16 क्विंटल मिठाई का ऑर्डर मिला, जबकि नगर निगम ने 5000 डिब्बों का ऑर्डर दिया। इसके अलावा अन्य सरकारी विभागों से भी कई ऑर्डर प्राप्त हुए। कैदियों द्वारा बनायी गयी रंग-बिरंगी और खुशबूदार मोमबत्तियों की भी खूब बिक्री हुई। कांच के गिलासों में बनी मोमबत्तियां लोगों को विशेष रूप से पसंद आयीं। इसके साथ ही कैदियों ने विभिन्न प्रकार की उपहार वस्तुएं भी तैयार की हैं, जिन्हें बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदा। मिठाइयों में सबसे अधिक मांग खोया बर्फी, मिल्क केक, देशी घी की बेसन बर्फी और जलेबी की रही। इसके अलावा कैदियों द्वारा बनाये गये बड़े आकार के समोसे, जिनकी कीमत 12 रुपये रखी गयी है, भी लोगों को खूब पसंद आये।

## पंजाब में हेरोइन, आइस ड्रग और पिस्तौल बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब सीमा पर ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से तस्करी की कई कोशिशों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, सतर्क बीएसएफ जवानों ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर एक तलाशी अभियान चलाया और फिरोजपुर के टिंडीवाला गांव के पास एक खेत से हेरोइन का एक पैकेट (कुल वजन - 602 ग्राम) बरामद किया। अमृतसर सीमा पर, बीएसएफ की खुफिया शाखा से प्राप्त एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, सतर्क बीएसएफ जवानों ने एक व्यापक तलाशी अभियान चलाया और इस दौरान भैणी राजपूताना गांव के पास एक खेत से आइस ड्रग से भरा एक बड़ा पैकेट (कुल वजन - 3.675 किलोग्राम) बरामद हुआ। पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटा यह पैकेट, जिस पर एक रिंग और रोशनी देने वाली पट्टियां लगी हुई हैं, ड्रोन गिरने का संकेत देता है। बीएसएफ के जवानों द्वारा चलाये गये एक और तलाशी अभियान में अमृतसर के रोरनवाला खुर्द गांव के पास एक खेत से पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटी एक पिस्तौल बरामद हुई।

## दिल्ली के ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में लगी आग पर काबू पाया गया

**नई दिल्ली।** गोल मार्केट इलाके में बिशंबर दास मार्ग स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में बुधवार दोपहर आग लग गई, जिसपर दिल्ली अग्निशमन सेवा की छह गाड़ियों ने काबू पा लिया। आग की वजह से इलाके में अफरातफरी मच गई। यह अपार्टमेंट संसद भवन से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है और यहां कई राज्यसभा सांसदों के फ्लैट हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के मुताबिक, दोपहर 1:22 बजे ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स में आग लगने की सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद छह दमकल गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। अग्निशमनकर्मियों ने सबसे पहले लोगों को अपार्टमेंटस से निकला कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। दमकल की छह गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अभी में इमारत में कूलिंग का काम चल रहा है।

## कटिहार में पुलिस ने पाँच लाख रुपये और 3 किलो 120 ग्राम चाँदी किया बरामद

**कटिहार।** जिला के रौतारा थाना क्षेत्र में बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के दौरान सघन वाहन जाँच के क्रम में 5,00,700 रुपये नगद राशि और 3 किलो 120 ग्राम चाँदी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक कटिहार के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निरंतर सघन वाहन जाँच की जा रही है। इसी क्रम में रौतारा थाना क्षेत्रान्तर्गत टॉल प्लाजा के पास से फ्लाइंग स्क्वाड टीम के द्वारा उक्त राशि और चाँदी बरामद की गई। बरामद राशि के संबंध में जब पकडे गए सम्बंधित व्यक्ति से वैध कागजात व प्रमाण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया, तो वे ना तो कोई दस्तावेज दिखा सके ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दे पाए। तत्पश्चात बरामद नगद राशि और चाँदी को विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत जब्ती सूची बनाकर जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

## तमंचे के साथ अंतर्जनपदीय शातिर स्नैचर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने तमंचे के साथ एक अन्दरजनपदीय शातिर स्नैचर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक चैन का टुकड़ा व बाइक बरामद की है। जानकारी के मुताबिक 16 सितम्बर को प्रशान्त राय पुत्र यदुनाथ राय निवासी एच-125 शिवालिक नगर रानीपुर हरिद्वार ने पुलिस को तहरीर देकर 14 सितम्बर को अज्ञात बाइक सवार द्वारा शिवालिक नगर सामुदायिक केन्द्र के पास मार्निंग वॉक कर रही उनकी माता के गले से झपट्टा मारकर सोने की चैन छीनकर फरार हो जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में रानीपुर पुलिस व सीआईयू की संयुक्त टीमों ने काफी प्रयास के बाद देर रात्रि मुखबिर की सूचना पर भाईचारा ढाबा सलेमपुर नहर पटरी से आरोपित रवि खत्री पुत्र मनोज खत्री निवासी राजबिहार नियर फुटबाल ग्राउण्ड जगजीतपुर थाना कनखल, हरिद्वार उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक चैन का टुकडा, एक तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद किया। पूछताछ पर रवि खत्री ने बताया कि वह स्मैक नशे का आदी है और नशे के शौक को पूरा करने के लिए ही उसने चैन छीनने की घटना को अंजाम दिया था।

## धनतेरस पर सजे बाजार, खूब होगी खरीदारी

**पटना।** धनतेरस के शुभ अवसर पर बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। सोना-चांदी, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर लोग कहरीदारी करेंगे। लोग शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने के लिए उत्साहित हैं। धनतेरस पर लोग सोने, चांदी के सिक्के, चांदी के बर्तनों और नए गैजेट्स समेत तांबे-पीतल के बर्तन और दीपक खरीदते हैं। शहर के सर्राफा बाजार, मॉल और थोक दुकानों को दीपावली थीम से सजाया गया है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी दिए हैं।

# चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के अंतर्गत भागलपुर में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर शनिवार को समाहरणालय अवस्थित समीक्षा भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि 450 कर्मियों का नाम आज प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके नियंत्रित पदाधिकारी के विरुद्ध निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट किया जाए कि निर्वाचन के कार्य में जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करने के उद्देश्य से कर्मियों का नाम विलंब से भेजा गया है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि रुग्ण एवं बीमार कर्मियों द्वारा कर्तव्य विमुक्ति के लिए दिए गए आवेदन के आलोक में सदर अस्पताल में मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच की गई है, 400 आवेदनों




में से 322 कर्मियों के कर्तव्य से विमुक्ति के लिए सिविल सर्जन से अनुशंसा प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुशंसा उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, वैसे कर्मी को बनाया जाए जिनका पे स्केल ज्यादा हो कम पे स्केल वाले को पी2 में रखा जाए। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी के जितने भी कर्मी हैं उन सबों से मतदान करने के लिए प्रपत्र 12 प्राप्त कर लिया जाए। एक भी कर्मी का वोट छूटना नहीं चाहिए। बैठक में निर्वाचन कोषांग, वज्र गृह मतगणना कोषांग के द्वारा अपनी तैयारी के संबंध में बताया गया वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण घर-घर तक पहुंच जाए इसके लिए वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त को बनाया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मतदाता सहायता केंद्र का निर्माण कार्मिक कल्याण कोषांग द्वारा करवाया जाएगा। जहां बीएलओ बचे हुए वोटर इनफॉरमेशन स्लिप लेकर बैठेगा उन्होंने जिला नियंत्रण कक्ष के लिए हंटिंग लाइन लगवा लेने हेतु उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया। ईटीपीबीएस के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि 19 अक्टूबर तक ईवीएम विधानसभा वार अलग-अलग कर देने का निर्देश दिया गया। स्वीप गतिविधि के संबंध में उप विकास आयुक्त ने बताया कि घर-घर दस्तक कार्यक्रम जीविका दीदियों, सेविका, सहायिका एवं आशा द्वारा करवाया जाएगा। जिला स्तर पर चार-पांच बड़े कार्यक्रम करवाए जाएंगे। बताया गया कि दिव्यांग जनों की रैली निकाली जाएगी।

## दीपावली पर बांटे जायेंगे गाय के गोबर से बने दो लाख दीपक

चंडीगढ़। दीपावली के अवसर पर इस बार चंडीगढ़ के सेक्टर-45 स्थित गोशाला में दो लाख गोबर से बने दीपक तैयार किये गये हैं। इन पर्यावरण अनुकूल दीपकों का वितरण धनतेरस के दिन से शुरू हो गया है। गोशाला का संचालन करने वाली संस्था गौरी शंकर सेवादल के अध्यक्ष सुमित शर्मा ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी लोगों को मिट्टी के दीयों की जगह गोबर से बने दीये इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि घर आंगन को प्राकृतिक रोशनी से जगमगाया जा सके। उन्होंने बताया कि गोशाला में गोबर से तैयार लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियां भी बनायी गयी हैं, जिन्हें श्रद्धालुओं को प्रदान किया जा रहा है। संस्था के उप प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ में इस बार 'इको-फ्रेंडली दिवाली' मनाने का लक्ष्य रखा गया है और अधिक से अधिक लोगों तक गोबर से बने दीये पहुंचाये जा रहे हैं। संस्था के संचालकों ने बताया कि दीपक बनाने के लिए पहले गाय का गोबर एकत्र किया जाता है, फिर उसमें हवन सामग्री जटामांसी पीली सरसों और लाल चंदन का बुरादा मिलाया जाता है।

# साइबर स्पेस में पालन को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए पूरे राज्य की भांति समस्तीपुर जिले में भी आदर्श आचार संहिता लागू है। बदलते डिजिटल युग में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की बढ़ती भूमिका को ध्यान में रखते हुए, आचार संहिता के साइबर स्पेस में पालन को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीएम रोशन कुशवाहा के निर्देशानुसार, डीपीआरओ रजनीश कुमार राय के नेतृत्व में जिला जनसम्पर्क कार्यालय, समस्तीपुर में मीडिया, सोशल मीडिया एवं एमसीएमसी कोषांग की स्थापना की गई है। इस कोषांग में प्रतिनियुक्त शिक्षकों एवं कार्यपालक सहायकों की एक विशेष टीम गठित की गई है, जो प्रतिदिन सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर), व्हाट्सएप, यूट्यूब, स्नैपचैट आदि पर प्रसारित हो रही खबरों, पोस्ट्स और वीडियोज़ की निगरानी कर रही है। नोडल पदाधिकारी रजनीश कुमार राय ने बताया कि कार्यालय प्रधान संजय कुमार, शिक्षक सुभीत कुमार सिंह व कार्यपालक सहायक रोहित कुमार के नेतृत्व में ल्रहमारी टीम लगातार यह सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर भ्रामक, आपत्तिजनक या पेड न्यूज़ प्रकाशित न हो।निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी मतदाता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार का प्रलोभन (वित्तीय या अन्य) नहीं दिया जा सके।

# बिहार विधानसभा चुनाव: आदर्श आचार संहिता को लेकर सोशल मीडिया पर सतत निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित होने वाली गतिविधियों की निगरानी राखी जा रही है। आर्थिक अपराध इकाई के सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया से संबंधित दिशा निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप निरंतर कार्रवाई की जा रही है। आर्थिक अपराध इकाई के द्वारा अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई है। आर्थिक अपराध इकाई द्वारा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तीन शिफ्टों में की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भ्रामक या आचार संहिता उल्लंघन संबंधी सामग्री पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। किसी भी सोशल मीडिया ग्रुप में अवैधानिक, आपत्तिजनक या भड़काऊ सामग्री पाए जाने पर, ग्रुप एडमिन एवं सक्रिय सदस्यों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिन हैंडल या प्लेटफॉर्म पर बार-बार भ्रामक, असत्य या भड़काऊ सामग्री पाई जा रही है, उन्हें निरंतर निगरानी सूची में रखा गया है और बार बार दुहराने की स्थिति में ब्लॉक करने की कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि अभी तक सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, भ्रामक, भड़काऊ पोस्ट, 22 लिंक के 14 संचालक के विरुद्ध कुल 6 प्राथमिकी दर्ज की गयी है व आचार संहिता के उल्लंघन, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम एवं आई0टी0 एक्ट के सुसंगत धारा का उपयोग किया गया है। जिनपर विधि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। कुल 100 आपत्तिजनक पोस्टों, संचालक, लिंक के विरुद्ध सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा यूट्यूब आदि को नोटिस भेज कर इनको हटाने हटाने, लॉक करने की कार्रवाई की गयी है। कुल 135 सोशल मीडिया हैंडल्स, प्रोफाईल की पहचान की गई है, जिन्हें निरंतर निगरानी में रखा गया है, जिनमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, 40 संचालक, 28 यूट्यूब चैनल एवं डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं। 77 विभिन्न सोशल मीडिया प्रोफाइल शामिल हैं। आर्थिक अपराध इकाई ने आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक एवं संयमित उपयोग करे।

# दिल्ली में विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत 500 से अधिक जीवीपी स्थलों पर होगा निरीक्षण

■ दिल्ली नगर निगम के महापौर, उपमहापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष व नेता सदन के नेतृत्व में चलेगा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने राजधानी की सड़कों और गलियों से कूड़े के ढेरों को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने बताया कि इस अभियान के तहत दिल्ली के सभी जोनों में 517 गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट (जीवीपी) स्थलों पर प्रतिदिन स्वच्छता निरीक्षण किया जाएगा। इस अभियान का



नेतृत्व दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह, उपमहापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, स्थायी समिति उपाध्यक्ष सुंदर तंवर, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा और डेम्स समिति अध्यक्ष संदीप कपूर करेंगे। इनके साथ सभी जोनों के अध्यक्ष और निगम के अधिकारी रोजाना सुबह निरीक्षण पर निकलेंगे। महापौर राजा इकबाल सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा रखना हमारा सामूहिक कर्तव्य है। इस दिशा में नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है। नेता सदन प्रवेश वाही ने बताया कि दिल्ली के 12 जोनों में 517 ऐसे स्थानों की पहचान की गई है जहां नियमित रूप से कूड़ा इकट्ठा हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का लक्ष्य है हर वार्ड, हर जोन और हर सड़क को साफ-सुथरा और कूड़ा-मुक्त बनाना। नेता सदन ने कहा कि निरीक्षण के दौरान अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कूड़ा किन कारणों से जमा होता है और उसकी रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

साथ ही, हर दिन की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर निगम मुख्यालय और दिल्ली सरकार को भेजी जाएगी। प्रवेश वाही ने बताया कि जीवीपी स्थलों को न केवल साफ किया जाएगा, बल्कि उन पर पौधे लगाकर आकर्षक रूप में विकसित किया जाएगा ताकि दोबारा लोग वहां कूड़ा न डालें।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063